दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
■ Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 260 | जयपुर | गुरुवार ,24 जुलाई, 2025 | श्रावण, कृष्ण पक्ष-अमावस्या संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## संक्षिप्त समाचार

### चीनी पर्यटकों को 5 साल बाद फिर वीजा देगा भारत




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/बीजिंग ( एजेंसी )।** भारत सरकार अब चीनी पर्यटकों को फिर से वीजा देने जा रही है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक भारत पांच साल बाद ये सेवा फिर से शुरू करेगा। कोरोना काल के बाद यह सर्विस बंद हो गई थी। इसके बाद जून 2020 में हुए गलवान संघर्ष ने दोनों देशों के रिश्तों को और खराब कर दिया था। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की है। दूतावास ने बताया कि यह प्रक्रिया 24 जुलाई 2025 से शुरू होगी। इस जानकारी को चीन की सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने भी प्रकाशित किया है, जिसमें कहा गया है कि भारतीय दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वीबो पर इस संबंध में जानकारी साझा की है।भारतीय दूतावास ने कहा है कि चीन के लोग अब भारत घूमने के लिए वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें सबसे पहले ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरना होगा। फिर वेबसाइट पर जाकर अपॉइंटमेंट लेना होगा।इसके बाद उन्हें अपने पासपोर्ट और जरूरी दस्तावेज लेकर वीजा केंद्र जाना होगा। ये वीजा केंद्र बीजिंग, शंघाई और ग्वांगझू जैसे शहरों में हैं, जो दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत में आते हैं। वहां जाकर वे अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

### गाजियाबाद में नकली दूतावास खोला, 4 फर्जी देश बनाए



हर्षवर्धन जैन, आरोपी

बढ़ता राजस्थान

**गाजियाबाद ( एजेंसी )।** यूपी के गाजियाबाद में फर्जी दूतावास का खुलासा हुआ है। स्ज्ञस्न ने मंगलवार को छापा मारकर हर्षवर्धन जैन को अरेस्ट किया। उसके पास से वीआईपी नंबर वाली 4 लग्जरी गाड़ियां जब्त की गई हैं। इसके साथ ही अलग-अलग देशों और कंपनियों की 34 मोहरें भी मिली हैं। इसके अलावा, विदेश मंत्रालय की मोहर लगे नकली पेपर्स और 44.70 लाख रुपए नकद भी बरामद किए गए। एसटीएफ एसएसपी सुशील घुले ने बताया- हर्षवर्धन केबी 35 कविनगर में किराए का मकान लेकर अवैध रूप से 'वेस्ट आर्कटिक दूतावास' चला रहा था। वह खुद को वेस्ट आर्कटिक, सबोरगा, पुलावाविया, लोडोनिया देशों का कॉन्सुल एंबेसडर बताता है। हालांकि इन नामों का कोई देश दुनिया में नहीं है।उन्होंने बताया- हर्षवर्धन डिप्लोमेटिक नंबर प्लेट लगी गाड़ियों से चलता था। लोगों को प्रभावित करने के लिए प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और कई अन्य बड़े लोगों के साथ अपनी मॉर्फ की हुई फोटो का इस्तेमाल करता था। उसका मुख्य काम कंपनियों और प्राइवेट व्यक्तियों को बाहर के देशों में काम दिलाने के नाम पर दलाली करना और शेल कंपनियों के जरिए हवाला रैकेट चलाना था।हर्षवर्धन के पास से दो फर्जी प्रेस कार्ड, दो फर्जी पैन कार्ड, माइक्रोनेशन देशों के 12 डिप्लोमेटिक पासपोर्ट, कई देशों की विदेशी मुद्रा, विभिन्न कंपनियों के दस्तावेज और 18 डिप्लोमेटिक नंबर प्लेट भी बरामद की गई हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में होगी महाबहस

## तारीख भी तय, प्रधानमंत्री भी हो सकते हैं शामिल

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** एएनआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, राज्यसभा की कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बुधवार को बैठक हुई, जिसमें 29 जुलाई को उच्च सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा कराने का निर्णय लिया गया। बुधवार को विभिन्न रिपोर्टों में कहा गया है कि अगले मंगलवार, 28 जुलाई को संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होने की संभावना है। सरकार ने चालू मानसून सत्र में दोनों सदनों में विशेष चर्चा के लिए 16 घंटे का समय आवंटित किया है। सोमवार यानी 28 जुलाई को चर्चा लोकसभा से होगी वहीं, राज्यसभा में मंगलवार, 29 जुलाई को ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी। रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह के बोलने की उम्मीद है, जबकि विपक्ष ने प्रधानमंत्री से इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर सदन और राष्ट्र को संबोधित करने की मांग की है।एएनआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, राज्यसभा की कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बुधवार को बैठक हुई, जिसमें 29 जुलाई को उच्च सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा कराने का निर्णय लिया गया। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि आम सहमति बनने के बाद अगले हफ्ते लोकसभा में एक विशेष चर्चा शुरू होने की संभावना है, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर पर 16 घंटे का समय दिया जाएगा। विपक्षी दलों ने यह भी माँग की है कि ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान प्रधानमंत्री मोदी मौजूद रहें। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम कराने का श्रेय लिया, जिस पर विपक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। कांग्रेस ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि ट्रंप अपने दावों को 25 साल पूरे कर चुके हैं - पिछले 73 दिनों में 25 बार दोहरा चुके हैं, जबकि प्रधानमंत्री मोदी पूरी तरह से चुप हैं और उन्हें केवल विदेश यात्रा करने और देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं को अस्थिर करने का समय मिल रहा है।

## चौथी बार यूके यात्रा पर रवाना हुए प्रधानमंत्री

### किंग चार्ल्स से करेंगे मुलाकात

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन यात्रा भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करने पर केंद्रित है, जिसकी झलक तीन साल की बातचीत के बाद भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर से मिलती है। यह एफटीए ब्रिटेन को होने वाले 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर टैरिफ़ हटा देगा और 90प्रतिशत ब्रिटिश उत्पादों पर टैरिफ़ कम करेगा, जिसका लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 60 अरब डॉलर से दोगुना करना है। इससे भारत को व्हिस्की और कारों का ब्रिटिश निर्यात भी आसान हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को यूनाइटेड किंगडम और मालदीव की दो देशों की यात्रा पर रवाना हुए। प्रधानमंत्री 23 से 24 जुलाई तक यूनाइटेड किंगडम की यात्रा पर रहेंगे। इसके बाद, वे 25 से 26 जुलाई तक मालदीव की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन यात्रा भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करने पर केंद्रित है, जिसकी झलक तीन साल की बातचीत के बाद भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर से मिलती है। यह एफटीए ब्रिटेन को होने वाले 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर टैरिफ़ हटा देगा और 90त्न ब्रिटिश उत्पादों पर टैरिफ़ कम करेगा, जिसका लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 60 अरब डॉलर से दोगुना करना है। इससे भारत को व्हिस्की और कारों का ब्रिटिश निर्यात भी आसान हो जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ व्यापार, रक्षा, जलवायु, नवाचार और शिक्षा जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा करेंगे और राजा चार्ल्स तृतीय से भी मिलेंगे। दोनों देश रक्षा और सुरक्षा सहयोग, जिसमें सैन्य आदान-प्रदान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तथा सेमीकंडक्टर पर सहयोग शामिल है, पर चर्चा करेंगे। पीएम मोदी 25-26 जुलाई को मालदीव की अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के साथ व्यापक वार्ता करेंगे और द्वीपीय राष्ट्र में भारत द्वारा सहायता प्राप्त कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री 26 जुलाई को मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

## गहलोत बोले- देश से लोकतंत्र खत्म हो रहा है

### धनखड का इस्तीफा संकेत है ,संवैधानिक संस्थाओं को खत्म करने की शुरुआत

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के इस्तीफे को लेकर केंद्र सरकार और बीजेपी पर निशाना साधा है। गहलोत ने कहा- जगदीप धनखड़ 15 दिन पहले तक कह रहे थे कि 2027 तक पर रहूंगा। आखिर ऐसा क्या दबाव पड़ा, ऐसा क्या हुआ कि इस्तीफा देना पड़ा। धनखड़ का स्वास्थ्य ठीक है, किस दबाव में इस्तीफा दिया। यह तो वो खुद बताएंगे या उनकी अंतरात्मा जाने उन्होंने कहा- यह जो हम बार-बार कहते हैं कि देश से डेमोक्रेसी खत्म हो रही है। मैं बार-बार बोल रहा हूं कि लोकतंत्र खत्म हो रहा है। यह घटना उसी का संकेत है। गहलोत प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में परसराम मदेरणा की जयंती पर श्रद्धांजलि देने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

गहलोत ने कहा- धनखड़ का बहुत अच्छा स्वास्थ्य है। उनके दबाव में काम करने की बात मैंने कही थी। मैंने कहा था लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा सभापति दोनों दबाव में काम कर रहे हैं, यह मैंने जोधपुर में कहा था। धनकड़ साहब ने जयपुर में पूर्व विधायकों के संगठन के कार्यक्रम में इसका जवाब देते हुए कहा था न दबाव में काम करता हूं, न किसी को दबाव में रखता हूं। यह जुमला वापस बोला था, वो अलग बात है। अब जो इस्तीफा हुआ है, तब मेरा यह बयान था कि दबाव में काम करते हैं। कहीं तो लिंक होगा, यह तो धनकड़ साहब जाने या उनकी अंतरात्मा जाने।

गहलोत ने कहा- धनखड़ साहब यहां बोल भी गए कि दबाव में नहीं हूं और स्वस्थ भी हूं। मेरे बारे में कह दिया कि मेरे पुराने मित्र हैं, हमारे बचपन से संबंध है। धनखड़ साहब ने कुछ दिन पहले कहा था कि 2027 तक उपराष्ट्रपति रहूंगा, कोई दैवीय शक्ति आ जाए तो अलग बात है। जो व्यक्ति 15 दिन पहले यह कह रहा है कि 2027 तक रहूंगा, क्या कारण है कि अचानक उनका इस्तीफा हो गया। यह जो हम बार-बार कहते हैं कि देश से डेमोक्रेसी खत्म हो रही है। गहलोत ने कहा- धनखड़ साहब का इस्तीफा जिस तरह हुआ है, जिस तरह जांच एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है। चुनाव आयोग दबाव में काम कर रहा है। बिहार में खुला नाच हो रहा है। अब वोटर लिस्ट में से ही वोटर को काटेंगे। अपने खुद की सोच लो तो कैसे डेमोक्रेसी चलेगी? महाराष्ट्र में क्या हुआ एकतरफा जीत गए।

**जब तक आम लोग आगे नहीं आएंगे आरएसएस-बीजेपी की दादागिरी चलती रहेगी**

गहलोत ने कहा- केवल राजनीतिक दलों के आगे आने से ही काम नहीं चलेगा।

खाली राजनीतिक दल ही जिम्मेदार नहीं, आम जनता की भी जिम्मेदारी है, वो भी साथ निभाएं। सच्चाई जिसके साथ है, उसका साथ दें। सच्चाई विपक्ष के साथ है तो विपक्ष का साथ दें। सरकार के साथ है तो उसका साथ दें।

#### धनखड़ मामले में कांग्रेस का स्टैंड पहले भी सही था और अब भी सही है

गहलोत ने कहा- धनखड़ मामले में कांग्रेस का स्टैंड बिल्कुल साफ है। डिबेट भी चलती है कि कांग्रेस पहले पहले अविश्वास प्रस्ताव लेकर आई। कांग्रेस को शिकायत भी थी। अब कांग्रेस नेता उन्हें समझाने की पैरवी कर रहे हैं, यह बहस चल रही है। मैं इस राय का हूं कि कांग्रेस पहले भी ठीक थी। अब भी ठीक है। कांग्रेस का दोनों ही वक्त स्टैंड सही है।

#### जिस प्रकार से इस्तीफा हुआ है उसको लेकर कांग्रेस को शिकायत है

गहलोत ने कहा- अब जिस प्रकार से इस्तीफा हुआ है, उसको लेकर कांग्रेस को शिकायत है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ये संवैधानिक पद होते हैं। इनकी एक अलग गरिमा है। हम मानते हैं कि धनखड़ साहब का स्वास्थ्य ठीक है। मेरी धारणा यह है। अब वह खुद बोलेंगे तो बताएंगे? मेरी दृष्टि में उनका स्वास्थ्य ठीक था। दिन भर काम भी किया अचानक क्या हुआ कि शाम को इस्तीफा हो गया, पूरा देश चौंक गया कि यह क्या हुआ? यह नौबत क्यों आई?उपराष्ट्रपति पद की गरिमा है, इसका और तरीका भी निकाला जा सकता था। पता नहीं धनकड़ साहब रहना चाहते थे या नहीं रहना चाहते थे। बीजेपी हाईकमान या आरएसएस को ही पता है। लेकिन अच्छे ढंग से रास्ता निकल सकता था। अब जिस प्रकार की खबरें आ रही हैं, कहा जा रहा है खड़गे साहब को बोलने के लिए मौका दे दिया। इस वजह से उन पर दबाव पड़ा या मजबूर कर दिया गया, यह उचित नहीं है। इसलिए कांग्रेस उन बातों को समर्थन करती है।

## ट्रेनों में 15 रुपए का पानी 20 में बेच रहे-ठंडा नाश्ता परोसा जा रहा, वंदे भारत में कप खराब मिले; आईआरसीटीसी ने की छापेमारी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स )।** ट्रेन में 15 रुपए की पानी की बोतल 20 रुपए में बेची जा रही है। ठंडा नाश्ता परोसा जा रहा है। ट्रेनों में सामान के ज्यादा पैसे लेने और अन-अथॉराइज्ड ब्रांड बेचने वालों पर IRCTC ने कार्रवाई की है।अलग-अलग वेंडर के खिलाफ 25 हजार रुपए से ज्यादा का जुर्माना लगाने के लिए रेलवे मंडल को लिखा है। यह कार्रवाई 21 जुलाई से शुरू हुई है। दो दिन (21-22 जुलाई) में अजमेर, जयपुर, जोधपुर स्टेशन पर 23 ट्रेन में जांच की गई। दरअसल, आईआरसीटीसी ने ट्रेन और स्टेशन पर यात्रियों को शुद्ध भोजन व रेल नीर मुहैया कराने के लिए 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान शुरू किया है। इसमें बिना अनुमति के ब्रांड का पानी और मिल्क प्रोडक्ट्स पकड़े गए।वहीं, वंदे भारत ट्रेन में चाय के लिए दिए जाने वाले कप खराब क्वालिटी के मिले। इनमें कई जगह सामान जब्त किया गया और संबंधित वेंडरों पर कार्रवाई की गई।

महाप्रबंधक मुकेश सैनी ने बताया- हमें 'रेल मदद' ऐप और ट्विटर पर यात्रियों की ओर से लगातार शिकायतें मिल रही थीं। हमने 1 से 20 जुलाई के बीच आई शिकायतों का विश्लेषण किया।इसमें मुख्य रूप से चार तरह की शिकायतें सामने आईं। ट्रेनों में बिना मंजूरी का पानी बेचा जाना, अनधिकृत वेंडिंग, तय रेट से अधिक पैसा वसूलना और खाने की गुणवत्ता में कमी।

## जयपुर में तीज की सवारी हेलिकॉप्टर से देख सकेंगे-26 और 27 जुलाई को होगी राइड, शहर की खूबसूरती देखने का मौका मिलेगा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में तीज महोत्सव के मौके पर हेलिकॉप्टर जॉय राइड की शुरुआत की जा रही है। इसमें सफर कर आप तीज माता की ऐतिहासिक सवारी और जयपुर के ऐतिहासिक पर्यटक स्थलों के साथ अरावली की खूबसूरत वादियों को नजदीक से एरियल व्यू के जरिए निहार सकेंगे।दरअसल, जयपुर में तीज महोत्सव के मौके पर ऐवन हेलिकॉप्टर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जॉय राइड की शुरुआत की जा रही है। दो दिन तक चलने वाली इस स्पेशल जॉय राइड में सफर कर पर्यटक न सिर्फ ऐतिहासिक तीज महोत्सव बल्कि, जयपुर के प्रमुख पर्यटक स्थल और मानसून में अरावली की खूबसूरती का एरियल व्यू निहार सकेंगे।

जयपुर के सिरसी रोड स्थित अलंकार कॉलेज में 26 और 27 जुलाई को जयपुर हेलिकॉप्टर जॉय राइड की टेक ऑफ और लैंडिंग करवाई जाएगी। 26 जुलाई को पहले दिन यह राइड सुबह 10 से शाम 4 बजे तक होगी। जबकि 27 जुलाई को दूसरे दिन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक राइड होगी।हेलिकॉप्टर राइड को दो कैटेगरी में बांटा गया है। इसमें फर्स्ट कैटेगरी में टूरिस्ट 14,999 रुपए देकर जयपुर के वॉल सिटी में निकलने वाली ऐतिहासिक तीज माता की सवारी को देख सकेंगे। साथ ही ओल्ड सिटी, नाहरगढ़, जल महल, गढ़ गणेश, जयगढ़ के साथ ही आमेर और मानसून में अरावली की हरी भरी वीडियो का एरियल व्यू देख सकेंगे। दूसरी कैटेगरी उन लोगों के लिए है, जो हेलिकॉप्टर में सफर कर अपनी ख्वाहिश को पूरा करना चाहते हैं।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. ) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि़बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसु,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

## पाताली हनुमान मंदिर पर भागवत कथाशुरू निकाली कलश यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** शहर के मुख्य डाकघर के समीप स्थित पाताली हनुमान मंदिर पर बुधवार से आयोजित श्री



मद भागवत कथा के उपलक्ष्य में कलश यात्रा निकाली गई।जिसमें काफी संख्या में महिलाए कलश धारण किए शामिल रही।मंदिर के महंत शैलेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि सुसज्जित घोड़ा बग्गी पर कथा वाचक डॉ कृष्ण व्यास पाठक विराजमान रहे।उन्होंने बताया सुबह करीब 10 बजे मंदिर परिसर से पूजन के बाद कलश यात्रा शामिल शुरु हुई। यात्रा का रूट बयाना रोड, जैन मंदिर रोड जगदंबा मार्केट तहसील रोड होकर गुजरी यात्रा में बड़ी संख्या में महिला कलश लेकर शामिल रही कलश यात्रा बैंड बाजों के साथ आयोजित हुई।महिलाए भजनों पर थिरकती हुई चल रही थी।वही अग्रिम पंक्ति में युवा ध्वज लिए चल रहे थे।कलश यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

## आधुनिक युग में रिश्तें सुबह-शाम बदलते रहतेःआचार्य श्री ज्ञानेश

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** न्यू भूपालपुरा में स्थित अरिहंत भवन में विराजित अरिहंत भवन में आचार्य प्रवर ज्ञानचंद महाराज ने आज की धर्म सभा में बोलते हुए कहा कि रिश्तों की अपनी उम्र होती है,कुछ मरने तक चलते हैं, कुछ जीते जी मर जाते हैं। आधुनिक युग के रिश्ते जीते जी भी चलते नजर नहीं आते हैं। सुबह रिश्ता कुछ और होता है शाम को कुछ और नजर आता है। आए दिन तलाक तो होते ही रहते हैं। जहां खून के रिश्ते हैं, वहां भी भाई-भाई का दुश्मन बन जाता है। आज बस एक ही रिश्ता अधिक रह गया है, वो है दौलत का। दौलत के पीछे सारे रिश्ते फैल हो गए। कुछ ही रिश्ते हैं जो मृत्यु पर्यन्त चलते हैं। लेकिन शास्त्रीय दृष्टि से अच्छे और बुरे कार्यों में रिश्ते भव भव तक चलते हैं। यह बात जैन, बौद्ध, वेदांत सभी आस्तिक दर्शनों को मंजूर है। आप जिसके जान से प्यार थे या जिनको अपने जान से ज्यादा चाहते रहे हैं, वह कब बदल जाते हैं, पता नहीं चलता। इसलिए रिश्तो

## हरियाली अमावस्या का पर्व धूम धाम से मनाया

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** बुधवार को आदर्श विद्या मंदिर प्राथमिक विद्यालय रावतभाटा में हरियाली अमावस्या का पर्व धूम



धाम से मनाया गया। शिशु वाटिका आचार्य नीतू सक्सेना ने बताया है कि सावन माह कृष्ण पक्ष तिथि को मासिक शिवरात्रि मनाई जाती है हरियाली अमावस्या के बारे में जानकारी दी एवं प्रकृति सौंदर्य का महत्व बताया एवं इस दिन मीठे-मीठे व्यंजन भी बनाए जाते हैं। समाजसेवी दीपक राठौर की ओर से भैया बहनों को मुंह मीठा करवाया गया। उत्सव जयंती प्रभारी विशाखा टेलर ने बताया कि सावन माह के पावन अवसर पर शिवलिंग का निर्माण किया गया तथा पूजा व अभिषेक करवाया गया। हरियाली अमावस्या के कार्यक्रम में समता गुप्ता, सुनीता मल्ल, मनीषा गोसर, राजवंती कुमावत, प्रिया चौहान, लक्ष्मी माली,ज्योति जैन का विशेष सहयोग रहा।

## भूतनाथ मंदिर में भगवान भोलेनाथ को पवित्र गंगा जल से अभिषेक करवाया

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे में जोहडा धाम के बाबा भूतनाथ मंदिर कमेटी की ओर से हरिद्वार से 31वीं एवं गंगोत्री से तीसरी कावड़ यात्रा लाई गई है। इस मौके पर मंगलवार को कस्बे के प्रमुख रास्तों से शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें इस दल में शामिल सभी 45 कावड़ यात्रियों पर जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।




बुधवार को मंदिर महंत जयराम दास त्यागी महाराज के सान्निध्य में भगवान भोलेनाथ को पवित्र गंगा जल से अभिषेक करवाया गया। इस मौके पर मंदिर प्रांगण में मंत्रोच्चारण, आरती और शंखनाद की गूंज से आसमान में एक दिव्य और आध्यात्मिक वातावरण और मंदिर प्रांगण में भक्तिमय माहौल बना रहा। इस अवसर पर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य मामराज भण्डारी, दिनेश शर्मा, रामावतार शर्मा, मालीराम बाड़ीगर, गंगाधर मीणा, रवि स्वामी, धर्मेंद्र बटवाल, सुरेन्द्र चौधरी, विनोद सैन, पवन सैनी, महेन्द्र प्रजापत, राकेश सैनी, ईश्वर यादव, जमन राठी, नरेश मीणा, कैलाश यादव, जगन चौधरी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखने को मिली। रण को गूंजायमान कर रखे थे।

## कार्यग्रहण नहीं करने वाले 3 बीएलओ को किया गया निलंबित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** निर्वाचन संबंधी कार्य में लापरवाही बरतने एवं बीएलओ ड्यूटी ज्वाइन नहीं करने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जयपुर के झोटवाड़ा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी डॉ. एल. एन. बुनकर ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले 3 बीएलओ को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 व धारा 13 13 (सी) (सी) की प्रदत्त शक्तियों के तहत एवं राजस्थान सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 13 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी डॉ. एल. एन. बुनकर ने बताया कि अध्यापक श्री अभिलेश योगी, शारीरिक शिक्षक श्री सुरेन्द्र चौधरी, श्रीमती संतोष बुढ़ानिया को बूथ लेवल अधिकारी नियुक्त किया जाकर कार्यग्रहण हेतु आदेशित किया गया था। उक्त कार्मिकों द्वारा उपस्थित नहीं होने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर पुनः कार्यग्रहण हेतु आदेशित किया गया था, चुनाव लिपिक, संबंधित सुपरवाइजर एवं ईआरओ द्वारा कई बार-बार दूरभाष पर निर्देशित किये जाने के बावजूद उक्त कार्मिकों द्वारा चुनाव जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में, घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई है। जिससे निर्वाचन का कार्य बाधित हुआ है। डॉ. एल. एन. बुनकर ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अवहेलना एवं राष्ट्रीय महत्ता के कार्य के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता एंव अनुशासनहीनता के चलते अध्यापक श्री अभिलेश योगी, शारीरिक शिक्षक श्री सुरेन्द्र चौधरी, श्रीमती संतोष बुढ़ानिया को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है।

# ज्ञानदीप बीएड महाविद्यालय पर छात्रों ने लगाया अवैध वसूली का आरोप, तीन विद्यार्थियों को परीक्षा से रखा वंचित

बढ़ता राजस्थान



देवली (गोविंद सिंह सेठी)। निकटवर्ती हनुमान नगर थाना क्षेत्र के ज्ञानदीप बीएड महाविद्यालय एक बार फिर विवादों में घिर गया है। महाविद्यालय प्रशासन की कथित हठधर्मिता के चलते बीएड द्वितीय वर्ष के तीन छात्रों को अंतिम लेसन की परीक्षा से वंचित कर दिया गया। छात्रों का आरोप है कि उनसे परीक्षा देने के नाम पर 1850 रुपये की अवैध मांग की गई थी। जिसे उक्त तीन छात्रों ने देने से इनकार कर दिया छात्रों के इनकार करने पर ज्ञानपीठ महाविद्यालय प्रशासन ने उन्हें परीक्षा में बैठने से रोक दिया गया। परीक्षा से वंचित रहे

विद्यार्थियों का कहना है कि महाविद्यालय प्रशासन ने यह राशि फाइनल लेशन के नाम पर मांगी थी जबकि एनसीटीई और शिक्षा निदेशालय के नियमों में इस प्रकार के किसी शुल्क का कोई उल्लेख नहीं है। छात्रों ने ज्ञानपीठ महाविद्यालय प्रशासन पर जबरन वसूली का आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर भीलवाड़ा को 27 जून को एक लिखित शिकायत दी,। लेकिन जिला कलेक्टर भीलवाड़ा ने भी उक्त छात्रों के साथ हो रही मनमानी पर ध्यान नहीं दिया और छात्रों से प्राप्त लिखित शिकायत को रद्दी की टोकरी में डाल दिया । ऐसे हालातो की जानकारी मिलने पर जब जिला कलेक्टर भीलवाड़ा से फोन पर संपर्क किया तो भीलवाड़ा जिला कलेक्टर ने कई बार फोन करने के बाद भी मीडिया का फोन रिसीव करना उचित नहीं समझा इसी प्रकार जहाजपुर उपखंड अधिकारी रामकेश मीणा को भी छात्रों ने फोन करके उक्त मामले की जानकारी से अवगत कराया ऐसे में उपखंड अधिकारी ने छात्रों को राहत पहुंचाने की बजाय छात्रों से का दल की 1850 रुपए विद्यालय में जमा कराकर परीक्षा मैं बैठ जाएं छात्रों ने यह जानकारी मीडिया को दी ऐसे में मीडिया ने उपखंड अधिकारी जहाजपुर को कई मर्तबा फोन किया परंतु जहाजपुर उपखंड अधिकारी ने मीडिया के फोन को रिसीव करना तक उचित नहीं समझा और उक्त मामले को जानते हुए भी खामोश बने रहे।

ऐसे में छात्रों के द्वारा की गई शिकायत पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जिसके कारण तीन छात्र महाविद्यालय की बी ई डी परीक्षा देने से वंचित रह गए और ज्ञानपीठ महाविद्यालय नियम विरुद्ध 1850 रुपए की राशि लेने की हटधर्मिता पर अड़ा रहा ।

गौरतलब है कि आज के लगभग 2 साल पहले ज्ञानपीठ महाविद्यालय में ऐसे ही अवैध वसूली किए जाने का मामला समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ था। ज्ञानपीठ महाविद्यालय के छात्र मेवालाल प्रजापत किसान पुत्र,कुंदन रेगर हमाल पुत्र ने आरोप लगाया कि महाविद्यालय द्वारा पहले भी रिपोर्टिंग के समय 6000 रुपए की राशि दबाव बनाकर वसूली गई थी।, जिसकी उन्हें कोई रसीद भी नहीं दी गई। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि कॉलेज में एनसीटीई के नियमानुसार सिर्फ एक ही शिक्षक कार्यरत है,।

जबकि पढ़ाए जाने वाले विषयों की संख्या 9 है। साथ ही कक्षा में मात्र 11 छात्र ही नियमित रूप से उपस्थित रहते हैं।, ऐसे में महाविद्यालय प्रशासन द्वारा 50 विद्यार्थियों की उपस्थिति कैसे दर्शाई जा रही है।यह गंभीर जांच का विषय है। इस मामले में जब स्कूल प्रशासक से संपर्क करना चाहा तो कई बार मोबाइल पर फोन करने के बावजूद स्कूल प्रशासन ने मीडिया का फोन रिसीव करना उचित तक नहीं समझा और मामले में कुछ भी कहने पर खामोशी बनाई रखी।

जानकारी के अनुसार फाइनल लेसन तथा बीएड की सभी परीक्षाओं का शुल्क विधार्थी यूनिवर्सिटी को ऑनलाइन माध्यम से जमा करवा चुके हैं।

तथा महाविधालय द्वारा मांगे जाने वाले 1850 रूपए शुल्क का युनिवर्सिटी स्कुस, राजस्थान कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय,जयपुर व हृष्टञ्श्व दिल्ली के नियमो में कोई प्रावधान नहीं है।

इस अवैध वसूली और मनमानी पर महाविद्यालय के विरुद्ध छात्रों ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें इस अवैध शुल्क से राहत दिलाई जाए और परीक्षा में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जाए। वहीं, कॉलेज प्रशासन की ओर से इस पूरे मामले में अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो परीक्षा से वंचित उक्त छात्र उच्च शिक्षा विभाग व न्यायालय की शरण लेंगे।

## पुष्कर के भराव क्षेत्र में मिला एक व्यक्ति का शव

### सुबह पानी में तैरता हुआ आया नजर

### सिविल डिफेंस टीम ने रेस्क्यू करके निकाला

बढ़ता राजस्थान



अजमेर (घनश्याम दास)। अजमेर जिले की धार्मिक नगरी पुष्कर के नाला क्षेत्र में बुधवार की सुबह अज्ञात एक अधेड़ का तैरता शव नजर आने पर खेतों में काम कर रहे स्थानीय किसानों की सूचना पर सिविल डिफेंस टीम ने मौके पर पहुंचकर डूबे हुए अज्ञात व्यक्ति के शव को पानी से निकालकर पुलिस एवं एंबुलेंस की सहायता से पुष्कर अस्पताल पहुंचाया।सिविल डिफेंस टीम के किशन गोपाल जाट ने बताया कि जब शव को निकालने गए तब व्यक्ति के हाथ में प्लास्टिक के कचरे का थैला था जिससे यह ज्ञात होता है कि यह व्यक्ति मंगलवार की शाम को या रात्रि में कचरा बिनने के दौरान पानी को पार करने की कोशिश में वहीं गिरने के कारण डूबने से मौत हो गई है सिविल डिफेंस टीम के राधेश्याम माली,अमरचंद सांखला,भूपेंद्र सिंह रावत एवं नरेंद्र सिंह रावत ने युवक को निकालने में सहायता की ।पुलिस ने शव को पुष्कर अस्पताल के चीर घर में रखवाकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हे।

## अजमेर जिला स्वच्छ भारत मिशन प्रबंधन समिति की बैठक बुधवार को जिला कलक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में हुई आयोजित

बढ़ता राजस्थान

अजमेर (घनश्याम दास)। 23 जुलाई को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जिला स्वच्छ भारत मिशन प्रबंधन समिति की बैठक बुधवार को जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें वर्ष 2025-26 के लिए प्राप्त सामुदायिक शौचालय निर्माण के प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में सामुदायिक शौचालय प्रस्तावों को समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। इन प्रस्तावों में विभिन्न पंचायत समितियों जैसे कि किशनगढ़, मसूदा, पुष्कर, नसीराबाद, केकड़ी, भिनाय, श्रीनगर आदि से प्राप्त प्रस्ताव शामिल थे।

जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने शौचालय निर्माण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसमें समस्त विकास अधिकारियों को शत प्रतिशत शौचालय स्वीकृति जारी कर निर्माण प्रगति बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही वर्ष 2025-26 के लक्ष्यानुसार आवंटित कचरा संग्रहण केंद्रों के निर्माण के लिए निर्देशित किया गया।

अजमेर जिला कलक्टर द्वारा जिला स्तर पर स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति की समीक्षा भी की गई तथा अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। श्री लोक बन्धु ने वर्ष 2025-26 के लिए स्वीकृत प्रस्तावों के अनुसार आवंटित बजट के अनुरूप शौचालय निर्माण शीघ्र प्रारंभ करने के लिए संबंधित विकास अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री राम प्रकाश, योजना प्रभारी श्री अविनाश तायल, जिला परियोजना अधिकारी श्री वीजेन्द्र सिंह राठौड़ एवं विभागीय अधिकारी सहित विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

## आधे दर्जन ढाणियों को जोड़ने वाले रास्ते की दुर्दशा, ग्रामीणों में आक्रोश

बढ़ता राजस्थान



पावटा (सुशील कुमार बंसल)। कस्बे स्थित ग्राम भैंसलाना में आसपुरा भट्ठे से ढाणी मंगलदासवाली (भूरीभड़ाज) की ओर नहर के पास बना रास्ता करीब आधा दर्जन ढाणियों को जोड़ता है। यह रास्ता ढाणी धूलसिंह से समदावाली, जानकीदास वाली, जाटों की ढाणी खोखा की ओर से मंगलदासवाली तक जा रहा है, जिसकी लम्बाई करीबन चार से पांच किलोमीटर तक है। समाजसेवी गिरिराज स्वामी ने बताया कि इस रास्ते से प्रतिदिन करीब दो हजार लोगों का आवागमन रहता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के साथ मिलकर इस सड़क निर्माण के लिए ग्राम के सरपंचों सहित क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल को भी कई बार अवगत करवाया गया है, लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस रास्ते की सुध नहीं ली। ग्रामीणों ने बताया कि चुनावों से पहले विधायक हंसराज पटेल ने वादा किया था कि चुनाव में सफलता मिलती है तो पहले बजट में उक्त सड़क की स्वीकृति जारी करवाकर सड़क निर्माण करवाया जायेगा, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। रास्ते में जगह-जगह गड्डों के चलते छोटे बच्चों और राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सड़क निर्माण की मांग की है और चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न, टीबी मुक्त ग्राम पंचायत व स्वास्थ्य सेवाओं पर रहा विशेष जोर

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर कमल राम मीना की अध्यक्षता में आज जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व में हुई बैठक की कार्रवाई की समीक्षा के साथ ही विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में जिला टीबी अधिकारी डॉ. अखिलेश वर्मा द्वारा टीबी मुक्त ग्राम पंचायत कार्यशाला के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि भारत सरकार से प्राप्त 6 प्रमुख इंडिकेटर्स के आधार पर ब्लॉक स्तरीय कार्य योजना तैयार की गई है, जिसके अंतर्गत शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर गांव, शहर और देश को टीबी मुक्त बनाना है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गेहलोत ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत लंबित हेल्थ प्रोफेशनल आईडी, हेल्थ फैसिलिटी आईडी, और समस्त नागरिकों की आभा आईडी बनाने के निर्देश दिए।उन्होंने आरसीएच कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के पूर्ण टीकाकरण को सुनिश्चित करने हेतु वंचित बच्चों की पहचान कर उन्हें टीका लगाने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक माह की 9, 18 और 27 तारीख को गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कराने तथा मां वाउचर योजना के तहत मुफ्त सोनोग्राफी सेवाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

## तलाशना और तराशना के फर्क को समझें:विपुलप्रभाश्री

बढ़ता राजस्थान



उदयपुर (नि.स.)। सूरजपोल स्थित दादाबाड़ी में साध्वी विपुल प्रभा श्रीजी ने कहा कि इस संसार में हर व्यक्ति सीए है, बस मानता कोई नही है।पांच तरह के सीए होते हैं। पहला कम्प्लीट ऐश यानी पूर्ण ऐश करें। जिसके जीवन में धर्म, कर्म, समाज, का कोई अर्थ नहीं। कमाया, खाया, उड़ाया और ऐश किये। आज की युवा पीढ़ी ऐसे ही हो रही है। दूसरी तरह के सीए कम्प्रोमाइज एंड एडजस्टमेंट वाले हैं। ये सब तरह के लोग करते हैं। लड़ाई होना बड़ी बात नही लेकिन लड़ाई को बढ़ावा देना गलत है। समझौता करेंगे तो ही आगे बढ़ेंगे। इसके बिना संसार में चल ही नही सकते।

उन्होंने कहा कि तीसरा सीए यानी कम्प्लीट एक्सेप्टेंस। हम हर चीज में बदलाव चाहते हैं बस खुद में कोई बदलाव नही करना चाहते। अपने हिसाब से बदलाव कर लें। आईना जो है वही बताता है लेकिन उसमें देखकर चेहरा, बाल ठीक करते हैं। जैसा है, वैसा एक्सेप्ट करें। तलाशना और तराशना के फर्क को समझें। चौथा सीए यानी चार्टर्ड अकाउंटेंट। संसार में रहते हुए सबको जरूरत पड़ती है। बैलेंस शीट में एडजस्टमेंट क्या करना है, कैसे करना है उसके लिए इनकी सेवाएं हर वित्त वर्ष में लेते हैं। पांचवां सीए यानी चारित्र आत्मा। ज्ञान को अंगीकार करके परम् तत्व को प्राप्त करना।

साध्वी श्री ने कहा कि एक अन्य तरह का सीए यानी चालाक आदमी। मॉल में गए तो अपने स्टेंडर्ड मानते हुए मोल भाव नाही करते लेकिन वही मंडी में मोल भाव करते हुए बिल्कुल स्टेंडर्ड भूल जाते हैं।

## लगातार दूसरी बार फोर्टी ब्रांच चेयरमैन बने प्रवीण सुथार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) की ओर से लोटस हाईटेक इंडस्ट्रीज उदयपुर के फाउंडर प्रवीण सुथार को फोर्टी ब्रांच चेयरमैन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। फोर्टी कार्यालय में अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने प्रवीण सुथार को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए शुभकामनाएं दी। प्रवीण सुथार को 2025 से 28 तक तीन साल के लिए लगातार दूसरी बार फोर्टी ब्रांच चेयरमैन बनाया गया है। सुरेश अग्रवाल ने कहा कि प्रवीण सुथार ने पिछले कार्यकाल में बेहतर काम किया। फोर्टी की शाखा विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए उन्हें पुनः इस पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रवीण सुथार का कहना है कि फोर्टी प्रदेश की सबसे बड़ी और शीर्ष संस्था है। इसके ब्रांच चेयरमैन के तौर पर देश के सभी प्रदेशों में और विदेशों में शाखाओं का विस्तार कर प्रदेश में भी जिलों की शाखाओं को प्रभावशाली बनाया जाएगा। हमारी इस कार्यकाल में तय किया गया है कि तहसील स्तर पर फोर्टी की शाखाओं का विस्तार करें।

## जिलेवार खेल आयोजनों की योजना बनाएंगे : पठान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** पूर्व राज्य मंत्री एवं पीसीसी महासचिव अमीन पठान ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा खेल प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर यहां सिविल लाइंस स्थित पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आवास पर पहुंचकर उनसे शिष्टाचार मुलाकात की। वहीं उन्होंने कांग्रेस पार्टी द्वारा दी गई इस नई जिम्मेदारी के लिए आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही खेल, खिलाड़ियों व युवाओं के हित में पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करते हुए पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने एवं राजस्थान सरकार द्वारा खेलों और युवाओं के प्रति किए जा रहे कुठाराघात पर सम्पूर्ण राजस्थान में आंदोलन की रूपरेखा पर पर विस्तार से वार्ता की। वहीं पूर्व सीएम गहलोत से अमीन पठान ने खिलाड़ियों व युवाओं के हित में खेल प्रकोष्ठ के माध्यम से जिलेवार खेल आयोजनों की योजना बनाने तथा प्रतिभावान खिलाड़ियों की खोज कर उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए किए जाने वाले कार्यों पर विस्तृत चर्चा कर कार्य योजना बनाने की बात कही। इस दौरान राजस्थान कांग्रेस से खेलों से जुड़े कई युवा, जाने-माने क्रिकेट खिलाड़ी एवं पदाधिकारी मौजूद थे।



## एक दिवसीय जिला स्तरीय फूड फोर्टिफिकेशन ओरिएंटेशन कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** फूड फोर्टिफिकेशन इनिशिएटिव संस्था द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से बुधवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय फूड फोर्टिफिकेशन ओरिएंटेशन कार्यषाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों के लिये आयोजित किया गया। जिसमें उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग सतपाल यादव, जिले के समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, महिला पर्यवेक्षक एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटर ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य जिले में क्रियान्वित विभिन्न पोषण योजनाओं से जुड़े अधिकारियों को खाद्य सुदृढीकरण (फूड फोर्टिफिकेशन) की प्रक्रिया, उपयोगिता, कार्यान्वयन की रणनीति, गेहूं आटे के फोर्टिफिकेशन की तकनीकी जानकारी एवं इसके स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूक करना रहा। इस पहल के माध्यम से कुपोषण की रोकथाम हेतु आहार में आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों की आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़े अधिकारीगण एवं क्षेत्रीय प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता की। यह कार्यशाला फूड फोर्टिफिकेशन इनिशिएटिव संस्था द्वारा राजस्थान के 10 जिलों में आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में संस्था के प्रोजेक्ट लीड डॉ. प्रदीप भल्ला, टेनिक्ल ऑफिसर दीपक पारासर, स्टेट कॉर्डिनेटर पंकज बंसल, कॉर्डिनेटर शुभम ने भी सहभागियों को फूड फोर्टिफिकेशन के बारे में जानकारी दी।



## कोटपूतली के मौ:बड़ाबास में निकली कलश यात्रा, विशाल भंडारे व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के ढाणी तुर्कावाली वार्ड संख्या 24 बानसुर रोड स्थित मौ:बड़ाबास से बुधवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। मासी के भक्तों द्वारा निकाली गई इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। यात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से होती हुई धार्मिक धुनों और जयघोषों के बीच निकली।यात्रा के समापन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर धर्मप्रेमियों की भीड़ उमड़ी रही। कार्यक्रम के अंतर्गत शाम को रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने भक्ति गीतों व लोक नृत्यों से दर्शकों का मन मोह लिया। मासी जयराम ने बताया कि यह आयोजन क्षेत्र में सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर वर्ष किया जाता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में क्षेत्रवासियों का विशेष सहयोग रहा।



# अबू धाबी निवेश प्राधिकरण (एडीआईए) मेरील में 200 मिलियन अमरीकी डॉलर का निवेश करेगा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। अबू धाबी निवेश प्राधिकरण (एडीआईए) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ने माइक्रो लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड में लगभग 3प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 200 मिलियन अमरीकी डॉलर के निवेश के लिए अंतिम समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, जो भारत की प्रमुख चिकित्सा उपकरण कंपनियों में से एक है। इस निवेश से मेरील का मूल्य 6.6 बिलियन अमरीकी डॉलर के एंटरप्राइज वैल्यू पर आंका गया है। यह लेन-देन भारत की प्रतिस्पर्धा आयोग से नियामक अनुमोदन के अधीन है। इस निवेश के बाद, मेरील को एडीआईए और वारबर्ग पिंकस जो कि दोनों ही वैश्विक स्तर पर पहचान प्राप्त निवेशक हैं, का समर्थन प्राप्त होगा।

बिलाखिया समूह द्वारा स्थापित, मेरील एक वैश्विक चिकित्सा प्रौद्योगिकी की नवप्रवर्तक कंपनी है, जो कई विशेषज्ञताओं में - जिनमें कार्डियोवैस्कुलर, स्ट्रक्चरल हार्ट, आर्थोपेडिक्स, एंडो-सर्जरी, इन-विट्रो डायग्नोस्टिक्स और सर्जिकल रोबोटिक्स शामिल हैं - चिकित्सीय रूप से उन्नत समाधानों पर विशेष ध्यान केंद्रित करती है।

संजीव भट्ट, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट -स्ट्रेटेजी, मेरील ने कहा- एडीआईए द्वारा किया गया यह निवेश मेरील की दीर्घकालिक दृष्टि और वैश्विक महत्वाकांक्षाओं में विश्वास को मजबूत करता है। यह निवेश हमें विकास को तेज़ी से बढ़ाने, विश्व-स्तरीय प्रतिभाओं को आकर्षित करने और हमारे अनुसंधान और विकास और नैदानिक अनुसंधान प्रयासों को और अधिक मजबूत करने में मदद करेगा, क्योंकि हम उन्नत स्वास्थ्य देखभाल समाधानों के माध्यम से मानव जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

वापी में अपने प्रमुख कार्यालय के साथ, भारत में स्थित मेरील अत्याधुनिक, वर्टिकली इंटीग्रेटेड और वैश्विक प्रमाणित निर्माण और अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं के साथ एक 100 एकड़ के चिकित्सा प्रौद्योगिकी (स्द्गस्त्रञ्जद्गष्द्ध) परिसर में कार्यरत है। कंपनी 13,000 से अधिक कर्मचारियों को रोजगार देती है, इनकी 35 से अधिक वैश्विक सहायक कंपनियाँ हैं, और 150 से अधिक देशों में स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों की सेवा प्रदान करती है। मेरील विश्व की प्रमुख मेडटेक कंपनी बनने के लिए प्रतिबद्ध है, जो 100प्रतिशत हरित ऊर्जा से संचालित है, और सतत नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

अपनी मजबूत इन-हाउस वैश्विक अनुसंधान और विकास से संबंधित पारिस्थितिकी तंत्र के साथ और 200+ तकनीकी प्लेटफॉर्म्स के अपने पोर्टफोलियो के ज़रिये, मेरील वैश्विक नैदानिक अनुसंधान और शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी है।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में महर्षि चरक जयंती का शुभारंभ

### संहिता एवं मौलिक सिद्धांत विभाग द्वारा 6 दिवसीय चरक जयंती सप्ताह के अंतर्गत आयुर्वेद विद्वान करेंगे आयुर्वेद चिकित्सा पर चर्चा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के संहिता एवं मौलिक सिद्धांत विभाग द्वारा बुधवार, 23 जुलाई को महर्षि चरकाचार्य जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। 6 दिवसीय कार्यक्रम में आयुर्वेद के विद्वान और चिकित्सकों द्वारा आमजन के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद के सिद्धांतों पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा, विशिष्ट अतिथि मीता कोटेचा, प्रो. ओमप्रकाश दाधीच ने किया। उद्घाटन सत्र में प्रो. ओमप्रकाश दाधीच ने प्राणवह स्रोत विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में उन्होंने शारीरिक प्रणाली के प्रमुख स्रोतस (प्राणवह स्रोतस्) की आयुर्वेदिक व्याख्या करते हुए आधुनिक चिकित्सा विज्ञान से उसकी तुलना करते हुए उसकी जानकारी दी। संहिता एवं मौलिक सिद्धांत विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर निशा गुप्ता ने बताया कार्यक्रम में श्लोक-उच्चारण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने शुद्ध संस्कृत उच्चारण एवं स्मृति कौशल का परिचय देते हुए आयुर्वेद श्लोकों का प्रभावशाली पाठ किया ओर चरक संहिता पाठ नामक समानांतर गतिविधि भी आयोजित की गई, इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में पारंपरिक ग्रंथ अध्ययन की रुचि बढ़ाना तथा मौलिक सिद्धांतों की प्रस्तुति की परंपरा को बनाए रखना था। 6 दिन तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में आयुर्वेदिक ज्ञान की गहराई व प्राचीन परंपराओं को नई पीढ़ी से जोड़ने का प्रयास है। कार्यक्रम में विभाग के सभी शिक्षक चिकित्सा एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# जिला स्तरीय सीएसआर समिति की बैठक आयोजित

### जल, पर्यावरण, शिक्षा व स्वास्थ्य पर होगा फोकसः जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी)। जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सीएसआर समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सीएसआर के तहत कंपनियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी योजनाओं पर चर्चा हुई।कलेक्टर ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण व सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएसआर के तहत किए जाने वाले कार्यों का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए।

पर्यावरण संरक्षण पर जोर

कलेक्टर ने कहा कि हरियालो राजस्थान अभियान के तहत कंपनियां वृक्षारोपण, जल स्रोत निर्माण, तालाब, एनिकट, रिचार्ज सॉफ्ट जैसे कार्यों में सहयोग करें।

सहजन के पौधे व चिकित्सा उपकरण

आंगनबाड़ी केंद्रों पर सहजन के पौधे लगाने और चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

सीएसआर कार्ययोजना 7 दिन में दें

एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने कहा कि कंपनियां सीएसआर कार्ययोजना 7 दिन में प्रशासन को भिजवाएं और पिछड़े क्षेत्रों के उत्थान में योगदान दें।बैठक में विभिन्न कंपनियों व विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



# पुलिस थाना सांभरलेक ने अज्ञात चोरी की वारदात का खुलासा कर शातिर चोर बालूराम उर्फ बाल्या उर्फ बोदूराम को किया गिरफ्तार.

### आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया सामान किया बरामद, आरोपी सूने मकानों की रैकी कर वारदात को देता था अंजाम

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** समीपवर्ती सांभरलेक पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी किया हुआ माल बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में लूट,चोरी,आर्म्स एक्ट सहित 23 मामले दर्ज हैं। जानकारी देते हुए जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा डूडी ने बताया है कि परिवादी श्योजीराम पुत्र प्रेमाराम गुर्जर निवासी भादरपुरा ने 22 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज करवायी कि रात्री को अज्ञात चोरों ने मकान के सामने बनी जगह में से एक लोहे की कड़ाई, एक भगोना एवं मकान पर काम करने वाले पत्थर के मिस्त्री अरविन्द कुमावत का सामान जिसकी कीमत करीबन 30 हजार रूपये लगभग है कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया है। आदि रिपोर्ट पर पुलिस थाना सांभरलेक पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

पुलिस कार्यवाही विवरण:- प्रकरण में अज्ञात चोरों को गिरफ्तार कर माल मसरूका बरामद करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व पुलिस उप अधीक्षक सांभरलेक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी सांभरलेक राजेन्द्र कुमार पुलिस निरीक्षक. के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए चोरी की वारदात करने वाले अज्ञात आरोपी की पहचान कर आरोपी बालूराम उर्फ बाल्या उर्फ बोदूराम जाति बावरिया निवासी कच्ची बस्ती बांसडी थाना भांकरोटा जिला जयपुर को आज 23 जुलाई को डिटेन कर पूछताछ की तो आरोपी ने चोरी की वारदात करना स्वीकार किया जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किये गये सामान को बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी बालूराम उर्फ बाल्या भांकरोटा थाना जिला जयपुर (पश्चिम) का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट के करीबन 23 प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी ने अनुसंधान के दौरान थाना फुलेरा व जयपुर शहर के पुलिस थानों बगरू, शिवदासपुरा, कालवाड़, मानसरोवर, झोटवाड़ा, वैशालीनगर, मुरलीपुरा, प्रतापनगर, सांगानेर, भांकरोटा तथा पुलिस थाना परबतसर जिला नागौर ईलाको मे चोरी की वारदात को अंजाम देना बताया है।




## एमएसएमई विकास संस्थान में साइबर सुरक्षा पर वर्कशॉप

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** एमएसएमई विकास संस्थान में गूगल ओआरजी एशिया- प्रशांत साइबर सुरक्षा निधि परियोजना के तहत तीन दिवसीय साइबर सुरक्षा क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें फोर्टी वुमन विंग की प्रेसिडेंट नीलम मित्तल और सेक्रेटरी दीपिका अग्रवाल के साथ कट्स इंटरनेशनल महासचिव प्रदीप मेहता, एशिया फाउंडेशन की भारत प्रतिनिधि नंदिता बरुआ, एमएसएमई डीएफओ गिरीश कुमार, अनिला चौरडिया, रीको के महाप्रबंधक अतुल शर्मा के साथ 81 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे साइबर अपराध और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचा जाए। इसमें फर्जी बैंक कॉल, क्यूआर कोड, नकली वेबसाइट, मोबाइल एप के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी से बचने के तरीके बताए गए। वर्कशॉप में साइबर सुरक्षा के तकनीकी शब्दों और हेल्पलाइन के लिए ऑनलाइन पोर्टल की भी जानकारी दी। नीलम मित्तल का कहना है कि साइबर अपराधी नौकरीपेशा और उद्यमी महिलाओं को शिकार बनाते हैं, क्योंकि उनके बैंक अकाउंट में राशि होती है।



## उप महानिरीक्षक पुलिस राहुल कोटोकी ने संभाला पदभार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर में उप महानिरीक्षक पुलिस के पद पर नवपदस्थापित राहुल कोटोकी ने बुधवार को विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वागत किया।उल्लेखनीय है कि कोटोकी एक अनुभवी और कुशल पुलिस अधिकारी हैं, जिन्हें प्रशासनिक कार्यों और कानून व्यवस्था बनाए रखने का व्यापक अनुभव है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की और कार्य प्रणाली की समीक्षा की।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा.अभि.विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड प्रथम जयपुर**

क्रमांक:2965-2975 दिनांक:17.7.2025

संशोधित निविदा सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक 2599-2608 दिनांक 25.6.2025 के द्वारा निविदा संख्या 65-66/2025-26 आमंत्रित की गई थी। जिसको ऑनलाईन http:eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 17.7.2025 तक सांय 5.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किया जाकर दिनांक 18.7.2025 को तकनीकी बिड खोली जानी थी। उक्त निविदा अब http:eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 24.7.2025 सांय 5.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जाकर दिनांक 25.7.2025 को तकनीकी बिड खोली जाने का आंशिक संशोधन किया जाता है।

RO No. 9210Dt07.07.2025

DIPR/C/10236/2025

( अमित कुमार सुरेला )
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग
जिला ग्रामीण खण्ड प्रथम जयपुर

**JKK जवाहर कला केन्द्र, जयपुर**
कार्यालय महानिदेशक

क्रमांक :- प.3( )जकके/भण्डार/जकके/विद्युत सजावट का कार्य/2025-26/598 दिनांक :- 21/07/2025

जवाहर कला केन्द्र की विद्युत सजावट का वार्षिक दर अनुबंध हेतु खुली- निविदा आंमत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्तें https://sppp.rajasthan.gov.in, jkk.artandculture.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB No. JKK2526A0022
UBN NO.JKK2526SSOB00022

राज.संवाद/सी/25/6730 अतिरिक्त महानिदेशक (प्रशा.)

**कार्यालय नगरपालिका देवली (टोंक) राज.**
Office of The Municipal Board, Deoli (Tonk) Rajasthan
Tel.- (01434) 232013, E-mail : npdeoli@gmail.com

क्रमांक : न.पा.दे./सफाई/2025-26/2460 दिनांक : 22.07.2025

-: ई-निविदा सूचना (06/2025-26) :-

नगरपालिका देवली (टोंक) द्वारा नगर निकाय देवली एवं राजस्थान सरकार के समुचित वर्ग के सूचीबद्व ठेकेदारों/संवेदको एवं केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनो में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, उनके निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन-लाईन निविदा दिनांक 28.07.2025 को प्रातः 9.00 बजे से 12.08.2025 को सायं 06.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित प्रोसेसिंग शुल्क, निविदा शुल्क एवं अमानत राशि दिनांक 12.08.2025 को सायं 06.00 बजे तक जरिये NEFT/RTGS माध्यम से HDFC Bank A/c No. 25991450000134, IFSC Code -HDFC0002599 में दिनांक 12.08.2025 को सायं 6.00 बजे तक जमा करवाकर Transection ID सहित बैंक स्टेटमेन्ट की प्रति ऑनलाईन अपलोड करनी होगी। तकनीकी बिड दिनांक 13.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे पश्चात् एवं वित्तीय बिड तकनीकी निविदा सफल होने के बाद खोली जावेगी। निविदा फार्म एवं ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण व शर्ते वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय समय में उपलब्ध है। 01 कार्य की कुल लागत 46.00 लाख है।

NIB Code - DLB2526A3810
UBN No. - DLB2526SLRC12072

राज.संवाद/सी/25/6696 — अध्यक्ष, नगरपालिका देवली — अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका देवली

## सम्पादकीय

# ऑनलाइन भुगतान के मामले में भारत के यूपीआई ने अमेरिका के वीजा को पीछे छोड़ा

भारत में वर्ष 2016 के पहले ऑनलाइन पेमेंट का मतलब होता था केवल वीजा और मास्टर कार्ड। वीजा और मास्टर कार्ड को चलाने वाली अमेरिका की ये दोनों कंपनिया पूरी दुनिया में ऑनलाइन पेमेंट का एकाधिकार रखती थीं। हाल ही के समय में भारत, विभिन्न क्षेत्रों में, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नित नए रिकार्ड बना रहा है। कुछ क्षेत्रों में तो अब भारत पूरे विश्व का नेतृत्व करता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत ने बैंकिंग व्यवहारों के मामले में तो जैसे क्रांति ही ला दी है। अभी हाल ही में आर्थिक क्षेत्र में बैंकिंग व्यवहारों के मामले में भारत के युनिफाईड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) ने अमेरिका के 67 वर्ष पुराने वीजा एवं मास्टर कार्ड के पेमेंट सिस्टम को प्रतिदिन होने वाले आर्थिक व्यवहारों की संख्या के मामले में वैश्विक स्तर पर पीछे छोड़ दिया है। वैश्विक स्तर पर अब भारत विश्व का सबसे बड़ा रियल टाइम पेमेंट नेटवर्क बन गया है। भारत में वर्ष 2016 के पहले ऑनलाइन पेमेंट का मतलब होता था केवल वीजा और मास्टर कार्ड। वीजा और मास्टर कार्ड को चलाने वाली अमेरिका की ये दोनों कंपनिया पूरी दुनिया में ऑनलाइन पेमेंट का एकाधिकार रखती थीं। वीजा की शुरुआत, अमेरिका में वर्ष 1958 में हुई थी और धीमे धीमे यह कंपनी 200 से अधिक देशों में फैल गई और ऑनलाइन भुगतान के मामले में पूरे विश्व पर अपना एकाधिकार जमा लिया। वैश्विक स्तर पर इस कम्पनी को चुनौती देने के उद्देश्य से भारत ने वर्ष 2016 में अपना पेमेंट सिस्टम, यूपीआई के रूप में, विकसित किया और वर्ष 2025 आते आते भारत का यूपीआई सिस्टम आज पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर आ गया है। यूपीआई पेमेंट सिस्टम के माध्यम से ऑनलाइन बैंकिंग व्यवहार चुटकी बजाते ही हो जाते है। आज सब्जी वाले, चाय वाले, सहायता प्राप्त करने वाले नागरिक एवं छोटी छोटी राशि के आर्थिक व्यवहार करने वाले नागरिकों के लिए यूपीआई सिस्टम ने ऑनलाइन बैंकिंग व्यवहार करने को बहुत आसान बना दिया है। आज भारत के यूपीआई सिस्टम के माध्यम से प्रतिदिन 65 करोड़ से अधिक व्यवहार (1800 करोड़ से अधिक व्यवहार प्रति माह) हो रहे हैं जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वीजा कार्ड से माध्यम से प्रतिदिन 63.9 करोड़ व्यवहार हो रहे हैं। इस प्रकार, भारत के यूपीआई ने दैनिक व्यवहारों के मामले में 67 वर्ष पुराने अमेरिका के वीजा को पीछे छोड़ दिया है। भारत में केंद्र सरकार की यह सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक है। भारत अब इस मामले में पूरी दुनिया का लीडर बन गया है। भारत ने यह उपलब्धि केवल 9 वर्षों में ही प्राप्त की है। विश्व बैंक एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी भारत के यूपीआई सिस्टम की अत्यधिक प्रशंसा करते हुए कहा है कि यह नई तकनीकी का चमत्कार है एवं यह सिस्टम अत्यधिक प्रभावशाली है। भारत का यूपीआई सिस्टम भारत को वैश्विक बैंकिंग नक्शे पर एक बहुत बड़ी शक्ति बना सकता है। भारत में यूपीआई की सफलता की नींव दरअसल केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई कई आर्थिक योजनाओं के माध्यम से पड़ी है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 24 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1411 इस्ले के डोनाल्ड के बलों, आइल्स के भगवान, और अलेक्जेंडर स्टीवर्ट, अर्ल ऑफ मार्च, स्कॉटलैंड के इन्वर्यूरी के पास हरलाव की लड़ाई में लड़े।
- 1701 फ्रांसीसी खोजकर्ता एंटोनी डी ला मोटे कैडिलैक ने फोर्ट पोंकार्ट्रेन डु ड्यूट्रोइट की स्थापना की, जो बाद में डेट्रायट शहर में विकसित हुई ।
- 1701 किले पोन्ट्छार्ट्रेन नामक एक फ्रांसीसी ने एम्पोरियम को स्थापित किया।
- 1715 1715 खजाना बेड़े- जनरल डॉन जुआन यूबीला के तहत 10 जहाजों पर एक स्पेनिश खजाना स्पेन से हवाना, क्यूबा गया, सात दिनों बाद, उनमें से नौ फ्लोरिडा के तट पर एक तूफान में डूब गया और कुछ खजाना बाद में पाया गया।
- 1758 अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन उत्तरी अमेरिका की पहली असेंबली वर्जीनिया हाउस ऑफ बर्जेसेज में शामिल हुए।
- 1783 जॉर्जिया के रूस के रक्षक के रूप में स्थापित करते हुए, किंगडम ऑफ कार्तली-काकेटी और रूसी साम्राज्य ने जॉर्जियोव्स्क की संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1783 जॉर्जिया को रूस का संरक्षक बनाया गया।
- 1797 होराटियो नेल्सन सांता क्रूज़ की लड़ाई में घायल हो गया, जिसमे उसने अपना एक हाथ खो दिया।
- 1823 चिली में दास प्रथा को हमेशा के लिए समाप्त कर दिया गया।
- 1830 चिली में दास प्रथा समाप्त कर दी गई।
- 1834 पुर्तगाल में लिबरल युद्ध समाप्त हुआ।
- 1870 अमेरिका में पहली अंतरदेशीय रेल सेवा की शुरुआत हुई।
- 1910 ओटोमन बलों ने 1910 के ऑलबानियन विद्रोह को शांत करने के लिए शकोदर शहर पर कब्जा कर लिया।
- 1915 सेंट्रल शिकागो में एक स्टीमर ईस्टलैंड की वजह से 844 लोगों की जान गयी।
- 1915 यात्री जहाज एसएस ईस्टलैंड ने शिकागो नदी को एक डॉकिन से बांधते हुए लुढ़का, 844 यात्रियों और चालक दल को मार डाला, महान झीलों पर एक एकल जहाज से सबसे बड़ा लॉसफॉस जीवन आपदा।
- 1923 लॉज़ेन की संधि को ओटोमन साम्राज्य के विभाजन के लिए एनाटोलियन पार्टोफ़ का निपटान करने के लिए हस्ताक्षर किया गया था, जिससे सीमा आधुनिक तुर्की की स्थापना हुई।
- 1929 फ्रांसीसी प्रधान मंत्री रेमंड पोंकारे ने इस्तीफा देने के बाद अरिस्तैड ब्रेंड को इसका उत्तराधिकारी बनाया गया।
- 1938 जर्मन-ऑस्ट्रियाई टीम की संयुक्त टीम एगर के उत्तरी चेहरे पर चढ़ाई करने वाली पहली टीम बन गई, जो एल्प्स के छह महान उत्तरी चेहरों में से एक है।
- 1941 उत्तर यूरोपीय देश लिथुनिया में सम्पूर्ण यहूदी आबादी की नाजियों ने हत्या की।
- 1943 द्वितीय विश्व युद्ध-आरएएफ बॉम्बर कमांड ने ऑपरेशन गोमोराह शुरू किया, जो जर्मनी के हैम्बर्ग का रणनीतिक बमबारी था, अंततः कम से कम 50,000 लोग मारे गए और एक लाख से अधिक लोग बेघर हो गए।
- 1944 300 लड़ाकू विमानों ने जर्मनी पर बम गिराए।

विशेष आलेख

# आयकर दिवस: आर्थिक ईमानदारी का राष्ट्रीय उत्सव

**हाल के वर्षों में, भारत सरकार ने आयकर प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सरल और करदाता-अनुकूल बनाने के लिए क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। डिजिटल इंडिया के तहत फेसलेस असेसमेंट, फेसलेस अपील, प्री-फिल्ड आईटीआर फॉर्म और नई कर प्रणाली जैसे नवाचारों ने कर प्रक्रिया को न केवल सहज बनाया, बल्कि भ्रष्टाचार और मानवीय त्रुटियों को भी न्यूनतम किया है। 2025 में, एआई-सक्षम टैक्स पोर्टल और एकीकृत टैक्सपेयर हेल्पडेस्क ने करदाताओं को अभूतपूर्व सुविधा प्रदान की है।**



प्रो. आरके जैन

भारत की प्रगति की नींव में प्रत्येक नागरिक का योगदान एक सुनहरी कड़ी है, और 24 जुलाई को मनाया जाने वाला आयकर दिवस इस सत्य को गर्व के साथ उजागर करता है। यह दिन केवल कर भुगतान की औपचारिकता नहीं, बल्कि एक प्रेरक आह्वान है—एक ऐसा आह्वान जो हर करदाता को राष्ट्र के स्वप्नों का साझेदार बनाता है। 1860 में सर जेम्स विल्सन द्वारा प्रस्तुत आयकर अधिनियम ने भारत की आर्थिक यात्रा में एक ऐतिहासिक अध्याय जोड़ा था। यह वह बीज था, जिसने आज एक समृद्ध, आत्मनिर्भर और वैश्विक मंच पर अग्रणी भारत की नींव रखी। 2025 में, जब देश डिजिटल क्रांति और आर्थिक नवाचार के शिखर पर खड़ा है, आयकर दिवस एक राष्ट्रीय उत्सव बन चुका है, जो नागरिकों को उनके कर्तव्यों और अधिकारों के प्रति जागृत करता है। इस वर्ष की थीम सशक्त करदाता, समृद्ध राष्ट्र हर करदाता के दिल में यह विश्वास जगाती है कि उनका योगदान देश को नई ऊँचाइयों तक ले जाता है।

आयकर प्रणाली भारत की आर्थिक रीढ़ की तरह है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा, आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों को पोषित करती है। प्रत्येक करदाता का योगदान, चाहे वह छोटा हो या बड़ा, राष्ट्र के विकास में एक मजबूत ईंट जोड़ता है। यह केवल एक कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि एक सामाजिक और नैतिक प्रतिबद्धता है, जो हर नागरिक को देश के सपनों से जोड़ती है। जब एक करदाता अपनी आय का हिस्सा सरकार को सौंपता है, तो वह न केवल आर्थिक प्रगति में योगदान देता है, बल्कि सामाजिक समानता और कल्याण की नींव को भी सुदृढ़ करता है। 2025 में, जब भारत वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में अपनी पहचान बना रहा है, करदाताओं की यह भूमिका एक प्रेरक कहानी बन चुकी है।

हाल के वर्षों में, भारत सरकार ने आयकर प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सरल और करदाता-अनुकूल बनाने के लिए क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। डिजिटल इंडिया के तहत फेसलेस असेसमेंट, फेसलेस अपील, प्री-फिल्ड आईटीआर फॉर्म और नई कर प्रणाली जैसे नवाचारों ने कर प्रक्रिया को न केवल सहज बनाया, बल्कि भ्रष्टाचार और मानवीय त्रुटियों को भी न्यूनतम किया है। 2025 में, एआई-सक्षम टैक्स पोर्टल और एकीकृत टैक्सपेयर हेल्पडेस्क ने करदाताओं को अभूतपूर्व सुविधा प्रदान की है। अब कर रिटर्न दाखिल करना एक समयबद्ध, तकनीकी और उपयोगकर्ता-अनुकूल प्रक्रिया बन चुकी है। छोटे करदाताओं के लिए विशेष छूट और डिजिटल स्टार्टअप्स के लिए प्रोत्साहन योजनाओं ने औपचारिक अर्थव्यवस्था में अधिक लोगों को शामिल किया है। ये सुधार सरकार और नागरिकों के बीच विश्वास का एक मजबूत सेतु बनाते हैं, जो आर्थिक समावेशन और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देता है।

आयकर प्रणाली का एक अनूठा आयाम यह है कि यह प्रत्येक नागरिक को वित्तीय साक्षरता का पाठ पढ़ाती है, जो आर्थिक जागरूकता का दीपक जलाती है। कर रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया व्यक्ति को अपनी आय, व्यय, निवेश और बचत का सूक्ष्म लेखा-जोखा रखने के लिए प्रेरित करती है, जिससे वह न केवल आर्थिक रूप से अनुशासित बनता है, बल्कि अपने भविष्य के प्रति सजग और सशक्त भी होता है। सरकार द्वारा संचालित 'साक्षर करदाता अभियान' स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक संगठनों में वित्तीय शिक्षा की अलख जगा रहा है, जो युवा पीढ़ी को जिम्मेदार और दूरदर्शी नागरिक बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। एक वित्तीय रूप से साक्षर समाज ही वह मजबूत नींव है, जो एक आत्मनिर्भर, समृद्ध और वैश्विक नेतृत्वकारी भारत का निर्माण करता है।

2025 में, आयकर प्रणाली ने पर्यावरणीय जिम्मेदारी को भी गले लगाया है। ग्रीन टैक्स इंसेंटिव्स और सस्टेनेबल इन्वेस्टमेंट छूट जैसी नीतियों ने हरित ऊर्जा, ई-मोबिलिटी और पुनर्नवीकरणीय संसाधनों में निवेश करने वालों को प्रोत्साहित किया है। यह न केवल आर्थिक विकास को गति देता है, बल्कि पर्यावरणीय नैतिकता को भी बढ़ावा देता है। इस तरह, आयकर प्रणाली अब केवल वित्तीय योगदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और पर्यावरणीय प्रगति का एक समग्र मॉडल बन चुकी है।

आयकर प्रणाली का ऐतिहासिक विकास इसके महत्व को और भी स्पष्ट करता है। 1922 के आयकर अधिनियम ने एक संगठित कर प्रणाली की नींव रखी, जिसे 1961 के आयकर अधिनियम ने और मजबूत किया। 1964 में केंद्रीय राजस्व बोर्ड का विभाजन, 1981 में कम्प्यूटरीकरण की शुरुआत और 2009 में बेंगलुरु में केंद्रीकृत प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) की स्थापना ने कर प्रशासन को डिजिटल और कुशल बनाया। ई-सत्यापन योजना और विवाद से विश्वास योजना जैसे कदमों ने कर चोरी को कम करने और लंबित विवादों को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ये योजनाएँ न केवल राजस्व संग्रह को बढ़ाती हैं, बल्कि करदाताओं और सरकार के बीच विश्वास को भी सुदृढ़ करती हैं।

आयकर दिवस केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह करदाताओं और सरकार के बीच एक जीवंत संवाद का मंच है। इस दिन देशभर में साक्षरता शिविर, आईटीआर फाइलिंग कैम्प, ऑनलाइन वेबिनार, क्विज़ प्रतियोगिताएँ और सम्मान समारोह आयोजित किए जाते हैं। उत्कृष्ट करदाताओं को सम्मानित करने से न केवल उनका मनोबल बढ़ता है, बल्कि अन्य नागरिकों को भी कर प्रणाली से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। यह एक ऐसा अवसर है, जो करदाताओं को उनके योगदान के लिए गर्व का अनुभव कराता है और उन्हें राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका की याद दिलाता है।

# युवा देश, वृद्ध नेतृत्व: क्या लोकतंत्र में उम्र जनादेश से बड़ी है?



प्रियंका सौरभ

**भारतीय संविधान ने यह स्पष्ट किया है कि कोई भी नागरिक पच्चीस वर्ष की आयु में लोकसभा का सांसद बन सकता है तथा पैंतीस वर्ष की आयु में राष्ट्रपति का पद भी ग्रहण कर सकता है। यह बात प्रत्यक्ष रूप से यह दर्शाती है कि हमारा संविधान युवाओं को नेतृत्व के योग्य मानता है। परन्तु व्यवहार में स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत है। स्वतंत्रता के पश्चात् आज तक ऐसा कोई प्रधानमंत्री नहीं बना जिसकी आयु चालीस वर्ष से कम हो।**

भारत आज संसार का सबसे युवा देश है। हमारी जनसंख्या का लगभग पैंसठ प्रतिशत भाग पैंतीस वर्ष से कम आयु का है। यही युवा भारत की शक्ति है, उसकी आकांक्षा है, उसका वर्तमान और उसका भविष्य है। किन्तु यह भी कटु सत्य है कि इस युवा देश का नेतृत्व अब भी उन हाथों में है, जिनकी आयु साठ से पचहत्तर वर्ष के बीच है। प्रश्न यह उठता है कि क्या भारत का लोकतंत्र ऐसा ढाँचा बन चुका है, जहाँ युवा केवल झंडा उठाते हैं, और निर्णय कुर्सियों पर बैठे वृद्ध नेताओं के हाथ में रहता है?

भारतीय संविधान ने यह स्पष्ट किया है कि कोई भी नागरिक पच्चीस वर्ष की आयु में लोकसभा का सांसद बन सकता है तथा पैंतीस वर्ष की आयु में राष्ट्रपति का पद भी ग्रहण कर सकता है। यह बात प्रत्यक्ष रूप से यह दर्शाती है कि हमारा संविधान युवाओं को नेतृत्व के योग्य मानता है। परन्तु व्यवहार में स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत है। स्वतंत्रता के पश्चात् आज तक ऐसा कोई प्रधानमंत्री नहीं बना जिसकी आयु चालीस वर्ष से कम हो। राज्यपाल, मुख्यमंत्री, कुलपति, आयोगों के अध्यक्ष — लगभग सभी उच्च पद ऐसे व्यक्तियों के पास हैं जिनकी आयु साठ से ऊपर है। क्या यह केवल एक संयोग है, अथवा एक सुनियोजित राजनीतिक रचना है, जो युवाओं को अवसर प्रदान करने से हिचकिचाती है?

अनुभव का महत्त्व निर्विवाद है, परंतु जब वही अनुभव युवाओं के अवसर को बाधित करने लगे, तब लोकतंत्र का संतुलन बिगड़ने लगता है। आज के समय में नेतृत्व केवल बैठकर निर्णय लेने तक सीमित नहीं है, अपितु उसमें सामाजिक माध्यमों की समझ, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आर्थिक सूझ-बूझ, वैश्विक सोच तथा तीव्र निर्णय क्षमता की आवश्यकता होती है। और यह सभी गुण प्रायः युवा नेतृत्व में अधिक प्रभावशाली रूप में दृष्टिगोचर होते हैं। यदि एक पच्चीस वर्षीय युवा सैनिक देश की सीमाओं की रक्षा कर सकता है, यदि एक अट्ठाईस वर्षीय वैज्ञानिक अंतरिक्ष अभियान का संचालन कर सकता है, तो एक तीस वर्षीय युवा राजनीतिज्ञ सरकार क्यों नहीं चला सकता?

यह कोई एक राजनीतिक दल की बात नहीं है। भारत की लगभग सभी राष्ट्रीय और प्रादेशिक पार्टियों में शीर्ष नेतृत्व की औसत आयु साठ से ऊपर है। भारतीय जनता पार्टी में नरेंद्र मोदी (चौहत्तर वर्ष), अमित शाह (साठ वर्ष से अधिक), कांग्रेस पार्टी में सोनिया गांधी (सत्तर से अधिक), मल्लिकार्जुन खड़गे (इक्यासी वर्ष), समाजवादी पार्टी से लेकर जनता दल तक — सभी दलों में नेतृत्व उम्रदराज नेताओं के हाथों में केंद्रित है। यह विडंबना ही है कि जो नेता युवाओं से मत माँगते हैं, वही स्वयं सेवानिवृत्ति की आयु पार कर चुके हैं, परंतु सत्ता छोड़ने को तैयार नहीं हैं।प्रत्येक बड़ी पार्टी में युवा मोर्चा, छात्र संगठन, अथवा नवजवान इकाई अवश्य होते हैं, परंतु उन्हें केवल प्रचार कार्य, झंडे लगाना, नारे लगाना, या सामाजिक माध्यमों पर संदेश साझा करने जैसे सीमित कार्यों में लगाया जाता है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



राजेश कुमार गुप्ता
(वरिष्ठ अधिवक्ता)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार गुप्ता। ग्राम पृथ्वीपुरा तहसील मालाखेडा जिला अलवर में जन्में राजेश गुप्ता ने कक्षा 1से 6 तक ग्राम पृथ्वीपुरा में पढाई की, कक्षा 7 व 8 थानाहउस स्कूल अलवर में पढाई की, कक्षा 9 से 12 तक नवीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल अलवर में पढाई की, राजकीय कला महाविद्यालय अलवर से 1996 में कला संकाय से स्नातक की पढाई की ओर सन 2000 राजकीय कला महाविद्यालय अलवर से विधि की पढाई कर डिग्री हासिल की। सन 2000 से अलवर जिले में ही वकालत की शुरुआत की और 25 वर्ष से निरंतर अलवर जिले में वकालत कर रहे हैं। आज मेहनत और ईमानदारी से वकालत करने के लिए मशहूर हैं। एक बार मुकदमा लेने के बाद ये ना तो किसी के दबाव में आते हैं और ना ही किसी से डरते हैं।चाहे सामने वाला कितने ही बडे पद पर क्यों नहीं हो या कितना बडा नेता ही क्यों नहीं हो। 2019 में किसी मुकदमे में इन्हे पैरवी करने के लिए बहुत डराया गया और ये नहीं डरे जिसमें थाना आरावली विहार द्वारा तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। परन्तु ये फिर भी नहीं डरे। जनहित के काम करने के लिए भी ये हमेशा बिना डरे तैयार रहते हैं अभी कुछ वर्ष पहले किसी बडे नेता द्वारा उनकी लोहिया फार्म भाखेडा स्थित कॉलोनी के आम रास्ते पर पत्थर डालकर व गेट लगाकर कब्जा कर लिया तब इन्होंने बिना डरे अकेले ने ही न्यायालय में दावा कर न्यायालय से आदेश लेकर पुलिस थाना आरावली विहार से रास्ता खुलवाया तब इन्हें जान से मारने के लिए बहुत धमकियां भी मिली जिस पर इन्होंने थाना आरावली विहार में बहुत मामले दर्ज करवाए,और ये डरे नहीं। इनकी छवि मेहनती और दबंग वकील के नाम से मशहूर हैं। बेटी को भी एएलबी (विधि) की पढाई करवा रहे हैं और अपने साथ कोर्ट में वकालत सीखा रहे हैं। इनके अंडर में करीब 15 वकील वकालत कर रहे हैं। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्जलव भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## संस्मरण

# एक्टिंग करने से पहले ड्राइवरी करते थे महमूद

किंग ऑफ कॉमेडी का खिताब पाने वाले महमूद का 23 जुलाई को निधन हो गया था। उन्होंने करीब 300 हिंदी फिल्मों में काम किया था। वह 50-70 के दशक के ऐसे कॉमेडियन थे, जिनकी तस्वीर सिनेमाघरों के बाहर हीरो के साथ पोस्टर पर छपती थी।

भारतीय सिनेमा में कॉमेडी को एक अलग लेवल पर ले जाने वाले महमूद का 23 जुलाई को निधन हो गया था। उनको किंग ऑफ कॉमेडी का खिताब मिला था। अभिनेता अपनी शानदार कॉमेडी के लिए जाने जाते थे। उन्होंने करीब 300 हिंदी फिल्मों में काम किया था। वह 50-70 के दशक के ऐसे कॉमेडियन थे, जिनकी तस्वीर सिनेमाघरों के बाहर हीरो के साथ पोस्टर पर छपती थी। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर मशहूर कॉमेडियन महमूद के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

जन्म

मुंबई में 29 जुलाई 1933 को महमूद का जन्म हुआ था। वह शुरूआत से फिल्मों में आना चाहते थे। लेकिन फिल्मों में आने से पहले महमूद मीना कुमारी के टेनिस कोच रहे थे। इसके अलावा वह हिंदी सिनेमा के डायरेक्टर पीएल संतोषी के ड्राइवर भी रहे थे।

फिल्मी करियर

महमूद ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत फिल्म %सीआईडी% से की थी। %किंग ऑफ कॉमेडी% कहे जाने वाले महमूद ने अपने फिल्मी करियर के दौरान %बॉम्बे टू गोवा% समेत करीब 300 फिल्मों में अभिनय का हुनर दिखाया है। वहीं सदी के महानायक अमिताभ बच्चन भी महमूद की एक्टिंग के दीवाने थे। बिग बी उनको अपना गॉडफादर मानते थे। एक ऐसा भी दौर था, जब अभिनेता के पास इंडस्ट्री में कोई खास मुकाम नहीं था। जब महमूद ने ही बच्चन को अपने घर में रहने की जगह दी थी और फिल्मों में भी काम दिलाने की मदद की थी।

बता दें अभिनेता को न सिर्फ उनकी बेहतरीन फिल्मों बल्कि बेमिसाल लाइफस्टाइल के लिए भी जाने जाते हैं। अभिनेता की उस जमाने की जानी मानी एक्ट्रेस अरुणा ईरानी के साथ अफेयर रहा। लेकिन उन्होंने मीना कुमारी की बहन मधु से शादी की। फिर साल 1967 में उनका तलाक हो गया। जिसके बाद महमूद ने ट्रेसी अली से दूसरी शादी की।

मृत्यु

वहीं 23 जुलाई 2004 को कॉमेडी के किंग महमूद ने इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी कानूनी मामले में भी जीत मिलेगी, इसलिए आप किसी बहसबाजी में ना पड़ें। यदि आपका धन व्यापार में कहीं फंसा हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की संभावना है।

### वृष
आज का दिन आपके लिए धनधान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आप कोई निर्णय जल्दबाजी मे लेंगे, तो उसके लिए आपको बाद में पछतावा होगा।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। किसी नए मेहमान का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

### कर्क
आपको हर काम में सावधान रहने की जरूरत है. किसी दूसरे व्यक्ति की वजह से आपके काम में जरूरत से ज्यादा समय लग सकता है. कुछ आदतों में सुधार लाने से आपका दिन बेहतर हो सकता है. जीवनसाथी के साथ आपको प्यार से बात करनी चाहिए।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। पार्टनरशिप में कोई डील फाइनल होने से आपको धोखा मिल सकता है। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप अपने पिताजी से पैतृक बिजनेस को लेकर सलाह ले सकते हैं।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप अपने कामों में पूरी मेहनत से जुटेंगे, लेकिन आपका ध्यान फिर भी दूसरी जगह लगेगा। आपको अपने खर्चों पर भी थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

### तुला
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। जीवनसाथी से यदि आप कोई बात गुप्त रखे, तो वह उनके सामने उजागर हो सकती है।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए तरक्की के नए-नए मार्ग खोलेगा। आप किसी की बातों में आकर कोई निवेश संबंधित फैसला न लें। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है, क्योंकि साथी के साथ उनकी बॉन्डिंग अच्छी रहेगी।

### धनु
आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपके कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं। आपको काम के सिलसिले में किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। राजनीति में कार्यरत लोगों की कुछ नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी।

### मकर
आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आपका कोई काम समय से पूर्ण न होने के कारण आपके मन में निराशा बनी रहेगी। परिवार में भी लड़ाई झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

### कुंभ
कुंभ राशि के लोगों को लाभ होगा और बेहतर होगा कि आप किसी रिश्ते या कार्य में अनावश्यक शक से बचें। यह समय और धन दोनों का नुकसान करवा सकता है। नियोजित योजनाएं सफल होंगी।

### मीन
आज कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को उनकी मेहनत का फल मिलेगा, जिससे वह अच्छा लाभ कमाएंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी।

# शहर में रुद्राभिषेक की मची धूम, प्राचीन शिवालय में भोलेनाथ का किया शिव शक्ति श्रृंगार

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** बुधवार को शहर के शिवालयों में भगवान शिव के रुद्राभिषेक की धूम मची रही। शहर के पहाड़ की तलहटी में स्थित प्राचीन शिवालय में चल रहे अखंड सहस्त्र घट के दौरान श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का अभिषेक किया। शिव भक्त दिनेश सोनी ने भगवान भोलेनाथ के शिव शक्ति के रुप का मनमोहक श्रृंगार किया। इसी प्रकार पहाड़ की तलहटी में ही स्थित श्री गौरी शंकर महादेव मंदिर में चल रहे अखंड सहस्त्र घट के दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के जल से अभिषेक किया। इसी प्रकार श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, थानेश्वर महादेव मंदिर, अभय दाता हनुमान मंदिर, हनुमान नगर, बड़ की ढाणी स्थित शिवालय, गंगा जमुना मैरिज गार्डन के सामने स्थित शिवालय सहित अनेक शिव मंदिरों में सहस्त्र घट का आयोजन हुआ। सहस्त्र घट के समापन के बाद सभी शिवालयों में सामूहिक आरती कर भगवान को प्रसादी का भोग लगाया गया। इस अवसर पर श्री गौरी शंकर महादेव मंदिर में शिव पंचायत की विशेष झांकी सजाई गई। आचार्य पंडित मोहनलाल शास्त्री ने बताया कि बड की ढाणी के शिव मंदिर में पांच विद्वानों के द्वारा जल मिश्रित गन्ना रस, पंचामृत, केवड़ा रस व जल से यजमानों से अभिषेक करवाया गया। इस अवसर पर पंडित राम प्रसाद पहाड़ी, पंडित अशोक शर्मा टोंक, पंडित कमलेश शर्मा व घनश्याम शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

# स्मार्ट मीटर: अब एक क्लिक पर मिलेगी बिजली खपत की जानकारी

## जिले में लगेंगे 1 लाख 48 हजार स्मार्ट मीटर

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** विद्युत निगम से मिली जानकारी के अनुसार जिले में कुल 1 लाख 60 हजार उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। फिलहाल विद्युत निगम ने अब तक 12 हजार से अधिक उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। शेष स्मार्ट मीटर भी जल्द ही लगाए जाएंगे। इसके लिए विद्युत निगम के कार्मिक घर-घर स्मार्ट मीटर लगाने में जुटे हैं।



### यह है स्मार्ट मीटर

स्मार्ट मीटर एक डिजिटल उपकरण है जो बिजली की खपत को रियल टाइम में रिकॉर्ड करता है। यह जानकारी स्वत: ही डिस्कॉम के सर्वर पर भेजता है। इसमें रिचार्ज आधारित भुगतान और उपभोक्ता को मोबाइल पर खपत की जानकारी मिलने जैसी सुविधाएं होती हैं।

### नहीं आएंगे मीटर रीडर

स्मार्ट मीटर की रीडिंग लेने के लिए रीडर को आपके घर नहीं आना पड़ेगा। स्मार्ट मीटर में डिजिटल मीटर की तरह तेज चलने या यूनिट जंप करने जैसी समस्या की कोई गुंजाइश नहीं है। कोई भी उपभोक्ता दोनों मीटरों के जरिए अपने उपभोग को जांच सकता है। नए व पुराने मीटर में कोई अंतर नहीं हैं। इससे उपभोक्ताओं को पहले से बेहतर सुविधाएं मिल सकेगी। स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को कई तरह के फायदो मिल सकेंगे।

### उपभोक्ताओं को पहले विश्वास मे लेना जरूरी

विद्युत उपभोक्ताओं के परिसरों में पूर्व में लगे हुए कम्प्यूटराइज्ड विद्युत मीटरों को हटा कर विद्युत कम्पनियों से नए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इन स्मार्ट को पूर्व में लगे हुए कम्प्यूटराइज्ड मीटरों से भी ज्यादा पारदर्शिता वाला बताया जा रहा है। इनमे विद्युत उपभोग की जाने वालीं राशि ऑनलाइन अपने मोबाइल से प्री-पेड जमा कराना होगा लेकिन इन स्मार्ट मीटरों को उपभोक्ताओं के घरों के बाहर खुले में लगाया जा रहा है। बरसाती पानी और सूरज की तेज धूप से खराब होने का अंदेशा है। चूंकि इन स्मार्ट मीटरों पर निर्माता कम्पनियों ने स्पष्ट लिखा है कि तापमान क्षमता 27 डिग्री है। इसके बारे में राज्य विद्युत नियामक आयोग में भी मैंने लिखा है, जिसका विद्युत कम्पनियों ने कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। यह उपभोक्ताओं के साथ मनमानी और अनुचित व्यापार व्यवहार है। पहले उपभोक्ताओं को पूरी तरह विश्वास में लेना चाहिए।

### इनका कहना है

स्मार्ट मीटर लगने के बाद कोई भी उपभोक्ता पल-पल की अपडेट मोबाइल के जरिए ले सकता है। बिजली खपत, बिजली कटौती, हर दिन अपने बिल की राशि, मीटर पर चलने वाला विद्युत भार आदि जानकारी एक क्लिक पर मिल सकेगी। स्मार्ट मीटर में वास्तविक रीडिंग ही आएगी।

**-अशोक कुमार बुजेटिया, अधिशासी अभियंता, विद्युत निगम सवाईमाधोपुर**

# मास्टर ट्रेनर्स को दिया विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशिक्षण

## मतदाताओं से बीएलओ घर-घर जाकर भरवाएंगे गणना प्रारूप

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,( का.स. )।** विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को कृषि प्रशिक्षण केंद्र टोंक में आयोजित हुआ। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) कल्पना अग्रवाल ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटो युक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (स्पेशल इंटेंसिव रिविजन) एवं अन्य निर्वाचन संबंधी कार्यों की तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती और चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन विभाग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 चलाया जा रहा है। निर्वाचन प्रक्रिया की सफलता के लिए निर्वाचन कर्मियों को प्रशिक्षित करना आवश्यक है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया ने बताया कि इनके द्वारा प्रशिक्षित बीएलओ मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर गणना प्रारूप भरवाने का कार्य करेंगे। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनर्स को भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय राजस्थान द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों व जानकारियों से अपने आप को अपडेट रखने व सभी प्रकार के अक्सर पूछे जाने वाले सवालों (एफ ए क्यू) की जानकारी रखने के लिए कहा। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारी सुरेश चौधरी ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में मालपुरा, निवाई, टोंक व देवली- उनियारा के 40 विधानसभा स्तरीय 10 ज़िला स्तरीय के मास्टर ट्रेनर्स व संबंधित इआरओ कार्यालय के अधिकारियों को विस्तृत प्रशिक्षण देकर उनकी क्षमता में अभिवृद्धिकरण का कार्य किया जा चुका है ताकि वे उनके विधानसभा में जाकर वहां के बीएलओ और सुपरवाइजर को उक्त कार्य हेतु प्रशिक्षित कर सके। एसएलएमटी विमल कुमार जैन ने विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) में बीएलओ की भूमिका के बारे में प्रथम सत्र लिया जिसमें बीएलओ एप, ईसीआई नेट, वीएचए गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया, प्रश्नोत्तरी व केस स्टेडी के माध्यम से शंकाओं का समाधान किया इस दौरान डीएलएम टी कृष्ण गोपाल शर्मा व महेश दाधीच ने संवैधानिक प्रवाधान, वैधानिक प्रावधान और बीएलओ की नियुक्ति के संबंध में सत्र लिया। इस दौरान जिला निर्वाचन कार्यालय से सावंत राम मीणा, विवेक मीणा,अतुल साहू, महावीर साहू, अधिराज सिंह उपस्थित रहे।

# भाजपा ने किए कार्यक्रम प्रभारी, विधानसभा एवं मंडल प्रभारी नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** भाजपा जिलाअध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने कार्यक्रम प्रभारी, विधानसभा एवं मंडल प्रभारी नियुक्त किए हैं। जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने आज भाजपा जिला कार्यालय पर बैठक आयोजित कर कार्यक्रम एवं अभियान का प्रभारी जगदीश अग्रवाल को, बूथ प्रबंधन का प्रभारी विनोद अटल को ,समन्वय प्रभारी हरिओम गर्ग को , साहित्य लेख एवं प्रचार का प्रभारी दीनदयाल अग्रवाल को,निर्वाचन एवं सदस्यता का प्रभारी बलवीर सिंह राजावत को, मन की बात का प्रभारी हेमंत शर्मा को नियुक्त किया। विधानसभा प्रभारी की नियुक्ति करते हुए खंडार विधानसभा के प्रभारी हरिओम गर्ग ,सवाई माधोपुर विधानसभा के प्रभारी विनोद अटल, बामनवास विधानसभा के प्रभारी बाबूलाल मीणा ,गंगापुर सिटी विधानसभा का प्रभारी जगदीश अग्रवाल को नियुक्त किया। इसी प्रकार जिले के मंडल प्रभारियों में खंडार मंडल के हरफूल बैरवा ,छान मंडल के गंगा शंकर गौतम , कुस्तला मंडल के रामहरि जाट, चौथ का बरवाड़ा मंडल के दीनदयाल अग्रवाल, सवाई माधोपुर शहर मंडल के लालचंद गौतम, मलारना डूंगर मंडल के कमल मीणा ,सवाई माधोपुर ग्रामीण मंडल के सुरेंद्र शर्मा, कुंडेरा मंडल के मीरा सैनी, सवाई माधोपुर बजरिया मंडल के मेघा वर्मा, बामनवास मंडल के उदय सिंह गुर्जर ,बोली मंडल के विजय गुर्जर (प्रधान) ,बरनाला मंडल के हरिओम पटेल, मित्रपुरा मंडल के प्रेम देवी मीणा, गंगापुर शहर मंडल के सत्यनारायण धाकड़, गंगापुर ग्रामीण मंडल के दीपक सिंघल, तलवाड़ा मंडल के ज्योति दीक्षित, वजीरपुर मंडल के सरिता बंसल को मंडल का प्रभारी नियुक्त किया। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश जैन, जिला महामंत्री विनोद अटल, जगदीश अग्रवाल, बाबूलाल मीणा, जिला उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग, सत्यनारायण धाकड़ ,जिला प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा , बोली मंडल अध्यक्ष हनुमत दीक्षित, मित्रपुरा मंडल अध्यक्ष शंकर पोसवाल,कार्यालय मंत्री मुकेश शर्मा, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकिशोर अग्रवाल, बजरिया मंडल के केशव शर्मा, गिरीश शर्मा, कृष्णा गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# श्रावणी तीज के त्यौहार को लेकर बाजारों में रौनक

## घेवरों के बनने की सुगंध से महक रहा है वातावरण

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** श्रावणी तीज के त्यौहार को लेकर इन दिनों शहर की मिठाई की दुकानों पर घेवर बनने शुरू हो गए हैं। घेवर बनाने की प्रक्रिया से चारों ओर का वातावरण शुद्ध देसी घी की सुगंध से महक रहा है। शहर के शिवाजी पार्क रोड, सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सामने, पटवार भवन के पीछे, चौहट्टी बाजार, औद्योगिक क्षेत्र, वनस्थली मोड व खणदेवत रोड सहित शहर के अनेक स्थानों पर घेवर बनाए जा रहे हैं। व्यापारी घासी अग्रवाल व अनिल तंबोली ने बताया कि इस बार मानसून की क्षेत्र पर अच्छी मेहरबानी रहने के कारण सावन की तीज के त्यौहार पर बाजारों में विशेष रौनक है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष के भाव ही इस बार भी हैं। उन्होंने बताया कि देसी घी से बने हुए फीके घेवर के भाव 550 रुपए व लोकल में फीके घेवर के भाव 340 रुपए व मीठे घेवर के भाव 240 रुपए चल रहे हैं। इसी प्रकार रबड़ी वाले घेवर देसी घी में 650 रुपए व वनस्पति घी में 340 व 240 रुपए चल रहे हैं। इसी प्रकार मावा लगे हुए देसी घी में 360 रुपए चल 340 रुपए रहे हैं। उन्होंने बताया कि गत वर्ष भी यही भाव रहे थे।

# पूर्व सांसद द्वारका प्रसाद बैरवा को नम आँखों से दी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** पूर्व सांसद द्वारका प्रसाद बैरवा की 12 वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को स्मृति स्थल पर श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिभाई हरि, पूर्व विधायक प्रशान्त बैरवा , पूर्व विधायक कमल बैरवा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल चौधरी, शहर अध्यक्ष सतीश शर्मा, महासचिव निर्भय राम मीना, पीपलू अध्यक्ष हंसराज सीसोला, व्योवृद्ध कांग्रेस नेता पूर्व पालिकाध्यक्ष गिरधारीलाल पण्डा, पार्षद महावीर पराणा, पारस पहाडी, शंकर घाटी, विजय शर्मा, पूर्व प्रधान चन्द्र कला मांगी लाल गुर्जर, मनिन्द्र लोदी, राजेश चौधरी, प्रेमचन्द्र बोहरा, पप्पू सरपंच, हंसराज गाता, गुंसी मण्डल अध्यक्ष मदनलाल मीना, रामकिशन टोडवाल, पार्षद दुर्गालाल सेन, भाजपा नेता व पार्षद परसराम कुमावत, शंकर काका, मांगीलाल मीना पलेई, रवि पारीक, पार्षद अजहरुद्दीन, राजेश भट्ट , दुर्गालाल सैनी, सीताराम कटारा, विनोद जायसवाल, रामू गुर्जर, छोगा लाल गुर्जर, रामभजन गुर्जर, छीतर मीना, बृजमोहन डांगी, प्रवीण माणु, रजवास मण्डल अध्यक्ष नमोनारायण मीना, सुरज गुर्जर, तनवीर कुरेशी, अजय मधुकर, छोटू लाल सैनी, ढोली-राजेश चौधरी, डा. महेन्द्र गोलम, इमरान कुरेशी, कमलचन्द जैन पहाडी, मूल चन्द सैनी, पवन बोहरा, पवन सांवलिया, रामावतार कुहाडिया, रवि परिडबाल, विनोद कुमावत सहित हजारो निवाई-पीपलू विधान सभा क्षेत्र के लोगो ने नम आँखों से दो मौन रख कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद पुष्पांजली अर्पित की।

# नोडल महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान




**निवाई ( का.स. )।** नोडल महाविद्यालय में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में स्वीप गतिविधियों का प्राचार्य प्रोफेसर दीपकराज जैन के सानिध्य में शुभारंभ किया गया। ईएलसी नोडल अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी रूपा चौधरी ने छात्र-छात्राओं से वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करवा कर उसके महत्व के बारे में जानकारी दी। ईएलसी सदस्य राजेशकुमार मीणा ने बताया कि वीएचएल ऐप के माध्यम से जिन विद्यार्थियों ने मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं करवाया वह इस ऐप के माध्यम से पंजीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। ईएलसी मेंटर सुमन ने विद्यार्थियों को वोटर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की भौतिक सुविधाओं को लेकर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अभियंता ने महाविद्यालय का अवलोकन करके छात्र-छात्राओं को शिक्षा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

## उपखण्ड अधिकारी रामकरण सिंह ने किया पदभार ग्रहण

**निवाई (का.स.)।** उपखंड अधिकारी के पद पर नवनियुक्त उपखण्ड अधिकारी रामकरण सिंह को नियुक्त होने पर किसान महापंचायत के नेतृत्व में किसानों ने माला एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि नवनियुक्त उपखण्ड अधिकारी रामकरण सिंह को राजस्थानी परंपरा के अनुसार स्वागत करके किसानों की समस्या पर चर्चा की। उपखण्ड अधिकारी सिंह ने कहा कि किसानों की समस्या का समाधान करवाना ही उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस दौरान महापंचायत के कोषाध्यक्ष मोहनलाल चौधरी व महामंत्री शंकरलाल मीणा सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# हरियाली अमावस्या का मेला आज : सैंकड़ों लोग अपने परिवार व साथियों के साथ बोरंगी में मनाएंगे पिकनिक, लोगों ने भारी उत्साह

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** हरियाली अमावस्या के पावन पर्व पर रक्तांचल पर्वत के पीछे स्थित बौरंगी में नगरपालिका के तत्वावधान में गुरूवार को वार्षिक मेले का अयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर लोगों ने भारी उत्साह बना हुआ है। इस दौरान मेले में कई लोग व युवा अपने दोस्तों व परिवार के साथ पिकनिक का आनन्द लेंगे। इस दौरान रक्तांचल पर्वत से बहते हुए झरनों में नहाने का भी आनन्द लेंगे। नगरपालिका के तत्वावधान में आयोजित हरियाली अमावस्या के मेले में युवक-यवतियों ने ऊंट व घोड़े की सवारी करने, मेला स्थल पर लगी चाट, पकौड़ी व कचौरी की दुकानों सहित पतासी के ठेलों पर खाद्य पदार्थो का जमकर आनन्द लेंगे। बच्चों व युवतियों ने बौरंगी में बने हुए रेत के टीलों पर चढक़र फिसलने का आनन्द लेंगे। रेत के टीलों व पहाड़ के ऊपर अलग-अलग समूहों में लोगों ने पारिवारिक पिकनिक मनाएंगे। इस बार सावण मास में मानसून की मेहरबानी होने से खूब बरसात हुई है जिससे चारों ओर हरियाली हो गई। मेला स्थल पर नगरपालिका द्वारा रोशनी की पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई है। मेला स्थल पर विभिन्न प्रकार के खिलौनों, गुब्बारों व कई खाद्य व्यंजनों की दुकाने सज गई है। इससे पूर्व गरूवार की सुबह करीब 4 बजे से ही सैकडों श्रद्धालु महिला-पुरूषों ने रक्तांचल पर्वत की साढे तीन कोस की परिक्रमा लगाकर धर्म लाभ कमाएंगे। श्रद्धालुओं ने परिक्रमा की शुरूआत जालन्धरनाथजी के मंदिर, मोरिया वाले बालाजी मंदिर, श्रीगौरीशंकर महादेव मंदिर, श्री राधादामोदर मंदिर व कंकाली माता मंदिर के दर्शन करके करेंगे। परिक्रमा में श्रद्धालु भजन गाते, रामधुनी करते व जयकारे लगाते हुए टोंक रोड होते हुए संजय वन, जनता कालोनी, छोटी बरथल, बडी बरथल, ज्वालामाता मंदिर होते हुए बौरंगी से गुजरकर वापस श्री राधादामोदर मंदिर में पहुंचेंगे। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस के जवान तैनात रहंगे।

# सेव द स्ट्राइप्स अंतरराष्ट्रीय कला शिविर में कला के माध्यम से बाघ संरक्षण का संदेश

## देश-विदेश से आए 30 कलाकार रणथंभौर में कर रहे हैं कैनवास पर टाइगर संरक्षण का चित्रण

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** विश्व बाघ दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर आर्ट समिट, एस्ट्रल लिमिटेड एवं आरटीडीसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित द्वितीय अंतरराष्ट्रीय रणथंभौर कला शिविर 'सेव द स्ट्राइप्स' का शुभारंभ बुधवार को होटल आरटीडीसी विनायक, रणथंभौर में जिला कलक्टर काना राम द्वारा दीप प्रज्वलन कर विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने शिविर में कलाकारों द्वारा प्रदर्शित पेंटिंग्स का अवलोकन कर उनकी सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं, बल्कि स्थानीय कलाकारों को भी प्रोत्साहन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सेव द फॉरेस्ट एंड सेव द टाइगर जैसी थीम को बढ़ावा देकर हम प्रकृति संरक्षण और जैव विविधता की रक्षा की दिशा में सार्थक प्रयास कर सकते हैं। इस अवसर पर देश-विदेश से आए कलाकारों ने जिला कलेक्टर व अन्य अतिथियों को अपनी बनाई हुई टाइगर पेंटिंग्स भेंट की। जिला कलेक्टर ने सभी चित्रकारों से संवाद करते हुए कहा कि रणथंभौर की वन्य संपदा, प्राकृतिक सौंदर्य और बाघों की उपस्थिति आपकी स्मृतियों में हमेशा जीवित रहेगी। उन्होंने इन चित्रों को प्रचार-प्रसार के माध्यम से देश-दुनिया तक पहुंचाने का आग्रह भी किया। यह पाँच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शिविर 22 से 26 जुलाई तक देश-विदेश के 30 ख्यातनाम कलाकारों की उपस्थिति में बाघों के संरक्षण और सवाई माधोपुर में रचनात्मक पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टि से आयोजित किया जा रहा है। कलाकार अपनी विशिष्ट कलात्मक शैलियों में बाघों की सुंदरता, ताकत और संरक्षण के प्रतीकों को कैनवास पर साकार कर रहे हैं। शिविर में सिंगापुर से विंसेट सी और तान ली.ली. शिवाली माथुर, श्रीलंका से पी.के. ईसुरु सुरेन और के.डी. लक्ष्मण, गुजरात से शीतल, महाराष्ट्र से श्वेता माथुर, मध्य प्रदेश से स्मिता भंडारी, डॉ. अमिता खरे, हर्षित परिहार, गुलशन कुशवाह सहित राजस्थान के शरद भारद्वाज, रश्मि राजावत, ताराचंद शर्मा, श्वेता नैना तथा सवाई माधोपुर के ओमप्रकाश महावर, प्रारूप कुमावत, राजकुमार शाक्यवाल, इब्राहिम अली खान, लक्षिता जादावत और शिप्रांकी भारद्वाज जैसे कलाकार शामिल हैं।

# भरतपुर रैंज का जिम्मा तेज तर्रार आईपीएस कैलाश बिश्नोई को

## ऐसे आईपीएस ऑफिसर जिनके नाम से कांपते हैं अपराधी

बढ़ता राजस्थान





**अलवर/भरतपुर ( रूपक शर्मा )।** अपने सख्त मिजाज के लिए पहचाने जाने वाले कैलाश चंद्र बिश्नोई 2007 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वे वर्तमान में रैज आईजीमलगाए गए हैं। बुधवार को बारिश की रिमझिम फुंवारों के बीच उन्होनें पद भार ग्रहण किया। इस दौरान पुलिस टीम ने उन्हे गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया। इससे पूर्व वे डीआईजी जेडीए रहे हैं। 10 मार्च सन 1979 को बिकानेर में जन्में इस शानदार व स्मार्ट पुलिस अधिकारी का अपने पुलिस रूतबे के पीछे बड़ा कारण उनकी कार्यशैली में निष्पक्षता व न्याय साफ नजर आता है। बीकानेर जिले में जन्में कैलाश बिश्रोई एम.फिल, एम,ए बी.एस.सी की शिक्षा के बाद भारतीय पुलिस सेवा में आए उसके बाद अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रथम जयपुर। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त थर्ड पुलिस आयुक्तालय, जयपुर। उप महानिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जोधपुर जैसे बड़े पदों पर भी रहे। जयपुर महानगर के एडिशनल पुलिस कमिश्नर प्रथम की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली और जयपुर जैसे शहर में क्राइम कंट्रोल करने में उनकी अहम भूमिका रही है, इसी के मद्देनजर सरकार को उन पर खासा भरोसा है। ऐसे में एक चुनौतीपूर्ण रैंज उन्हे दी गई है,लेकिन लोगों का मानना है कि एक उम्दा पुलिस अधिकारी के रूप में वे पहले भी भरतपुर एसपी रहते हुए बदमाशों का सही इलाज करके गए थे। उनकी गिनती राजस्थान के सबसे निष्पक्ष और स्मार्ट ऑफिसर्स में की जाती है। राजनेता भी उनकी कार्यशैली और दबंग मिजाज से वाकिफ हैं इसलिए उन पर कभी कोई अनावश्यक दबाव नहीं बना पाते है। विधानसभा चुनाव जयपुर जैसे शहर में सांप्रदायिक तनाव की प्रबल संभावनाए थी लेकिन दोनों ही चुनाव बहुत ही शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हुए। इसका श्रेय एडिशिनल पुलिस कमिश्नर बिश्नोई को भी दिया जाता है। उन्होंने अपनी टीम पर भरोसा रखते हुए बडे ही योजनाबद्ध तरीके से अपने काम को अंजाम दिया और राजधानी में कोई भी तनाव पैदा नहीं होने दिया । जुलाई 2022 में आईपीएस कैलाश चंद्र बिश्नोई को जयपुर के एडिशनल पुलिस कमिश्नर का चार्ज दिया गया था, जब उन्होंने पद संभाला उसके बाद से ही वह पुलिस के स्लोगन आमजन में विश्वास अपराधियों में भय को सार्थक करने में जुट गए। चुनाव के दौरान गुण्ड़ा एक्ट लगाकर लगभग तीन दर्जन बदमाशों को तडीपार किया गया था। ऐसे में पूरे कमिश्नरेट में इस जाँबाज अफसर की तारीफ हुई उस समय राजधानी बदमाशों से मुक्त हो चुकी थी। पुलिस के प्रति आम जनता में विश्वास बनाने के लिए वह महानगर के विभिन्न थानों में जाकर नियमित रूप से जनसुनवाई भी करते, यह पहल विशेष रूप से उन लोगों के लिए शुरू की गई है जो अपनी पीड़ा को पुलिस के उच्च अधिकारियों तक नहीं पहुंचा पाते, इसका असर ये हुआ कि थानों में दर्ज होने वाले मामलों में भी कमी देखी गई और लोगों की समस्याओं का तुरंत समाधान भी हुआ। जयपुर के एडिशनल पुलिस कमिश्नर प्रथम से पहले कैलाश बिश्नोई जोधपुर एसीबी में डीआईजी के पद पर तैनात थे, इस दौरान उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की जिससे रिश्वतरखोरों में खलबली मच गई थी, इसके साथ ही वह जयपुर ,उदयपुर, भरतपुर, अलवर हनुमानगढ़ झुंझुनूं, सिरोही जैसे जिलों में भी एसपी के पद पर तैनात रहे। इन जिलों में एसपी रहते हुए उन्होंने अपराध और तस्करी पर ऐसी नकेल कसी कि अपराधी पुलिस का नाम सुनते ही कांपने लगते थे। बढ़ता राजस्थान ऐसे शानदार अधिकारी को शुभकामनाए देती है।

महावर धर्मशाला में आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा के तीसरे दिन का वृत्तांत

# पाप से दूर रहना है तो हमेशा धर्म से जुड़े रहे : डॉ श्री शिवम साधक जी महाराज



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** महावर धर्मशाला में चल रही शिवमहापुराण कथा के तीसरे दिन कथा ब्यास डॉ शिवम साधक ने बताया जब तक हम धर्म के क़रीब रहते हैं पाप उतना ही हमसे दूर भागता है इसलिए हमे अपने चरित्र और आचरण को संयम में रखने के लिये धर्म से जुड़े रहना चाहिये। साथ ही कथा सुनाते हुये कहा कि कथा सुनने के बाद नारद जी के हृदय अभिमान के बाद काम उत्पन्न हो गया। जिस दिन हम्हारे हृदय में अहम् जन्म लेता है उस दिन हम अपना सब कुछ खो बैठते है । कथा के बीच में भक्तिमय संगीत पर महिलाओं के साथ साथ आज पुरुषों ने भी खूब नृत्य करके भोले बाबा के जयघोष के नारे लगाए बम बम भोले का उच्चारण किया साथ ही ब्रह्मलीन भक्ति सम्राट संत गुरुजी श्री शिवानन्द साधक जी महाराज को भी याद करके खूब जयकारे लगाए गए पूरे हॉल का माहौल मानो पवित्र होकर मंदिर जैसा हो गया हो सभी आनन्द रस में डूबकर नृत्य करते नजर आए कई भक्तों की आँखें भी गुरुजी को याद करके नम होती दिखाई दी । कथा के अन्त में धन के स्वामी कुबेर कि कथा सुनाते हुये कहा । कैसे शिवालय में दीप दान करने से एक सामान्य सा व्यक्ति कुबेर बन गया। हम सबको भी भगवान को दीप दान करना चाहिए। आरती पश्चात सभी भक्तगणों को प्रसाद वितरित किया गया।

## श्री श्याम नवयुवक मण्डल के सदस्यों ने भगवान गणेश जी को दिया निमंत्रण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्याम नवयुवक मंडल की ओर से 9 सितम्बर 2025 को 24वा श्री श्याम वंदना महोत्सव विवेकानंद चौक पर बड़ी धूमधाम से होने जा रहा है वही मण्डल अध्यक्ष जितेंद्र नरुला ;बॉबीद्ध ने बताया कि श्री श्याम नवयुवक मंडल की ओर से 9 सितम्बर 2025 को 24 वा श्री श्याम वंदना महोत्सव विवेकानंद चौक अलवर में बड़ी धूमधाम से होने जा रहा है जिसकी तैयारिया जोरो शोरो से की जा रही है 8 सितम्बर को दोपहर 3 बजे विशाल शोभायात्रा विवेकानंद चौक से निकाली जाएगी जो मुख्य बाजारों से होती हुई वापिस विवेकानंद चौक पहुंचेगी । इससे पूर्व बुधवार को प्रात᠆9 बजे मंडल के सदस्यो द्वारा श्री गणेश जी भगवान को निमंत्रण दिया गया वही बॉबी नरुला ने बताया कि इस वर्ष श्री श्याम वंदना महोत्सव में कोलकता से सौरभ शर्मा, श्री धामवृंदावन से खुशबू राधाए तिजारा से गौरव दत, अलवर से भाई महेंद्र अमन, अलवर से संजय शर्मा व दिल्ली की देव म्यूजिकल ग्रुप अपनी स्वर लहरियों से बाबा को मीठे मीठे भजनो से रिझायेगे, वही मंच संचालक बिट्टू राज शर्मा द्वारा किया जाएगा। महोत्सव में कोलकता के फूलों से खाटू श्याम बाबा का श्रृंगार किया जाएगा व 56 भोग की झांकी सजाई जाएगी। इस अवसर पर मंडल के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## अलवर पुलिस कप्तान के रूप में आईपीएस सुधीर चौधरी ने संभाला पदभार

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** भारतीय पुलिस सेवा के शानदार अधिकारी आईपीएस सुधीर चौधरी ने बुधवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। इस दौरान सभी पुलिस अधिकारियों ने उनकी अगुवाई कर उनका स्वागत किया। आईपीएस सुधीर चौधरी जैसलमेर से ट्रांसफर होकर अलवर पद स्थापित हुए हैं। हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच हुई जंग ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए जैसलमेर की आंतरिक सुरक्षा और सीमावर्ती इलाकों में लोगों की जागरूकता के लिए भारतीय सेना द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया था। बहुत बेहतरीन पुलिस ऑफिसर के रूप में उन्हें जाना जाता है। शानदार पुलिसिंग और अपराधियों में भय व आमजन में विश्वास के स्लोगन को बढ़ाने वाले अधिकारी हैं सुधीर चौधरी । मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम जैसी ठगी को रोकना और क्षेत्र में बढ़ते अपराध को रोकना उनकी मुख्य प्राथमिकता में शामिल रहेंगे।

## मास शिवरात्रि पर शिवालयों में गूंजे बम भोले के जयकारे, कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** कस्बे सहित आसपास के इलाकों में बुधवार को मास शिवरात्रि के पर्व पर शिवालयों में भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना की गई। इस दौरान शिवालयों पर श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। बम बम भोले के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कस्बे के आमकीवाल में हरिद्वार से सातवीं डाक कांवड़ यात्रा वापस लौटी। इस दौरान जगह-जगह डीजे की धुन पर श्रद्धालुओं नाचते गाते हुए जा रहे थे। वहीं कस्बे के तीर्थंकर महादेव मंदिर में सावन मास की शिवरात्रि पर हरिद्वार व नारायणी माता से डाक कांवड़ लाकर चढ़ाई गई। इस दौरान दिनभर मंदिरों में श्रद्धालुओं का हुजूम लगा रहा। मंदिरों में विशेष सजावट की गई। जगह-जगह प्रसादी का आयोजन किया गया।

## भोमियाँ बाबा का सालाना अखण्ड भण्डारा का हुआ आयोजन श्रद्धालुओं ने पाई पंगत प्रसादी

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत श्यामपुरा स्थित बाबा भोमिया का सालाना अखण्ड भण्डारा 23जुलाई 2025बुधवार को आयोजित हुआ ।जिसमें श्रद्धालुओं ने बैठकर मालपुआ और सब्जी की पंगत प्रसादी पाई ।पुजारी रुड़ाराम सैनी ने बताया कि मालियों की ढाणी में भोमिया बाबा के सालाना भण्डारे को लेकर मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गईं थी। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने हिस्सा भी लिया था ।रुड़ाराम सैनी ने बताया कि आज भण्डारे के दिन लोक गायक महावीर महासी द्वारा लोक गीत प्रस्तुत किए गए। उन्होंने बताया कि जिन श्रद्धालुओं की दर पीढ़ी बाबा भोमिया के प्रति श्रद्धा रही है उनके परिजन बाबा को ढोक लगाकर मन्नते मांग प्रसादी पा रहे हैं। इस अवसर पर पुजारी रुड़ाराम सैनी,सुरेश सैनी, गोलाराम स्वामी, लीलाराम सैनी, श्रीराम सैनी, रामनिवास सैनी, दीनाराम सैनी, बिशम्बर सैनी,पूर्णचंद सैनी, सुरमल सैनी, मुकेश सैनी, रमेश जैन सहित काफ़ी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु मौजूद रहे।

# अधिकारियों की अनदेखी-रास्ते में भर रहा गंदा पानी, नौनिहालों की नहीं समझ रहे परेशानी

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** रैणी उपखंड क्षेत्र के माचाड़ी कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से नयागांव जाने वाले आम रास्ते की हालत खराब होने के कारण स्कूल जाने वाले नौनिहाल व आमजन की परेशानी को ना प्रशासन सुन रहा है ना क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सुन रहे हैं। स्थानीय ग्रामीण बिजेंद्र सैनी, राजू सैनी, रोहिताश सैनी, संतू सैनी ने बताया कि नयागांव से माचाड़ी जाने वाला रास्ते की हालत बेहद खराब है। रास्ते में बारिश के कारण पानी जमा हो गया है जिसके कारण जगह-जगह कीचड़ जमा हुआ है। इस रास्ते से राउमावि माचाड़ी जाने के दौरान कीचड़ वाले रास्ते से बच्चों की यूनिफॉर्म और बैग खराब हो जाते हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। कच्चे रास्तों में पानी व कीचड़ हो जाता है। आलम यह है कि कीचड़ से होकर स्कूल जाने को बालक मजबूर है। हर साल बारिश के दिनों में इसी प्रकार के हालात बनते हैं, लेकिन समाधान नहीं। ऐसे में सवाल उठता है कि कैसे बढ़े सरकारी स्कूलों में नामांकन, कैसे बच्चें स्कूल तक जाएं और उनकी पढ़ाई हो। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बार-बार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के कहने के बावजूद भी इस रास्ते पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बुधवार को कांवड़ यात्रा के दौरान ग्रामीणों को इसी कीचड़ व पानी भरे रास्ते से होकर निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### ग्रामीणों का आरोप ग्राम पंचायत मोहर्रम की जगह डाल रही है मिट्टी

स्थानीय ग्रामीण बिजेंद्र सैनी, बाबू सैनी, राजू सैनी, सुरेन्द्र सैनी आदि ने आरोप लगाया कि प्रशासन को पांच दिन पूर्व सूचना देने पर तहसीलदार, पटवारी व सरपंच ने मौका मुआयना भी कर ग्रामीणों से मोहर्रम डलवाने की बात कही। लेकिन ग्राम पंचायत मिट्टी डलवा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि बारिश के मौसम में खाली मिट्टी से फिसलन व कीचड़ हो जायेगा। इससे बच्चों व राहगीरों को और ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक व प्रशासन से रास्ते में मोहर्रम डलवाने की मांग की है।

## न्यायिक कर्मचारियों का पांचवें दिन भी धरना रहा जारी



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ जयपुर के आह्वान पर राजगढ उपशाखा के बैनर तले मंत्रालयिक न्यायिक कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश लेकर पांचवें दिन भी न्यायालय परिसर में स्थित मंदिर में धरना-प्रदर्शन किया। उपशाखा राजगढ के अध्यक्ष रतनलाल कोली ने बताया कि राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ जयपुर की ओर से मंत्रालयिक कर्मचारियों की कैडर पुनर्गठन की मांग के समर्थन में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। बुधवार को मंत्रालयिक न्यायिक कर्मचारियों ने न्यायालय परिसर में नारे लगा धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यह अनिश्चितकालीन धरना 19 जूलाई से चल रहा है। इस मौके पर नारायण सेन, राजेंद्र सैनी, दीनदयाल शर्मा, रामसिंह मीना, राजेश शर्मा, सुमन शर्मा, लाडबाई मीना, संतोष शर्मा, गिरिराज सिंह गुर्जर, दीनदयाल सैनी, गिर्राज शर्मा, गंगाराम मीना, मनोज नरूका, हेमन्त मीना आदि मौजूद रहे।

## एनएम व आशा सहयोगिनियों को मार्च 2024 से नहीं मिला है प्रोत्साहन राशि का भुगतान

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** एलएचवी व एएनएम संघ ऑफ राजस्थान व आशा सहयोगिनी संघ ने मुख्य ब्लॉक चिकित्साधिकारी पवन हाथीवाल को मांग पत्र देकर स्र्माट फोन के माध्यम से विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की डिजिटल रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने की मांग की है। एएनएम मुकेश कंवर, प्रतिभा मीणा, शारदा चौधरी, सुनिता चौधरी सहित कई एएनएम ने बताया कि डांगरथल पीएचसी के अधीन कार्यरत एएनएम व आशा सहयोगिनियों को मार्च 2024 से इन्टरनेट, पीबीआई व टीबीआई भुगतान की प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं मिला है। जबकि इसके वाऊचर पीएचसी पर मुख्य लेखाकार को मार्च 2025 में उपलब्ध करवा दिए थे तथा चिकित्साधिकारी को भी इस बारे में अवगत करवा दिया गया था और बीसीएमएचओ ने सीएचओ को भुगतान भी कर चुके है। लेकिन एएनएम व आशाओं को आज तक भुगतान नहीं किया गया है। जिससे उनको आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## बानसूर में भाजपा मंडल की नवगठित कार्यकारिणी की परिचयात्मक बैठक संपन्न, विकसित बानसूर, खुशहाल बानसूर संकल्प पर चर्चा

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) बानसूर मंडल की नवगठित कार्यकारिणी की परिचयात्मक बैठक आज आयोजित हुई। मंडल अध्यक्ष राकेश सिंघल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में नई कार्यकारिणी के सदस्यों का परिचय, संगठन के लक्ष्यों पर विचार-विमर्श, और माननीय विधायक देवी सिंह शेखावत के संकल्प विकसित बानसूर, खुशहाल बानसूर को लागू करने की रणनीति पर गहन चर्चा हुई। राकेश सिंघल ने अपने उद्बोधन में सभी नवनिर्वाचित सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा, भाजपा बानसूर मंडल की यह नई कार्यकारिणी पार्टी और संगठन के साथ मिलकर मजबूती से कार्य करेगी। विधायक देवी सिंह शेखावत का संकल्प 'विकसित बानसूर, खुशहाल बानसूर' हमारा केंद्रीय आधार है। यह संकल्प मंडल के प्रत्येक गांव और कस्बे में समृद्धि और विकास लाने का सुनहरा अवसर है, जिसे हम पूर्ण समर्पण के साथ लागू करेंगे। बैठक में प्रचार समिति को विशेष रूप से व्हाट्सएप, फेसबुक, और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से विधायक के विकास कार्यों को प्रसारित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। मुख्य प्रवक्ता एडवोकेट नवीन कुमार यादव ने कहा, हमारी कार्यकारिणी विधायक श्री देवी सिंह शेखावत के संकल्प और उनके विकास के विजन को हर घर तक पहुंचाएगी। हम स्थानीय समस्याओं जैसे पानी की कमी, बेरोजगारी, और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी को इस संकल्प के साथ जोड़कर समाधान करेंगे। उन्होंने बताया कि अगली बैठक विधायक महोदय और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित होगी, जिसमें प्रचार योजना, आगामी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा, और भविष्य की रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों ने अपने सुझाव साझा किए और विधायक के संकल्प को लागू करने के लिए उत्साह दिखाया। बैठक में महामंत्री राजेश गुप्ता, संदीप जाट, उपाध्यक्ष अभिमन्यु चौधरी, नीलम जैन, धर्मेंद्र यादव, लक्ष्मण मावर, राजेश भारद्वाज, प्रकाश गुर्जर, मंत्री दिनेश कुमावत, अनीता यादव, जितेंद्र सैनी, तेजपाल जांगिड़, सुनीता मीणा, बबलू वाल्मीकि, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंह शेखावत, मुख्य प्रवक्ता एडवोकेट नवीन कुमार यादव, आईटी सेल प्रमुख रिंकू गुवारिया, सोशल मीडिया प्रमुख दीपक शास्त्री, मन की बात संयोजक मंजूलता यादव, मन की बात सह-संयोजक नीतू सोनी, और कार्यालय प्रभारी सचिन जांगिड़ उपस्थित रहे।

## वैश्य महिला समिति ने मनाया तीज महोत्सव



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** महिला वैश्य समिति राजगढ़ की ओर से बुधवार को तीज महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। वैश्य महिला समिति की अध्यक्ष कमलेश गुप्ता ने बताया कि वैश्य महिला समिति की ओर से कस्बे के छाहरीन धाम व झरना धाम में तीज महोत्सव बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें चना गेम में सुषमा गोयल प्रथम, रेणु जैन द्वितीय चुड़ी गेम प्रतियोगिता में मोना विजय प्रथम रही। इस दौरान अध्यक्ष कमलेश गुप्ता, सुषमा गोयल, ममता विजय, चंद्रकांता विजय, रेणु जैन, माया गोयल, मनीषा गोयल, पवन जैन, अनिता विजय, बबीता गोयल, अनिता गुप्ता, मोना विजय, दिपिका गोयल, कृष्णा गुप्ता सहित अनेक महिला सदस्य उपस्थित रही।

# हरिद्वार से लाई गई डाक कावड़ के गंगाजल से किया गया जलाभिषेक

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** उपखण्ड क्षेत्र में स्थित श्री श्री 1008श्री सतानन्द आश्रम ऊँछपुर में हरिद्वार से डाक कावड़ द्वारा लाए गए गंगा जल से जलाभिषेक किया गया। भोलेनाथ के भक्त ढाकला निवासी कृष्ण कुमार ने बताया कि बाबा सतानन्द और भोलेनाथ में गहरी आस्था है। उनके आशीर्वाद से ही इस डाक कावड़ का सफल क्रियान्वयन हुआ अन्यथा रास्ते में कोई दुर्घटना भी घट सकती थी। बाबा सतानन्द और भोलेनाथ का आशीर्वाद हमारी सभी बस्तियों पर रहा है और रहेगा ऐसी मुझे उम्मीद है। डाक कावड़ दल में कुल 41श्रद्धालुओं सहित अन्य लोग भी शामिल रहे। आश्रम आगमन से पूर्व शिव भक्तों का माला साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया गया वहीं श्रद्धा से उनके पाँव छूकर भोलेनाथ और गंगा मैया का आशीर्वाद भी लिया। बानसूर उपखण्ड क्षेत्र के गाँव रायली श्रद्धालुओं ने शामदा शिव धाम में भोलेनाथ का गंगाजल से जलाभिषेक किया। शामदा धाम स्थित बाबा भोलेनाथ के दरबार में प्रात:कालीन से ही श्रद्धालुओं की काफ़ी संख्या में भीड़ उमड़ी। बम- बम भोले के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। महिलाओं नें भोलेनाथ के भजनों के माध्यम से गुणगान किया तो पुरुषों ने जयकारे लगाकर गुणगान किया। रायली गांव के 35 शिवभक्तों की टोली ने हरिद्वार से डाक कांवड़ से गंगाजल लेकर 450 किलोमीटर की यात्रा 25 घंटे और 30 मिनिट में तय की। जो आजतक का कीर्तिमान है। रायली के युवाओं नें यह 10वीं डाक कावड़ यात्रा शान्तिपूर्ण, भक्तिमयी और जोशीले अंदाज में तय की। इस अवसर पर रंगलाल अध्यापक, सुभाष सरपंच, लक्ष्मण गुरूजी, बिल्लू युवा नेता, छात्रसंघ अध्यक्ष धर्मपाल गुर्जर, गुलशन, भूपेंद्र गुर्जर, छितर बिल्डर, शीशराम चनेजा, राजेश, यादराम, निरंजन, अशोक पटेल, हव. सुन्दरलाल, हव. वीरसिंह, हरिकिशन खूंटी, लालाराम, बैयालाल, पूर्ण भगत जी, डॉ अजय कुमार, नफेसिंह, परमानंद पटेल, मुनेश, लक्ष्मण सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर ने किया बाल संरक्षण संस्थानों का निरीक्षण

# प्रत्येक बालक-बालिका को सुरक्षित व गरिमामयी वातावरण मिले : कलक्टर

### शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास पर दिया विशेष जोर

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, (दामोदर सिंह)।** जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने बुधवार को कोटा शहर स्थित बाल संरक्षण संस्थानों बाल कल्याण समिति कार्यालय, राजकीय बालिका गृह नान्ता, नारी निकेतन तथा राजकीय शिशु गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों और महिलाओं के रहन-सहन, शिक्षा, पुनर्वास, स्वास्थ्य, पोषण एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर समारिया ने बाल कल्याण समिति कार्यालय का दौरा किया, जहां उन्हें बच्चों की श्रेणियों, उनके आगमन के माध्यम, पुनर्वास की स्थिति, पोक्सो मामलों की संख्या, बाल श्रमिकों, ग्रामीण क्षेत्रों और अन्य राज्यों से लाए गए बच्चों के विषय में जानकारी दी गई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी बच्चों के मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी और मानवीय दृष्टिकोण से समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि बच्चों को सुरक्षित और स्थायी पुनर्वास उपलब्ध हो सके। इसके पश्चात उन्होंने राजकीय बालिका गृह नान्ता का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने बालिकाओं से संवाद किया और उनकी शिक्षा, भोजन की गुणवत्ता, वोकेशनल ट्रेनिंग और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए उनसे संस्थान की व्यवस्थाओं में सुधार हेतु सुझाव भी आमंत्रित किए। जिला कलक्टर समारिया ने अधिकारियों से कहा कि बालिकाओं के लिए शिक्षा के साथ-साथ गैर-शैक्षणिक गतिविधियों जैसे कला, खेल, संगीत आदि को भी संस्थागत रूप से जोड़ा जाए ताकि उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि संस्थान में प्रेरणादायक वातावरण विकसित किया जाए, जिससे बालिकाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। नारी निकेतन में जिला कलक्टर समारिया ने महिलाओं द्वारा निर्मित राखियों, सजावटी वस्तुओं एवं अन्य हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं के कार्यों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के प्रयास उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाते हैं। अधीक्षिका श्रीमती अंशुल मेहन्दीरत्ता ने बताया कि नारी निकेतन में महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, योग, हस्तकला आदि जैसे कौशलों का प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे संस्थान से बाहर जाने के बाद आत्मनिर्भर होकर गरिमापूर्ण जीवन यापन कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि नारी निकेतन की एक महिला योग कौशल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में रैंक प्राप्त कर चुकी है। निरीक्षण के अंत में जिला कलक्टर समारिया ने राजकीय शिशु गृह का अवलोकन किया, जहां उन्होंने छोटे बच्चों की देखरेख, पोषण, रहन-सहन और स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की स्थिति जानी। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों को संतुलित आहार प्रदान किया जाए और उनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि संस्थान की स्वच्छता, वातावरण और भावनात्मक सुरक्षा बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, अतः इनका विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई कोटा श्री रामराज मीणा, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह राठौड़, सदस्य श्री ऋषभ जैन, श्रीमती हरप्रीत कौर, श्रीमती अंजुमन बानो, अधीक्षक श्री बाबूलाल शर्मा, नारी निकेतन की अधीक्षिका श्रीमती अंशुल मेहन्दीरत्ता तथा प्रोटेक्शन अधिकारी श्री दिनेश शर्मा उपस्थित रहे।

## हमारी संस्कृति की भाषा है संस्कृत, संस्कृत सभी जोड़ने का कार्य करती है

### संस्कृत संभाषण शिविर का समापन, बच्चों ने किया संस्कृत में बातचीत का अभ्यास

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (का.स.)।** संस्कृत भारती कोटा महानगर द्वारा आयोजित किए जा रहे संस्कृत संभाषण शिविर का समापन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केशवपुरा सेक्टर 6 में किया गया। स्थानीय विद्यालय के संस्कृत के व्याख्याता दुष्यंत कुमार शर्मा ने बताया 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर में बच्चों ने संस्कृत भारती के विशिष्ट पाठ्यक्रम के द्वारा सरलतम रूप में संस्कृत में बात करना सीखा। संस्कृत भारती के विस्तारक दिनेश शर्मा द्वारा शिविर में भिन्न-भिन्न गतिविधियों के माध्यम से संस्कृत गीत, कारक, विभक्ति आदि का शिक्षण करवाया। छोटे-छोटे संवादों से अभिनय के द्वारा नाटक का अभ्यास करवाया गया। प्रतिदिन काम में आने वाले वाक्यों के द्वारा संस्कृत बोलने का अभ्यास किया। चरित्र का निर्माण करने वाले संस्कृत साहित्य के छोटे-छोटे श्लोक और संस्कृत के गीतों का भी अभ्यास करवाया हुआ। कार्यक्रम में संस्कृत भारती की महानगर अध्यक्ष डॉ. संस्कृति ने सभी से संस्कृत से जुड़ने का आह्वान किया। विभाग संयोजक देवेंद्र गौतम ने संस्कृत भारती का परिचय देते हुए बताया कि संस्कृत का कार्य संपूर्ण भारत देश में और विदेश में भी चल रहा है। संस्कृत भारती कई प्रकल्पों के माध्यम से जन सामान्य को संस्कृत में संभाषण सिखाती है। संस्कृत सभी जोड़ने का कार्य करती है। वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय से आए संस्कृत के सहायक आचार्य डॉ. कपिल गौतम ने बताया कि संस्कृत भाषा संस्कृति की रक्षा के लिए बहुत आवश्यक है। यदि संस्कार देने हैं तो संस्कृत का ज्ञान होना ही चाहिए। तभी चरित्रवान समाज से राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। सूचना एवम् जनसंपर्क विभाग के सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक डॉ पीके सिंघल ने संपूर्ण साहित्य में संस्कृत भाषा के योगदान के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कथा कहानियों के माध्यम से शिक्षण को सरलतम बनाने की जानकारी दी। विद्यार्थियों को कहानियों की पुस्तकें भेंट की। राजकीय महाविद्यालय पिड़ावा के सेवानिवृत्त पूर्व प्राचार्य डॉ केबी भारतीय ने संस्कृत भाषा की सरलता और सूक्ष्मता का विस्तार से विवेचन किया। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. वैदेही गौतम ने आभार जताया।

## मनीष तिवारी होंगे पश्चिम मध्य रेलवे के नए पीसीसीएम

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय के नवनियुक्त प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मनीष तिवारी ने औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया है। मनीष तिवारी भारतीय रेलवे यातायात सेवा 1994 बैच के रेल अधिकारी है। उन्होंने पूर्व में भारत सरकार के गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव एवं रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक (पी.जी.), उत्तर रेलवे में मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (यात्री सेवा) तथा पश्चिम मध्य रेल में कोटा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। पदभार ग्रहण के उपरांत उन्होंने पमरे महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय से शिष्टाचार भेंट की तथा वाणिज्य अधिकारियों के साथ बैठक कर यात्री सुविधाएं, पार्सल, पार्किंग, कैटरिंग एवं माल भाड़ा को बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पश्चिम मध्य रेलवे में उनके नेतृत्व से रेल राजस्व को नई गति और सुदृढ़ता मिलने की आशा है।

### श्रावणी अमावस्या पर दो बार होंगे हिंडोला मनोरथ के दर्शन

**कोटा (विनोद गौड़)।** शुद्धाद्वैत प्रथम पीठ श्रीबड़े मथुराधीश मन्दिर पाटनपोल पर श्रावणी अमावस्या गुरुवार को मनाई जाएगी। इस दौरान मथुराधीश प्रभु झूले में विराजेंगे। प्रभु निज तिबारी से बाहर आकर और चौक में हिंडोला मनोरथ के दो बार दर्शन होंगे। पहले दर्शन 5.30 बजे तथा दूसरे दर्शन 7.30 बजे के बाद होंगे। गुरुवार को भोग -आरती के दर्शन नहीं होंगे। प्रथम पीठ युवराज गोस्वामी मिलन बावा ने बताया कि हरियाली अमावस्या पर श्रीहरि अपने विरहकुल भक्त के विरह तप को कम करने के लिए मथुरा से व्रज निकुंज में हिंडोलना में झूलने आए थे। इसलिए यह दिन बहुत महत्वपूर्ण है।

## पूजा अर्चना कर किया कावड़ यात्रा का शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** श्रीराम मंदिर आयोजन समिति द्वारा आयोजित कावड़ यात्रा का पूजा अर्चना कर विधिवत बुधवार को शुभारम्भ किया गया। यात्रा का शुभारंभ कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने किया। शर्मा ने कहा कि विभिन्न नदियों के जल से भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए की जाने वाली कावड़ यात्रा साधारण यात्रा नहीं है,बल्कि भक्ति के साथ तपस्या और समर्पण का भी प्रतीक है। भक्ति की आत्मिक शक्ति के बल पर ही कावडिए दूर दूर से शुद्धता और संयम का पालन करते हुए पवित्र जल लेकर विपरीत परिस्थितियों में नंगे पांव बिना थके, बिना रूके कई किलोमीटर पैदल चल पाते है, साथ ही समूह में यात्रा करने वाले कावडियों का एक दूसरे से प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का भाव उत्पन्न करती है। विभिन्न स्थानों पर निकलने वाली कावड़ यात्राएं सम्पूर्ण क्षेत्र को शिवमय बना देती है जिससे अन्य साधारण जन भी भक्ति से आह्लादित हो जाते हैं। कावड़ यात्रा में कथा व्यास राष्ट्रीय संत बालयोग ब्रह्मानन्द जी महाराज के सान्निध्य का सान्निध्य मिला और विभिन्न स्थानों पर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के सभापति डॉ सुधीर उपाध्याय, महामंत्री परमानन्द शर्मा, संयोजक राजेन्द्र चावला आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। विधायक शर्मा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बुधवार को भी वृक्षारोपण का क्रम जारी रखते हुए अनन्तपुरा के हनुमान मंदिर पार्क में पौधे लगाए। उन्होंने स्थानीय निवासियों से आग्रह किया है कि सभी पेड़ लगाने का अपना अपना दायित्व निभाएं और लम्बी आयु वाले स्थानीय पौधे लगाएं जो आने वाली पीढ़ियों के लिए उपयोगी बने। वृक्षारोपण के बाद विधायक शर्मा ने जनसुनवाई भी की और लोगों की समस्याएं जानकर अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता कीर्तिकांत गोयल, पार्षद सोनू धाकड़, मण्डल अध्यक्ष पन्नालाल बंजारा, राजेश राठौड़, सत्यनारायण मेहता, महेश भट्ट एवं मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महादेव जाने वालो के लिए अंडर पास बना परेशानी का सबब



बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)।** बूंदी जिले के सुप्रसिद्ध कमलेश्वर महादेव मंदिर पर दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालुओं का सुमेरगंज मंडी में बना रेलवे अंडर पास मुसीबत बना हुआ है। बारिश के मौसम में रेलवे अंडर पास में बरसाती पानी भर जाने के कारण दो पहिया वाहन चालक ओर पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में श्रद्धालु और ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर रेल की पटरी को पार कर जाना पड़ता है। कमलेश्वर महादेव मंदिर पर अमावस्या की चतुर्दशी को देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु कमलेश्वर महादेव के दर्शन करने आते हैं। आपको बता दे की सुप्रसिद्ध कमलेश्वर महादेव मंदिर जाने का यही एक रास्ता है जिस पर रेलवे द्वारा बनाए गए अंडरपास में से होकर निकलना पड़ता है इस बारे में स्थानीय जनता ने रेलवे के उच्च अधिकारियों को, लोकसभा सांसद ओम बिरला को समस्या के बारे में बताया। कुछ महीने पहले इंदरगढ़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भी स्थानीय जनता ने कमलेश्वर मार्ग पर ओवरब्रिज बनाने की मांग की थी। मंत्री जी ने आश्वासन दिया था। मार्ग पर बने रेलवे अंडरपास में पानी भारत होने के चलते श्रद्धालु तथा ग्रामीण रेल की पटरी को पर कर के जाते हैं इस दौरान पूर्व में पटरी पार करते वक्त अपनी जान गवा चुके हैं। इसी मार्ग से क्षेत्र की तीन ग्राम पंचायत दौलतपुरा, नवलपुरा, चाणदा पंचायत के ग्रामीणों का आना-जाना रहता है। आखिर इस अंडरपास की समस्या से कब मिलेगी जनता को निजात।

## केबीएस गुरुकुल में रोटरी इंटरैक्ट क्लब की नई कार्यकारिणी का भव्य नियुक्ति समारोह

### रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ ने स्कूल को डस्टबिन व लाइब्रेरी के लिए किताबें भेंट कीं

बढ़ता राजस्थान




**कोटा, (दामोदर सिंह)।** केबीएस गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रोटरी इंटरैक्ट क्लब की नई कार्यकारिणी का नियुक्ति समारोह बड़े उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। समारोह में विद्यार्थियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। नए पदाधिकारियों में नैतिक शर्मा प्रेसिडेंट, आकाश (सेक्रेटरी, प्रियांशी डागर वाइस प्रेसिडेंट, चित्राक्षी ट्रेज़रर और सुनाक्षी संयुक्त सचिव शामिल हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ के अध्यक्ष विनय अग्निहोत्री तथा वशिष्ठ अतिथि सचिव डॉ. आर.बी. गुप्ता थे। अध्यक्ष विनय अग्निहोत्री ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई और प्रिंसिपल श्रीमती नेहा जैन व चेयरमैन डॉ. प्रवीण गुप्ता ने बैज पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्रों को समाजसेवा में सक्रिय योगदान देने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ द्वारा बच्चों को गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन भेंट किए गए, जिससे छात्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़े। साथ ही विद्यालय की लाइब्रेरी के लिए पुस्तकों का भी भेंट किया गया। अध्यक्ष विनय अग्निहोत्री ने कहा कि इंटरैक्ट क्लब विद्यार्थियों में नेतृत्व, सेवा और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करने का एक सशक्त माध्यम है। समारोह के अंत में चेयरमैन डॉ. प्रवीण गुप्ता ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हरित भारत के ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए कोटा तैयार

### देश भर की 100 से अधिक कंपनियां करेगी अपने उत्पादनों का प्रदर्शन

### 25 से 27 जुलाई तक होगा हरित भारत एक्सपो का आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**कोटा, (दामोदर सिंह)।** भारत सरकार के एम एस एम ई मंत्रालय द्वारा हरित भारत एक्सपो का आयोजन कोटा व्यापार महासंघ ,दी एस एस आई एसोसियेशन, लघु उद्योग भारती, होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान कोटा डिवीजन ,हाडोती सोलर पावर समिति ,सोलर संगठन भारत, सहित कई संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में पहली बार कोटा में द करणी पैलेस में दिनांक 25 से 27 जुलाई तक हरित भारत एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है । कोटा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष क्रांति जैन एवं महासचिव अशोक माहेश्वरी ने बताया कि इस हरित भारत एक्सपो का आयोजन कोटा की अर्थव्यवस्था एवं रोजगार को नई दिशा देने की एक पहल है इस आयोजन के माध्यम से कोटा की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने के प्रयास किये जा रहे हैं ऐसे आयोजन का मुख्य उद्देश्य सोरल के माध्यम से बिजली का उत्पादन एवं इसकी उपयोगिता की संपूर्ण जानकारी आम जन उपभोक्ताओ को उपलब्ध कराना है साथ ही इस आयोजन को जन जन की भावनाओं के अनुरूप सोरल लगाए जाने पर सरकार द्वारा किस तरह की छूटे एवं फायदे मिले और कैसे पर्यावरण को बचाया जा सके इसी उद्देश्य को लेकर यह आयोजन किया जा रहा है इस आयोजन में देशभर की 100 से अधिक सोलर निर्माता कंपनियां अपने उत्पादन का प्रदर्शन करेगी तीन दिवसीय आयोजन में विभिन्न प्रकार की सेमिनारों बी टू बी मीटिंग टॉक शो आदि का भी आयोजन किया जाएगा । दी एस एस आई एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष गोविंद राम मित्तल, लघु उद्योग भारती चित्तौड़ प्रांत के प्रांतीय प्रभारी पवन गोयल ,लघु उद्योग भारती कोटा के अध्यक्ष अंकुर गुप्ता ने बताया कि सोरल में उत्पादित बिजली की बचत के लिए डिवाइस अब जो कोटा में ही निर्मित की गई है जिसका प्रदर्शन भी इस एक्सपो के माध्यम से किया जाएगा । होटल फेडरेशन आफ राजस्थान कोटा डिवीजन के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी एवं महासचिव संदीप पाडिया ने बताया कि सोरल ऊर्जा के लिए होटल रिसोर्ट प्रतिष्ठानो को इसकी जानकारी की कमी महसूस की जा रही थी इस इस आयोजन के माध्यम से फेडरेशन के सभी होटल रिसोर्ट व्यवसाईयों को सोरल लगाने के लिए प्रेरित कर रहे है इस तरह के आयोजन से सभी आमजनो को इससे सम्बंधित सभी पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाने के हम प्रयास कर रहे हैं होटल फेडरेशन आफ राजस्थान पूरी तरह से इस एक्सपो में अपनी सहभागिता निभा रहा है।

## महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सोगरिया में विधायक कल्पना देवी द्वारा विकास कार्यो का लोकार्पण

**कोटा (विनोद गौड़)।** बुधवार को लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने नगर निगम कोटा उत्तर के वार्ड नं. 43 सोगरिया स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में विधायक कोष के 90.00 लाख रूपये की राशि से निर्मित 4 नवीन कक्षा-कक्ष मय बरामदा एवं 6 अन्य कक्षा-कक्षों में विकास कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि विद्यालय में कक्षा-कक्षों की कमी से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी । क्षेत्र की पार्षद, विधालय के प्रधानाचार्य, स्टाफ एवं क्षेत्र के स्थानीय नागरिकों द्वारा इस समस्या से अवगत कराने पर उन्होंने विधायक कोष से 90 लाख रूपये स्वीकृत कर निर्माण एवं विकास कार्य करवाऐ। उन्होंने कहा कि बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रशासन ने विद्यालय परिसर में टिन शेड की आवश्यकता से अवगत कराया, जिस पर विधायक ने तुरंत 30 लाख रूपये की लागत से टिन शेड निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की हर आश्यकता को चरणबद्ध रूप से पूरा किया जायेगा- " आप कल्पना करते रहिए , मैं उन्हें साकार करती रहूंगी"। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी के.के. शर्मा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी रामचरण मीणा, अधिशासी अभियन्ता नगर निगम उेत्तर प्रकाश शर्मा, एसडीएम.सी. सदस्य तेजपाल वर्मा एवं लल्लन प्रसाद शर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधायक के दखल के बाद जागा प्रसासन, गड्ढे को भरवाया

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)।** उपखंड क्षेत्र के घाट का बराणा में रेलवे स्टेशन बस्ती समेत क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों को मेगा हाइवे सड़क से जोड़ने वाली सड़क के मुहाने पर हो रहे गड्ढे को आखिर क्षेत्रीय विधायक सी एल प्रेमी के दखल के बाद बुधवार को प्रसासन ने भरवाया। कांग्रेस नेता पीयूष जैन सुभाष वर्मा ने बताया कि सड़क पर हो गड्ढे से स्टेशन पर आवाजाही करने वाले यात्रियों व क्षेत्र के मालिक पूरा धरावन, रघुनाथ पूरा समेत आधा दर्जन गांवों के लोग परेसान हो रहे थे। प्रसासन कई बार अवगत करवाने पर समस्या का समाधान नही होने से गड्ढे में कई बाइक सवार गिर कर चोटिल हो गए। कार्यकर्ताओ ने क्षेत्रीय विधायक सी एल प्रेमी को जब समस्या से अवगत करवा कर समाधान को मांग की तो विधायक ने विभाग को पत्र लिखा तब जाकर बुधवार को प्रसासन ने गड्ढे को गिट्टी व ग्रेवल डाल कर भरवाया गया।



## गंगाजल लेकर कावड़ियों के दल पहुंचे भुसावर

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** हरिद्वार एवं सौरव जी से विभिन्न कांवड़ियों के दल क्षेत्र के विभिन्न गांवों सहित उपखंड मुख्यालय पर श्रावण मास की शिवरात्रि के अवसर पर पहुंचे। हरिद्वार से डाक कावड़ यात्रा लेकर उपखंड मुख्यालय पर पहुंचा 31 सदस्य दाल ने अपनी 500 किलोमीटर की दूरी दौड़कर पुरी की। कस्बे के विभिन्न देवालयों में भोलेनाथ का अभिषेक किया । कस्बा वासियों ने पुष्प वर्षा कर कावड़ियों का स्वागत किया इस अवसर पर अनेकों स्थानों पर भोले बाबा के भंडारे का आयोजन किया गया।



## हलैना उप तहसील को लेकर दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**वैर/ भरतपुर ( गोपाल पाठक )।** उप तहसील हलैना को यथावत रखने की माँग को लेकर बुधवार को हलैना और आसपास के गाँवों से आये विभिन्न संगठनों से जुड़े नागरिकों ने आज नायव तहसीलदार को राज्य के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया ।गणमान्य नागरिकों द्वारा दिये ज्ञापन में कहा है कि हलैना उप तहसील को अगर समाप्त किया गया तो क्षेत्र की जनता को भारी परेशानी होगी जिसकी बजह से जनता में सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ेगी जिसके कारण भाजपा को आगामी समय में होने बाले चुनावों में भारी नुकसान उठाना पड़ेगा । ज्ञापन में कहा गया है कि हलैना उप तहसील राजस्व देने में बहुत आगे है ।किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने कहा कि किसी भी लोकतंत्रिक तरिके से चुनी हुई सरकार का काम होता है सुविधाओं का विकास और विस्तार करना परन्तु मौजूदा सरकार को भरतपुर ही नही समूचे प्रदेश स्तर पर तहसीलों को समाप्त करने का फैसला निरस्त करना चाहिये , इससे जनता को भारी असुविधा हो जायेगी ।गणमान्य नागरिकों ने कहा कि हलैना तहसील की माँग करीब तीस वर्ष पुरानी थी जिसे पिछली गहलौत सरकार ने पूरा किया था । उन्होंने कहा कि जरूरत तो थी हलैना में पूर्ण तहसील बनाने की लेकिन सरकार अनेक तहसीलों को मर्ज करके जन सुवधाओं को समाप्त कर रही हैउपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री से हलैना उप तहसील को यथावत रखने की माँग की । किसान नेता और पूर्व जिला पार्षद इन्दल सिंह जाट % पंचायत समिति सदस्य संजय गुप्ता % भाजपा नेता गोविन्द गुप्ता % चन्द्र प्रकाश सौलंकी भाजपा महा मंत्री % नरेन्द्र शर्मा % तारा चन्द वाटर वक्स बाले % पत्रकार थान सिंह सिनसिनवा र , कमल सिंह तिलचिवी % अजीत सिंह % नरेन्द्र शर्मा %नवीन कुमार % बच्चू सिंह गुर्जर मौलोनी , श्याम सिंह % सतेन्द्र शर्मा सरसैना % बाबू लाल वेरी % सहित अनेक गणमान्य किसानों ने नायव तहसीलदार को ज्ञापन प्रस्तुत किया ।



## कैडर रिव्यू एवं स्वतंत्र जॉब चार्ट की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भुसावर में पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी कार्यालय को ज्ञापन सौंपा है। भुसावर उपशाखा के पदाधिकारियों ने उपखंड अधिकारी कार्यालय में यह ज्ञापन दिया। संगठन के सदस्य चेतराम ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के 16,000 मंत्रालयिक कर्मचारियों ने कैडर रिव्यू और स्वतंत्र जॉब चार्ट की मांग की है। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीनों से विभाग कर्मचारियों को परेशान कर रहा है। मंत्रालयिक नेतृत्व पर दमनात्मक कार्रवाई तुरंत रोकी जाए, कर्मचारियों के दस्तावेजों की बार-बार जांच बंद की जाए, वित्त विभाग के अनुसार मंत्रालयिक संवर्ग का कैडर पुनर्गठन किया जाए, पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराए जाएं सहित कई मांगों का उल्लेख किया है। उपखंड अधिकारी की अनुपस्थिति में निजी सहायक सौरभ मिश्रा को सोपा ज्ञापन।



## गृह राज्य मंत्री बेढ़म आज नगर विधानसभा में, 17 सड़कों का करेंगे शिलान्यास/लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**डीग/ भरतपुर ( मुकेश सैनी )।** नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म 24 जुलाई.2025 गुरुवार को नगर विधानसभा क्षेत्र में 708.30 लाख रुपए से निर्मित 17 सड़कों का शिलान्यास/लोकार्पण करेंगे। सडको में ताजीपुर, सैमली, लोधाहेडी, रानौता, बूचाका, मोराका, खेड़ली गूजर, खखावली, चिरावलगूजर, चकचेलुआ, सिरथला, भूतका, गंगावक, रसिया और पूंछरी आदि है।

## राजसमंद के दिवेर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद,(सुरेश बागोरा)। राजसमंद के दिवेर थाना क्षेत्र के भागना में 5 दिन पूर्व ट्रक चालक से मारपीट कर 33 लख रुपए के फर्नीचर कोटक सहित लूट ले जाने के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए ट्रक सहित फर्नीचर को बरामद किया है। दिवेर थाना अधिकारी भवानी शंकर ने बताया वारदात के बाद पीड़ित लहू लोहान हालत में दिवेर थाने पर पहुंचा और अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी टीम की सहायता से ब्यावर के रीको एरिया तक ट्रेस किया। रीको एरिया में आरोपी ट्रक में भारी माल को बेचने की फिराक में था लेकिन पुलिस को देखते ही वहां से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक सहित लूट गए माल को बरामद कर दिवेर थाने पर रखवाया है। वहीं आरोपी लूटकर्ता की तलाश जारी है।

## एनपीए समूहों को चिन्हित कर रिकवरी सुनिश्चित की जाएं-सीईओ

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजीविका की समीक्षा बैठक मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। बैठक में सीईओ द्वारा राजीविका से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने एनपीए समूहों पर चर्चा करते हुए कहा कि जो समूह महिला सशक्तिकरण के नाम पर राजकीय राशि का दुरुपयोग करते हुए समय से नहीं जमा कराते उन्हें चिन्हित कर रिकवरी किया जाना सुनिश्चित करें। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप समूह गठन, लोनिंग, उत्पाद का निर्माण, ब्रांडिंग, मार्केटिंग हो। उन्होंने सीएलएफ की प्रबंधकों से चर्चा करते हुए कहा कि जो सीएलएफ किराए के भवनों में संचालित हैं उनके लिए निकटतम राजकीय भवन मुहैया कराने हेतु प्रयास किए जाए।

# अनुदेशकों की कमी के कारण विज्ञान केंद्र पर लगा ताला, दो हफ्ते पहले ही था उद्घाटन

## वीआईपी मूवमेंट के समाप्त होने के बाद उपहास की भेंट चढ़ा केंद्र

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और प्रयोगात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला कलेक्ट्रेट के सूचना एंव जनसंपर्क कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान के सहयोग से स्थापित किए गए धौलपुर विज्ञान केंद्र शुरु होते ही बंद होने की कगार पर है। दो हफ्ते पहले ही भारत सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने उक्त विज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया था। लेकिन गेट पर ताला लटका देख विज्ञान केंद्र को देखने आने वाले विद्यार्थी व विज्ञान प्रेमी अब मायूस होकर वापस घर लौट रहे है।

बीते 8 जुलाई को धौलपुर विज्ञान केंद्र का केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह हाथों उद्घाटन कराया गया था। जिसमें उनके साथ बतौर अतिथि जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम स्वंय मौजूद रहे थे। इस कार्यक्रम में शिरकत करने मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह हेलिकॉप्टर से धौलपुर पधारे थे। उनके स्वागत सत्कार में जिला प्रशासन ने कोई कोर कसर नही छोड़ी थी।

### विद्यार्थी मायूस होकर लौट रहे

सूचना एंव जनसंपर्क विभाग के परिसर में शुरु किए गए विज्ञान केंद्र के बाहर भास्कर संवाददाता को कुछ विद्यार्थी मिले, जो विज्ञान केंद्र पर लटका ताला देखकर मायूस होकर वापस लौट रहे थे। निजी विद्यालय में पढ़ने वाली तान्या ने बताया कि शहर में विज्ञान केंद्र की स्थापना होने पर मन में उत्साह था, जिसे देखने के लिए हम तीन छात्र आएं थे। लेकिन विज्ञान केंद्र पर ताला लटका हुआ है। कोई जानकारी देने वाला भी नही है, इसलिए अब मजबूरन वापस लौट रहे है।



रोजाना विज्ञान एंव खगोलीय प्रेमी व छात्र नवनिर्मित विज्ञान केंद्र को देखने की मन में इच्छा लेकर कलेक्ट्रेट आ रहे है, लेकिन दो हफ्ते पहले शुरु हुए विज्ञान केंद्र के गेट पर लटका ताला देखकर मायूस होकर वापस लौट रहे है। सवाल यह है कि जब विज्ञान केंद्र पर तैनाती के लिए कार्मिकों की कमी थी, तो जल्दबाजी में विज्ञान केंद्र का उद्घाटन कराने की आवश्यकता क्यो पड़ी। अब वीआईपी मूवमेंट के समाप्त होने के बाद और नवाचार का प्रचार-प्रसार पूरी तरह होने के बाद उक्त विज्ञान केंद्र के बाहर ताला लटक गया है। विज्ञान केंद्र का रखरखाव व साफ-सफाई भी भगवान भरोसे चल रही है। जिसकी सुध लेने वाला कोई नही है।

केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह व ग्रह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम के नाम की शिलापट्टिका पर कपड़ा मारने वाला भी कोई कार्मिक मौजूद नही है। नवाचार के नाम पर जिला प्रशासन द्वारा शुरु किया गया विज्ञान केंद्र शुरु होने के दो हफ्ते के बाद ही उपहास की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है। जिसका मुख्य कारण शिक्षा कार्मिकों की बड़ी कमी है, जिन्हें अनुदेशक के रुप में धौलपुर विज्ञान केंद्र में लगाया जाना था।

### इनका कहना

शिक्षकों की कमी है, जिन्हें नवनिर्मित विज्ञान केंद्र में अनुदेशक के रुप में तैनात किया जाना है। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को उक्त मामले को लेकर पत्र भी मेरे द्वारा भेज दिया गया है। जिससे जल्द से जल्द विज्ञान केंद्र शुरु कराया जा सके।

**रतन सिंह लोधा, विज्ञान केंद्र प्रभारी धौलपुर।**

## जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने किया बालिका छात्रावास का औचक निरीक्षण

### राज्य सरकार की मंशा अनुरूप जनजाति अञ्चल की बालिकाओं को मिले समुचित सुविधाएं - मंत्री खराड़ी

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद,(सुरेश बागोरा)। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी ने बुधवार को राजकीय जनजाति बालिका महाविद्यालय छात्रावास, चंद्रदीप कॉलोनी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास में निवासरत छात्राओं से संवाद कर व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली।



मंत्री खराड़ी ने छात्राओं से मेस, भोजन की गुणवत्ता, मीनू, कक्षा-कक्षों की स्थिति, चद्दरों और गद्दों की उपलब्धता, साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाओं, मांगों और समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस दौरान जब छात्राओं ने बताया कि वे स्वयं अपनी चद्दरें धोती हैं, तो मंत्री ने इस पर नाराजगी जताते हुए छात्रावास प्रबंधन को सख्त निर्देश दिए कि छात्राओं से किसी भी स्थिति में चद्दरें नहीं धुलवाई जाएँ ।उन्होंने यह भी पाया कि छात्रावास में प्रयुक्त चद्दरें और गद्दे पुराने हो चुके हैं। इस पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि तत्काल डिमांड भेजी जाए और शीघ्र ही छात्रावास में नई चद्दरें और गद्दे उपलब्ध कराए जाएं ।मंत्री ने अन्य मूलभूत आवश्यकताओं जैसे अलमारी, पेटियों आदि की पूर्ति के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया और कहा कि छात्राओं को बेहतर एवं सम्मानजनक वातावरण देना विभाग की प्राथमिकता है। इसके साथ ही मंत्री ने छात्राओं से अध्ययन को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने सभी छात्राओं से कहा कि वे कभी भी उन्हें फोन पर अपनी समस्याएं बता सकती हैं। मंत्री ने निर्देश दिए कि उनके नंबर छात्रावास में ऐसे स्थान पर लिखें जहां सभी छात्राएं पढ़ सकें और जरूरत होने पर उन्हें फोन पर समस्याओं के बारे में खुल कर बता सकें।

मंत्री खराड़ी ने रसोई का निरीक्षण कर सब्जियों, अनाज, फलों, मसालों आदि की गुणवत्ता को जांचा। उन्होंने निर्देश दिए कि सब्जियां फ्रेश मँगवाई जाए और स्टॉक करके न रखें। इस दौरान प्रोटोकॉल अधिकारी तहसीलदार विजय रैगर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी को लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक स्मृति सम्मान

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय) । वरिष्ठ भाजपा नेता, सेवा निवृत्त प्रोफेसर, साहित्यकार, समाजसेवी, पर्यावरणविद तथा राष्ट्रवादी विचारक डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी को लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक स्मृति सम्मान से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। वीणा वादिनी सेवा मंच तथा बृजलोक साहित्य कला संस्कृति अकादमी द्वारा लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती के अवसर पर डॉ. चतुर्वेदी को संस्था के अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार ऋषि वर्मा तथा सचिव आर्यन निषाद द्वारा लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक स्मृति सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉ. चतुर्वेदी को यह सम्मान उनके द्वारा राष्ट्र भाषा हिंदी, पत्रकारिता, शोध, शिक्षा, समाज सेवा, साहित्य, कला, संस्कृति तथा पर्यावरण आदि के क्षेत्र में प्रेरक, रचनात्मक एवं उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी को संगठनात्मक कार्यों का एक लंबा अनुभव है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ तथा विविध सामाजिक संगठनों में वे पिछले पैंतीस वर्षों से निरंतर सक्रिय हैं। शैक्षणिक एवं सामाजिक क्षेत्र में वे अपनी एक विशिष्ट पहचान रखते हैं। वे एक श्रेष्ठ समीक्षक, कुशल वक्ता तथा कुशल मंच संचालक भी हैं। डॉ. चतुर्वेदी अनेक सामाजिक क्षेत्रों में निरंतर सक्रिय हैं।

## हरियालो भरतपुर के अन्तर्गत रा.उ.मा.वि.खरेरा उच्चैन में किया वृक्षारोपण-- केदार नाथ पाराशर



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय् ) ।** राजकीय उच्च माध्यमिक माध्यमिक विद्यालय खरैरा उच्चैन के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया वृक्षारोपण में नीम, बरगद,गुलमोहर,करोंजा, बेर,करंज, टिकोमा,पसेंदू,बोतल ब्रुश, पीपल आदि के एक सौ बीस वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया यह वृक्षारोपण सेवानिवृत्ति संयुक्त निदेशक इंदिरा सिंह त्यागी ,सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य व समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर एवं सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य रूप किशोर शर्मा के सौजन्य से निशुल्क उपलब्ध कराए गये ।वृक्षारोपण के समय अशोक शर्मा सारस,कार्यवाहक प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार,व्याख्याता शीलेन्द्र जैन, व्याख्याता श्रीमती कमलेश देवी,चंचल गुप्ता व.अ.,भगतसिंह व.अ. ,मनोजकुमार शर्मा व.अ.,कल्पना बघेल व.अ.,अर्चना कुमारी अध्यापक,धर्मेन्द्र सिंह अध्यापक, आरती प्रजापति अध्यापक ,लक्ष्मण सिंह विद्यालय सहायक ,राजेश कुमार कनिष्ठ लिपिक एवम छात्र छात्राओं ने उपस्थित होकर वृक्षारोपण के कार्यक्रम में एक वृक्ष मां के नाम व हरियालो भरतपुर स्वच्छ सुन्दर भरतपुर के अंतर्गत किया गया ।साथ में सभी से यह अपील की गई कि पौधों की सुरक्षा व संरक्षण की जिम्मेदारी पूरा विद्यालय परिवार संभाले तथा सभी ने अपने उत्तरदायित्व को निर्वाह करने की सहमति दी कार्यक्रम के पश्चात कार्यवाहक प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने सभी को धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

## चिकित्सा संस्थानों पर मरीजों को उपलब्ध हो बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं - डॉ. मीणा

### सीएमएचओ डॉ. मीणा ने किया चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। आमजन को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने हेतु जिले का स्वास्थ्य महकमा मजबूती से कार्य कर रहा है। विभागीय अधिकारी भी लगातार जमीनी स्तर पर जाकर इसकी मॉनिटरिंग कर रहे है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा ने बुधवार को उपखंड बसेड़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नादनपुर तथा उप स्वास्थ्य केंद्र बरई का निरीक्षण कर स्वास्थ सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान सीएचसी बसेड़ी पर महिला पुरुष वार्ड, दवा वितरण केंद्र, प्रसव कक्ष, जांच



कक्ष तथा उपलब्ध संसाधनों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने लेबर रूम में सभी आवश्यक उपकरण, स्टाफ एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओ का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गए। साथ ही सभी चिकित्सा अधिकारियों एवं स्टाफ को यूनिफॉर्म में रहने, चिकित्सा संस्थान में सभी दवाइयों की उपलब्धता, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण सेवायें देने के निर्देश दिए।

इस दौरान टीबी मुक्त भारत अभियान के इंडिकेटर पर चर्चा की गई। वल्नरेबल पॉपुलेशन की स्क्रीनिंग कर उनकी निक्षय आईडी बनाने नाट टेस्ट तथा संभावित टीबी रोगियों की ज्यादा से ज्यादा चेस्ट एक्सरे करवाने हेतु निर्देश दिए। साथ ही डॉट्स का ईलाज ले रहे रोगियों के निक्षय पोषण योजना के भुगतान, निक्षय पोषण किट, टीपीटी ट्रीटमेंट ऑनलाइन कार्य पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग में प्रगति लाने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र तथा सीएचसी के निर्माणाधीन भवन का भी जायजा लिया, उन्होंने संबंधित ठेकदार को निर्माण कार्य में गुणवत्तापूर्ण सामग्री प्रयोग में लेने के साथ साथ निर्धारित मापदंड के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नेमीचंद मित्तल भी साथ रहे।

### अपराधियों में खौफ,जिले से पलायन पर हुए मजबूर पुलिस की कार्यप्रणाली से रेत माफियाओं में भय

## धौलपुर के लोग कानून व्यवस्था में आस्था रखने वाले - एसपी

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। जिले में अपराधियों पर लगाम लगाने और क्राइम को कंट्रोल करने में कही हद तक कामयाब रहे एसपी सुमित मेहरड़ा को कार्यालय से पूरी भव्यता के साथ विदाई दी गई। एसपी सुमित मेहरड़ा को उनके कार्यालय से घोड़े पर बैठाकर विदा किया गया। पुलिस विभाग के छोटे से बड़े कर्मचारी ने एसपी सुमित मेहरड़ा को माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान एसपी सुमित मेहरड़ा की पत्नी भी विदाई समारोह में मौजूद रही। कार्यालय कार्मिकों के अलावा एसपी सुमित मेहरड़ा के विदाई समारोह में परिवादी भी उन्हें अपनी शुभकामनाएं देने



पहुंचे थे। अधीनस्थों ने एसपी सुमित मेहरड़ा का राजस्थानी संस्कृति के अनुसार साफ पहनाकर उनको शुभकामनाएं दी। इसके बाद एसपी सुमित मेहरड़ा को घोड़े पर बैठाकर कलेक्ट्रेट परिसर में घुमाया गया। जहां से एसपी सुमित मेहरड़ा गाड़ी से रवाना हुए। इस मौके पर एसपी सुमित मेहरड़ा ने धौलपुरवासियों को लेकर संदेश देते हुए कहा कि धौलपुर के लोग अच्छे है आओर कानून में आस्था रखने वाले है। मेरी अपील है कि आगे भी कानून का ऐसे ही सम्मान करते रहे और पुलिस पर विश्वास कायम रखे। जिससे क्राइम को पूरी तरह कंट्रोल किया जा सके और अपराधियों को मुंह तोड़ जबाव दिया जा सके।

एसपी सुमित मेहरड़ा का कार्यकाल धौलपुर में 16 महीने का रहा। उनकी साफ-सुथरी छवि ने लोगों के दिल पर गहरा प्रभाव डाला। अपनी कड़क पुलिसिंग के दम पर एसपी सुमित मेहरड़ा ने अपराधियों में ऐसा खौफ कायम किया, कि अपराधी धौलपुर से पलायन करने को मजबूर हो गए। एसपी सुमित मेहरड़ा की लगातार प्रभावी कार्रवाई ने रेता माफियाओं की कमर तोड़ने का काम किया। उन्होंने कई ऐसे ब्लाइंड व पेंचीदा मामलों का नेतृत्व किया, जिनका खुलासा कर पाना आसान नही था। साथ ही लापरवाह पुलिस कर्मचारियों के प्रति भी एसपी सुमित मेहरड़ा कड़ी कार्रवाई करने से कभी नही नही चुके। कोई शिकायत लेकर आता था, तो खाली हाथ वापस नही लौटता था। न्याय जरूर मिलता था।

# झूठी एवं निराधार शिकायतों के विरुद्ध पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संघ कपासन ने मुख्यमंत्री एवं विभागीय अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा स्थानीय पंचायत समिति के समीप स्थित श्री यशोदानंदन नंदेश्वर मन्दिर परिसर में बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया।इसके उपरांत पंचायती राज के संवर्ग विशेष पर बार-बार की जा रही झुठी शिकायतों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, पंचायतीराज मंत्री,मुख्य सचिव एवं शासन सचिव आयुक्त पंचायतीराज के नाम उपखण्ड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका को ज्ञापन देकर आक्रोष व्यक्त किया गया। पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के कपासन ब्लॉक अध्यक्ष माधवलाल नायक ने बताया कि पंचायती राज के ही संवर्ग विशेष के द्वारा राज्य स्तर पर बार-बार झुठी एवं निराधार शिकायतें करने से कपासन क्षैत्र के उपखण्ड स्तरीय पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के संयोजन में यशोदानंदन नंदेश्वर मन्दिर परिसर में आयोजित बैठक को उपस्थित कार्मिकों द्वारा संबोधित कर पंचायती राज संस्थाओं में पदस्थापित 16 हजार मंत्रालयिक कर्मचारियों की व्यथा,न्याय मांगने पर दमनात्मक कार्यवाही,वह भी संवर्ग विशेष के अनैतिक हथकण्डों एवं इशारों पर कैडर रिव्यू एवं स्वतंत्र जॉब-चार्ट की मांग पर प्रति पंचायती राज विभाग का पक्षपातपूर्ण रवैया तथा मंत्रालयिक नेतृत्व को दी जा रही प्रताडना से व्यथित होकर उक्त कर्मचारियों में आंदोलन होने की स्थिति हो गई है।केवल मात्र केडर विशेष के इशारों पर 2013 के नियुक्त कार्मिकों के वैद्य दस्तावेजों की छः-छः बार जांच करा नाहक ही परेशान किया जा रहा है।जबकि उक्त मामलों की जांच पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार विभाग के तीन-तीन आईएएस अधिकारियों के निर्देशन में करवा चुकी है।जिसमे उक्त शिकायत पूर्णतया सारहीन पाई गयी। गौरतलब है कि पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संघ कपासन की अगुवाई में मंत्रालयिक नेतृत्व पर दमनात्मक कार्यवाहियां तत्काल बंद करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के नाम उपखण्ड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका को नारेबाजी के साथ रोष व्यक्त करते हुवे ज्ञापन सौंपा गया।इस दौरान पंचायत समिति कपासन सहायक प्रशासनिक अधिकारी



कैलाशचन्द्र गर्ग ने कहाकि कर्मचारी संघ के साथियों शांतिपूर्ण ज्ञापन प्रक्रिया के माध्यम से अपनी व्यथा व्यक्त कर रहे हैं। मगर झूठी एवं निराधार शिकायतें पर पूर्वाग्रहपूर्ण कार्यवाही जारी रहती है तो निश्चित कर्मचारी संघ के कार्मिकों को आंदोलन की राह पर उतरकर संघर्षरत होना पड़ेगा। उक्त ज्ञापन प्रक्रिया के दौरान बाबुलाल शर्मा, कैलाश चंद्र जाट, श्यामलाल बैरवा, किशन लाल जाट, लोकेश कुमार गौड़, आशीष शर्मा, नारायण लाल जाट, जितेन्द्र कुमार भट्ट, देवेन्द्र प्रजापत, प्रकाश गर्ग, गोपाल गौड़, सागर सक्सेना, प्रतीक भट्ट, मदन खटीक, आदि क्षेत्रीय मंत्रालयिक कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कार्यकारिणी गठित कर सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**करवर ( राकेश नामा )।** कस्बे में श्रीखेल के बालाजी मन्दिर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक समपन्न हुई। जिसमें विद्यार्थी परिषद के जिला संगठन मंत्री रामेश्वर, जिला संयोजक मनीष गौत्तम और भाग संयोजक अक्षय गुर्जर ने विद्यार्थी परिषद की सदस्यता अभियान की शुरुआत की। इस दौरान जिला संयोजक मनीष गौत्तम ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यो से अवगत करवाया और संगठन के इतिहास को बताते हुए कहा कि एबीवीपी राष्ट्रवादी विचारधारा वाले विद्यार्थियों का संगठन है जो भारत के गौरवशाली इतिहास व परंपरा से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्र प्रथम की बात करता है। एबीवीपी विद्यार्थियों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने वाला संगठन है। इस दौरान करवर इकाई की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे मंत्री चेतन नागर, सह मंत्री भैरूलाल सैनी, अमन नामा, एसएफडी संयोजक अंकित नागर, एसएफडी सह संयोजक शौर्य दीक्षित, लविश कुशवाह, एस एफ एस संयोजक नरेन्द्र नागर, एस एफ एस सह संयोजक सुनील सैनी, नमन नागर, महाविद्यालय संयोजक नितेश नागर, सह संयोजक प्रियांशु सैनी, नीरज नागर, विद्यालय संयोजक रिंकेश नागर, सह संयोजक रवि पारेता, मोहित नागर, सोशल मीडिया संयोजक आदित्य योगी, सह संयोजक अंशुमन गौत्तम, नगर कार्यकारिणी सदस्य विशाल कुशवाह, पंकज, चंचल आदि को बनाया गया। इस दौरान विहिप प्रखण्ड अध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुर्जर, विकास नागर, बंटी नागर,दीपक नागर,कृष्ण जांगिड़, अविनाश वर्मा, तन्मय जांगिड़ सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बाघपुरा विद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बाघपुरा ब्लाक सहाड़ा में आज 15 नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक माल्यार्पण करके स्वागत कार्यक्रम किया कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि जसवंत सिंह आसोलिया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीईईओ दिलीप सिंह चुंडावत, विशिष्ट अतिथि विनोद बुलीवाल, रामचंद्र सिरवी, जगदीश सिरवी, भैरु लाल ओड,नारायण सिरवी, नारायण ओड, गोमा ओड, रतन ओड आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भामाशाहों ने चारदीवारी निर्माण व विद्यालय विकास में सहयोग हेतु 63000 रुपए घोषणा की, इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सुरेशचंद्र रेगर, ललित कुमार सामलोट, मैना सुवालका उपस्थित रहे।

## पोषाहार बनाने वाले को टोकना शिक्षक पर पड़ा भारी, मिल्क पाउडर ले जाने का वीडियो वायरल

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/जहाजपुर ( अमित शर्मा )।** राजकीय विद्यालय बदनपुरा में शारीरिक शिक्षक द्वारा मिल्क पाउडर ले जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने शिक्षक पर स्कूल के बच्चों को दूध नहीं पिलाने और पोषण सामग्री को निजी उपयोग में लेने का आरोप लगाया है। वायरल वीडियो में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शिक्षक बच्चों का हक छीनकर मिल्क पाउडर अपने घर ले जा रहे थे। हालांकि मामले की तह तक जाने पर पूरी कहानी कुछ और ही सामने आई। शारीरिक शिक्षक सचिन टांक ने सफाई देते हुए बताया कि वह यह मिल्क पाउडर रघुनाथपुरा स्कूल के शिक्षक मिश्रीलाल बैरवा को देने जा रहे थे। बारिश के कारण सप्लायर ने रघुनाथपुरा स्कूल की सप्लाई बदनपुरा स्कूल में ही रखवा दी थी। इसकी जानकारी पहले ही उन्होंने सीबीईओ को दे दी थी। रघुनाथपुरा शिक्षक मिश्रीलाल बैरवा ने भी इस बात की पुष्टि की कि सप्लायर ने उनकी स्कूल की पोषण सामग्री बदनपुरा में उतार दी थी, इसलिए उन्होंने सचिन टांक से रास्ते में मिल्क पाउडर लाने का अनुरोध किया था। सीडीबीओ ओमप्रकाश खटीक ने मामले की जांच के बाद स्पष्ट किया कि मिल्क पाउडर ले जाने में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई। यह सप्लाई तकनीकी कारणों से गलत स्थान पर उतर गई थी और शिक्षक इसे सही स्कूल में पहुंचाने का कार्य कर रहे थे। जांच में यह भी सामने आया कि बदनपुरा स्कूल की पोषाहार बनाने वाली महिलाओं को जब शिक्षक ने गेहूं पीसवा कर पूरी मात्रा में नहीं लाने पर टोका, तो उनके परिजनों ने बदला लेने की नीयत से शिक्षक का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। यह वीडियो शिक्षक की छवि को धूमिल करने का प्रयास मात्र था। वायरल वीडियो के पीछे बदले की भावना काम कर रही थी, जबकि शिक्षक अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन कर रहे थे। मामले की सच्चाई सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने भी शिक्षक को क्लीन चिट दे दी है।


## भीलवाड़ा सांसद ने नान्दसा यूप स्तंभ को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की माँग उठाई

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** सांसद दामोदर अग्रवाल ने लोकसभा के मानसून सत्र के दौरान नियम 377 के तहत नान्दसा (गंगापुर) में स्थित 1800 वर्ष पुराने यूप स्तंभ को राष्ट्रीय धरोहर घोषित कर स्मारक के रूप में संरक्षित करने की माँग उठाई। सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि यह स्तंभ मालवा नरेश सोम द्वारा एकसृष्टि यज्ञ के बाद स्थापित किया गया था, जिस पर ब्राह्मी लिपि में संस्कृत लेख अंकित है। इसका क्षतिग्रस्त भाग उदयपुर संग्रहालय में संरक्षित है। इस स्तंभ का ऐतिहासिक, धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व अत्यधिक है और इसे उत्तर भारत में अद्वितीय माना जाता है। इसकी खोज 1927 में पुरा विशेषज्ञ रायबहादुर ओझा ने की थी। जलधारा विकास संस्थान ने भी इसे संरक्षित करने की माँग सांसद से की थी। सांसद ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण हमारी प्राथमिकता है।

## जिला कलक्टर ने लिया जिला स्तरीय वन महोत्सव आयोजन स्थल का जायजा

### शहर में विकास कार्यों का जिला कलक्टर ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा- निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने बुधवार को बूंदी शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को कार्यों में गति लाने तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने निरीक्षण की शुरुआत खेल संकुल स्थित इन्डोर हॉल से की, जहाँ उन्होंने वर्तमान में संचालित निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिये की सभी निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूर्ण कर लिए जावें साथ ही निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जावें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नही बरती जावें। उन्होंने नालों के किनारे जमा मिट्टी और गाद को तत्काल हटाने के निर्देश दिए ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हों। उन्होंने नवल सागर झील के किनारे चल रहे पर्यटन विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने वहां निर्माणाधीन फाउंटेन के शेष कार्यों को शीघ्रता से पूरा करवाने के निर्देश दिए ताकि पर्यटकों को इसका लाभ मिल सकें। जिला कलक्टर ने आरयूआईडीपी द्वारा करवाये जा रहे जैतसागर नाले के निर्माण कार्य का भी पुलिस लाईन क्षेत्र में जायजा लिया। उन्होने निर्माण कार्य में तेजी लाने, वर्तमान में पीसीसी, साईड वॉल एवं पूर्ण हो चुके कार्यो की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने पुलिस परेड ग्राउंड में आगामी 27 जुलाई को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय वन महोत्सव की तैयारियों का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होने निर्देश दिये कि राज्य सरकार की मंशा अनुरूप वन महोत्सव की व्यवस्थाऐं सुनिश्चित की जावें। आयोजन स्थल पर छायादार, फलदार पौधे लगवाये जावें साथ ही टेन्ट एवं पेयजल की व्यवस्थाऐं की जावें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, नगर परिषद आयुक्त धमेन्द्र मीणा, आरयूआईडीपी अधीशाषी अभियन्ता सोनम शर्मा सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

## हर पात्र लाभार्थी को मिले पीएम आवास योजना का लाभ





बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** नगर पालिका सभागार में बुधवार को पीएम आवास शहरी के तहत लाभार्थियो से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत प्रत्येक लाभार्थी को मौके पर बुला कर संवाद किया गया। ऐसे लाभार्थी जिनके प्रथम फेज के तहत स्वीकृत पीएम आवास पूर्ण नहीं होने पर शीघ्र ही पूर्ण करने के कहा गया। अधिशाषी अधिकारी शिकेश कांकरिया ने लाभार्थी के सामने आ रही समस्याओ के बारे में खुलकर चर्चा की गई। पीएम आवास फेज दो के तहत पात्र लोगो से अधिक से अधिक आवेदन किया जाने समझाइस की गई। उन्होने बताया कि पालिका क्षेत्र में ऐसे लाभार्थी जो पीएम आवास की पात्रता रखते है। उनको इस योजना का लाभ उठाना चाहिए। शिविर में पीएम आवास फेज दो के लिए पात्र लाभार्थियो से आवेदन भी लिये गये। कार्यक्रम में अधिशाषी अधिकारी शिकेश कांकरिया, प्रेमराज मीणा सीएलटीसी, कार्मिक पवन बैरवा, पूजा स्वामी, संदीप कुमार,रीना बैरवा सहित पालिका का स्टॉफ मौजूद रहा।

## महात्मा गांधी अस्पताल परिसर की धर्मशाला और कैंटीन में गड़बड़ी, समाजसेवी ने की जांच की माँग

बढ़ता राजस्थान





**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा ) ।** भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल परिसर स्थित धर्मशाला और कैंटीन संचालन पर गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए समाजसेवी मोहम्मद हारून रंगरेज ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर स्वतंत्र जांच की माँग की है। उन्होंने बताया कि गरीब मरीजों के लिए बनी धर्मशाला में होटल जैसी दरें वसूली जा रही हैं, रिकॉर्ड और पारदर्शिता का अभाव है, तथा कैंटीन का ठेका निजी लाभ के लिए देकर सरकारी कैंटीन को बंद कर दिया गया है, जिससे मरीजों को सस्ते भोजन की सुविधा नहीं मिल पा रही। रंगरेज ने आय-व्यय रिकॉर्ड सार्वजनिक करने, संचालन की निष्पक्ष जांच, सरकारी कैंटीन पुनः शुरू करने और धर्मशाला में डॉक्टर की अनुमति से ही कमरा देने जैसी माँगें रखीं हैं। कार्रवाई नहीं होने पर प्रदेश स्तर पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

## सुखी जीवन का सूत्र-जो प्राप्त है वो पर्याप्त है : आर्यिका मां 105 सत्यमति माताजी

बढ़ता राजस्थान





**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** परम पूजनीया आर्यिका 105 सत्यमति माताजी ने बूंदी जिले के चौगान मंदिर की धर्म सभा में बुधवार को कहा कि हमें हमेशा खुश रहना चाहिए हम खुश तब ही रह सकते हैं जब हम अपने जीवन में सुखी रहने का, खुश रहने का एक सूत्र अपना ले- कि जो प्राप्त है वो पर्याप्त है। इससे हम खुश और स्वस्थ रह सकते हैं। आगे माताजी ने आगम के अनुसार बताया कि आ. उमास्वामी जी कहते हैं कि हमें दु:खी देखकर कोई दु:खी होता है तो इससे हमें असाता वेदनीय कर्म का बंध होता है और कोई हमें देखकर खुश होता है तो हमें साता वेदनीय कर्म का बंध होता है। यदि हम खुश रहते हैं तो स्वयं भी चमकते हैं और दूसरों को भी चमकाते हैं। इसलिए हमें खुश रहना चाहिए। दु:खी हम केवल अपनी मानसिकता के कारण होते हैं ।खुश रहना.- माताजी ने इसका उपाय बताते हुए कहा कि हमें अपनी सोच को सकारात्मक करना होगा और भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा, आस्था, विश्वास और समर्पण रखना होगा जो हमारी सोच के साथ हमारे पापों का भी नाश करेगा। अंत में माताजी ने यही कहा कि हमें तकलीफ में भी मुस्कुराते रहना चाहिए। इस प्रकार जिनवाणी स्तुति के साथ सभा का समापन हुआ। धर्म सभा की क्रियाएं संतोषजी पाटनी द्वारा बताई गई कि मंगलाचरण संघस्थ बा. ब्र: प्रीति दीदी ने किया, दीप प्रज्वलन नरेन्द्र, सुरेशजी, रमेश जैन ने किया, दीप प्रज्जवलन - संजय पाटनी ने किया, मंच संचालन- अध्यक्ष संतोष पाटनी ने किया और प्रवचन के लिए निवेदन संघस्थ बा. ब्र.आस्था दीदी ने किया इस प्रकार धर्म सभा में कई लोग मौजूद थे।

## ट्रक की चपेट में आने से हम्माल हुआ घायल, उजिला चिकित्सालय से बून्दी किया रैफर

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** देईपोल चुगीं नाके पर बुधवार को राशन के गेहू भरे हुए ट्रक की चपेट में आने से एक हमाल घायल हो गया। एकाएक हुआ हादसे को लेकर देईपोल चैराहे पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। 108 ऐम्बूलेंस मौके पर नहीं पहुँची तो एक टेम्पो में घायल लेकर रवाना हो गये। पुलिस थाने के सामने एम्बूलेंस आने पर घायल को एम्बूलेंस की मदद से उपजिला चिकित्सालय पहुँचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बून्दी रैफर किया गया। सुचना पर पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने बताया कि कस्बे के वाड़ एक निवासी रमेश गुर्जर आत्मज कैलाश गुर्जर उम्र 35 वर्ष हमाली का कार्य करता है। राशन के गेहू के कट्टो को उतारने को लेकर रमेश चलते ट्रक में चढ़ने की कोशिश करते समय एकाएक वह नीचे गिर गया ओर ट्रक की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। एक पैर कुचल गया। साइड में भी चोटे आई है। थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि घायल की ओर से अभी तक पुलिस को कोई परिवाद नहीं दिया गया है। परिवाद प्राप्त होने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

## छह साल से फरार 10 हजार का इनामी एनडीपीएस आरोपी भीलवाड़ा पुलिस की गिरफ्त में

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )** भीलवाड़ा पुलिस की डीएसटी टीम और थाना हमीरगढ़ ने छह साल से फरार चल रहे 10,000 रुपये के इनामी अपराधी चौथाराम उर्फ अशोक विश्नोई को ग्राम कानासर से गिरफ्तार किया। यह आरोपी 21 जनवरी 2019 को एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में वांछित था, जिसमें स्वरूपगंज चौराहा पर स्वीफ्ट कार से 60 किलोग्राम डोडा चूरा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। उक्त वाहन का स्वामी व मुख्य साजिशकर्ता चौथाराम घटना के समय से फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ने इनाम घोषित किया था। एएसपी पारस जैन व सीओ सदर के निर्देशन में थानाधिकारी संजय गुर्जर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम में आशीष मिश्रा, कालुराम, कन्हैयालाल, राकेश, घीसूलाल और भजनलाल शामिल थे, जिनके प्रयास से आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली।

"गीता के अनमोल वचन जीवन का उद्देश आत्म साक्षरता और मोक्ष प्राप्त करना हैं।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



निंबाहेड़ा में लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम

# 200 विधानसभा क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## मुख्यमंत्री ने निंबाहेड़ा में 475 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का किया शिलान्यास-लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

. **निम्बाहेड़ा/जयपुर।** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान विकास की नई गाथा लिख रहा है। हमारी सरकार प्रदेश के विकास के प्रत्येक संकल्प को सिद्धि तक पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए पर्याप्त बजटीय प्रावधान किए हैं तथा यह डबल इंजन की सरकार ऐतिहासिक फैसले लेकर राजस्थान को एक समृद्ध और विकसित राज्य बनाने की तरफ अग्रसर है।

शर्मा बुधवार को चित्तौड़गढ़ के निंबाहेड़ा की कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेवाड़ शक्ति और भक्ति की भूमि है। यह वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप, भक्त शिरोमणि मीरा बाई, स्वामीभक्त पन्नाधाय और भामाशाह जैसे दानवीरों की भूमि है। श्री शर्मा ने कहा कि सावन के महीने में हो रही अच्छी बारिश प्रदेश के लिए अमृत के समान है। कृषि के लिए यह बरसात लाभकारी सिद्ध होगी।

### 5 साल में 50 करोड़ पौधारोपण हमारा लक्ष्य




. मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पिछले वर्ष यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेते हुए हरियालो राजस्थान की शुरुआत की और पिछले वर्ष हमने साढ़े सात करोड़ पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि आने वाली 27 जुलाई को हरियाली तीज के दिन हम ढाई करोड़ पौधे लगाने जा रहे हैं। हम हरियालो राजस?थान के माध्यम से इस वर्ष प्रदेश में 10 करोड़ पौधे तथा 5 साल के कार्यकाल में 50 करोड़ पौधरोपण का लक्ष?य लेकर काम कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से बारिश के इस सीजन में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने और हरियालो राजस्थान के संकल्प को पूरा करने में योगदान करने की अपील की।

### विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण राज्य सरकार की नीति और नीयत का पुख्ता प्रमाण

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने निंबाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र के 475 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण-शिलान्यास किया। उन्होंने सिंचाई विभाग के 26.95 करोड़, शिक्षा विभाग के 7.19 करोड़, पंचायतीराज विभाग 2.80 करोड़, विद्युत विभाग के 11.77 करोड़, जलग्रहण एवं भू-संरक्षण विभाग के 1.89 करोड़, चिकित्सा विभाग के 7.88 करोड़, सार्वजनिक निर्माण विभाग के 13.10 करोड़, विपणन विभाग के 8.59 करोड़, स्वायत्त शासन विभाग के 64.56 करोड़, वन एवं पर्यावरण के 64 लाख, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी के 3.39 करोड़ तथा आरएसआरडीसी के 325 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात निम्बाहेड़ा में अहिंसा सर्किल स्थित एक दुकान पर रुककर चाय पी। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों एवं युवाओं से बात की। श्री शर्मा ने चाय का भुगतान यूपीआई के माध्यम से किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मंडी परिसर में अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण तथा पौधारोपण भी किया। इसके बाद उन्होंने परिसर में ही लगाई गई प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों एवं संस्थानों की स्टॉल्स का अवलोकन किया, साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, स्वामित्व कार्ड, ट्राईसाइकिल एवं स्कूटी का वितरण किया। समारोह में राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार, माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक, सांसद श्री सीपी जोशी, विधायक श्री श्रीचंद कृपलानी, अर्जुन लाल जीनगर, श्री उदयलाल डांगी, श्री गोपाल शर्मा सहित मध्यप्रदेश के विधायकगण, अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# मिट्टी पर सीमेंट,गिट्टी डालकर बना दिया सीसी रोड

## पीसीसी और डब्लू एम एम, निर्माण किए बिना बना दिया ठेकेदार ने सीसी रोड , ऐसे हालातो पर सूत्रों से मिली जानकारी की मोटे कमीशन के खेल में हो जाता है पूरे काम का भुगतान, निर्माण कार्यों पर नगर पालिका में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** एक और, तो राज्य सरकार शहरी विकासीकरण के तहत पालिका को विकास के नाम अच्छा खासा बजट देकर आमजन को राहत पहुंचाने के प्रयास कर रही है तो वही देवली पालिका के विकास कार्यों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर बना हुआ है। आमजन के विकास कार्यों के नाम पर सरकार से आए सरकारी धन को ठिकाने लगाने की नियत पर देवली पालिका के अधिकारी ठेकेदार के साथ मिलकर नियम विरुद्ध सीसी रोड का निर्माण करवाने से बाज नहीं आ रहे हैं।ऐसा ही एक मामला फिर से सामने यह आया कि देवली पालिका के अधिकारी सुरेश कुमार मीणा शहर में करोड़ों के, खर्चे पर जगह-जगह सीसी रोड का निर्माण करवा रहे हैं । तो वहीं कार्य से



संबंधित ठेकेदार सीसी रोड के नियम कायदे कानून मापदंड को ताक में रखकर मनमानी तोर पर सीसी रोड का निर्माण कर रहा है। जहां सीसी रोड बनाए जाने के हेतु सबसे पहले बेस को मजबूत करने के लिए पीसीसी और डब्लू एम एम किया जाता है। इसके पश्चात 20 एम एम की गिट्टी काम मटेरियल बनाकर सीसी रोड का निर्माण किया जाता है ऐसे में अधिकारियों से मिली भगत करके ठेकेदार 40 एमएम की गिट्टी सीमेंट पीएससी या डब्लू एम एम किए बिना ही सीसी रोड बनाने के लिए सीधा 20 एमएम की गिट्टी डालकर रोड का निर्माण नियम के विरुद्ध करता दिखाई दिया है । ऐसे में रोड निर्माण में चल रहे ऐसे हालातो पर साफ तौर से बड़े भ्रष्टाचार की बू आ रही है। तो वहीं ऐसे बने हालातो से सरकारी धन का दुरुपयोग होना स्वाभाविक तौर पर दिखाई पड़ रहा है । सरकारी धन के दुरुपयोग में बनी मनमानी पर मिट्टी के ऊपर सीमेंट गिट्टी डालकर सीसी रोड का निर्माण यहां भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है । ऐसे हालात और इस मामले की जानकारी पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा को बराबर पहुंच रही है। बावजूद उसके भ्रष्टाचार युक्त उक्त कार्य नीति पर अधिकारी द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। यहां ठेकेदार की मनमानी का मामला यह भी सामने आया है कि देवली पालिका द्वारा शहर भर में सीसी रोड के निर्माण में ठेकेदार कहीं तो पूर्व में बने सीसी रोड को तोड़कर उक्त भ्रष्टाचार भरी नीति के तहत सीसी रोड बना रहा है तो कहीं पूर्व बने सीसी रोड को तोड़े बिना ही इस पर सीसी रोड का निर्माण कर इति श्री की जा रही है । ठेकेदार के द्वारा किए जा रहे ऐसे कार्यों की जानकारी कार्य से संबंधित सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता सहित अधिशासी अधिकारी को बखूबी प्राप्त है। बावजूद इसके उक्त अधिकारी सरकारी धन का हो रहा दुरुपयोग को रोकने में कोई दिलचस्पी नहीं दिख रहे हैं।ऐसे हालातो पर लोगों को आशंकाएं व्याप्त होती चली आ रही है कि कहीं ना कहीं मोटे कमीशन की बदनियति पर उक्त कार्य करवाए जा रहे है। जिसका खामियाजा सरकारी धन कोष को भुगतना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि शहर भर में चल रहे या हो चुके रोड निर्माण और भवन निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की परत दर परत चढ़ती चली जा रही है, जो जांच होने पर साफ तौर पर दिखाई दे सकती है। ऐसे में इस और जिला उच्च अधिकारी या स्थानीय प्रशासक रति भर भी ध्यान नहीं दे रहे हैं ।,ऐसे में स्थानीय लोगों का यह भी मानना है कि कहीं ना कहीं पूरे कुएं में ही भांग गुटी हुई है। शायद इसीलिए रोड एवं भवन निर्माण के नियम नीति की धज्जियां उड़ाई जा रही है ।

### ऐसे हालातो पर क्या कहते हैं अधिकारी

मैं मौके पर जाकर देखता हूं इसमें ठेकेदार ने डीएलसी इसी दर पर ली हुई है।

**सुरेश कुमार मीणा**
**अधिशासी अधिकारी ,नगरपालिका देवली**

# रात 9 बजे प्रोटोकॉल तोड़कर राष्ट्रपति से मिलने पहुंचे थे धनखड़, इस्तीफे को लेकर बड़ा खुलासा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रात करीब 9.25 बजे उपराष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी आधिकारिक घोषणा की। इस्तीफे के बाद से राजनीतिक गलियारों में अटकलों का दौर शुरू हो गया है। स्थिति की गंभीरता इस बात से स्पष्ट है कि उनके इस्तीफे को लेकर शुरू हुई चर्चाएँ अभी भी जारी हैं। 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए भारत के उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के इस्तीफे ने राजनीतिक अटकलों का दौर शुरू कर दिया है और राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। इसी बीच, एक अहम खुलासा हुआ है। धनखड़ सोमवार (21 जुलाई) देर रात 9 बजे राष्ट्रपति भवन पहुँचे। गौरतलब है कि राष्ट्रपति भवन में सभी गतिविधियाँ सख्त प्रोटोकॉल के तहत होती हैं और धनखड़ के अप्रत्याशित आगमन से सरकारी गलियारों में हलचल मच गई। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति को धनखड़ के अनिर्धारित दौरे की सूचना तुरंत दे दी गई। इसके बाद, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ आनन-फानन में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें धनखड़ ने अपना इस्तीफा सौंप दिया। रात करीब 9ः25 बजे उपराष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर इसकी आधिकारिक घोषणा की। इस्तीफे के बाद से राजनीतिक गलियारों में अटकलों का दौर शुरू हो गया है। स्थिति की गंभीरता इस बात से स्पष्ट है कि उनके इस्तीफे को लेकर शुरू हुई चर्चाएँ अभी भी जारी हैं।

# 30 बुलडोजर लेकर पहुंचे अधिकारी, भड़क उठे सीजेआई, कहा- विकास जरूरी, पर क्या रातोंरात...

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कार्यवाही के दौरान टिप्पणी की कि वे सतत विकास के पक्ष में तो हैं, लेकिन इस मामले में वनों की कटाई की प्रकृति और गति अस्वीकार्य है। मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान कहा कि मैं स्वयं सतत विकास का समर्थक हूं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप रातोंरात 30 बुलडोजर लगा दें और सारा जंगल साफ कर दें।

सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना के कांचा गाचीबोवली में वन भूमि को साफ करने के लिए बुलडोजर के इस्तेमाल पर तीखी असहमति जताते हुए कहा कि रातोंरात किए गए ऐसे कार्यों को सतत विकास के रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता। स्वत: संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही पीठ का नेतृत्व कर रहे भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कार्यवाही के दौरान टिप्पणी की कि वे सतत विकास के पक्ष में तो हैं,



लेकिन इस मामले में वनों की कटाई की प्रकृति और गति अस्वीकार्य है। मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान कहा कि मैं स्वयं सतत विकास का समर्थक हूं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप रातोंरात 30 बुलडोजर लगा दें और सारा जंगल साफ कर दें।

यह मामला तेलंगाना राज्य औद्योगिक अवसंरचना निगम द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना के विकास के लिए कांचा गाचीबोवली वन क्षेत्र में लगभग 400 एकड़ हरित क्षेत्र की कटाई से संबंधित है। कथित तौर पर एक लंबे सप्ताहांत में पेड़ों की तेज़ी से कटाई से व्यापक जन चिंता और न्यायिक हस्तक्षेप हुआ था। मामले में न्यायमित्र नियुक्त वरिष्ठ अधिवक्ता के. परमेश्वर ने न्यायालय को सूचित किया कि कुछ निजी हस्तक्षेपकर्ता राज्य सरकार के हलफनामे पर जवाब देना चाहते हैं। पीठ ने इन जवाबों के लिए समय देने पर सहमति व्यक्त की और मामले को 13 अगस्त को विस्तृत सुनवाई के लिए पुन: सूचीबद्ध कर दिया।

इससे पहले हुई एक सुनवाई में सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के अधिकारियों की कार्रवाई की कड़ी आलोचना की थी, उन्हें अवमानना की कार्यवाही की चेतावनी दी थी और यहाँ तक सुझाव दिया था कि अगर वे अदालत के आदेशों का पालन करने में विफल रहे, तो दोषी अधिकारियों को उस स्थान पर बनी अस्थायी जेलों में रखा जा सकता है। न्यायालय ने निर्देश दिया था कि स्थल पर यथास्थिति बहाल करना सर्वोच्च प्राथमिकता है और राज्य वन्यजीव वार्डन को वनों की कटाई से प्रभावित वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने को कहा था। उसने राज्य सरकार को केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति की स्थल निरीक्षण रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देने के लिए समय भी दिया और जंगल को उसकी पूर्व स्थिति में बहाल करने के लिए एक कार्य योजना प्रस्तुत करने का आदेश दिया।

# अहमदाबाद एयरपोर्ट पर टेकऑफ से पहले इंडिगो फ्लाइट में आग

बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद ( एजेंसी )।** फ्लाइट में 60 लोग पैसेंजर थे। जैसे ही विमान रनवे पर टेकऑफ की तैयारी कर रहा था, पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इमरजेंसी 'मेडे' कॉल भेजा और उड़ान को रोक दिया गया।यह हादसा सुबह करीब 11 बजे हुआ। इसके बाद तुरंत सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना की जांच जारी है।इससे एक दिन पहले मंगलवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर



हॉन्गकॉन्ग से आई एअर इंडिया फ्लाइट-315 में लैंडिंग के तुरंत बाद ऑक्सिलरी पावर यूनिट यूनिट में आग लग गई थी।ऑक्सिलरी पावर यूनिट प्लेन में सबसे पीछे उसकी टेल में होती है। वहां आग लगने से प्लेन की बॉडी को नुकसान पहुंच सकता है।

इससे पहले मंगलवार को ही दिल्ली से कोलकाता जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट में तकनीकी खराबी आ गई थी। खबर मिलने के बाद दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से प्लेन को उड़ान भरने से रोक दिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्लेन 160 यात्रियों को लेकर रनवे पर था और उड़ने ही वाला था। तभी खराबी का पता चला।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# राजस्थान में हाउसिंग बोर्ड की जमीनें महंगी हुईं

## जयपुर में सबसे ज्यादा कीमत; जोधपुर-उदयपुर में 9 प्रतिशत इजाफा; रिजर्व प्राइस 44 फीसदी तक बढ़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान हाउसिंग बोर्ड ने प्रदेश में अपनी बसाई तमाम कॉलोनियों की जमीनों की दरों में इजाफा कर दिया है। बोर्ड ने आरक्षित दरों (रिजर्व प्राइस) को 8 से लेकर 44 फीसदी तक बढ़ाया है। सबसे ज्यादा कीमतें राजधानी जयपुर में बढ़ाई है। जोधपुर, उदयपुर में जमीनों की दरों में 8 से 9 फीसदी तक बढ़ोतरी की है।राजस्थान हाउसिंग बोर्ड से जारी नई आरक्षित दर की सूची में सबसे ज्यादा कीमतें इस बार जयपुर की वाटिका स्कीम की बढ़ाई गई है। यहां पहले आवासीय आरक्षित दर 4,890 रुपए प्रति वर्गमीटर थी, जिसे 2,155 रुपए (करीब 44 फीसदी) बढ़ाकर अब 7,045 रुपए प्रतिवर्ग मीटर कर दिया।जयपुर में ही प्रताप नगर योजना में आरक्षित दर 19,465 रुपए से बढ़कर 23,870 रुपए (22.63 फीसदी बढ़ोतरी) कर दिया है। जयपुर में



ही अजमेर रोड स्थि?त महला आवासीय योजना में आरक्षित दरों को 2,620 रुपए से बढ़ाकर 3,555 रुपए (35.68 फीसदी बढ़ोतरी) कर दिया है।

**मानसरोवर, इंदिरा गांधी नगर में 23 फीसदी तक बढ़ाई**

जयपुर के मानसरोवर योजना में भी बोर्ड ने जमीनों की आरक्षित दरें 23 फीसदी तक बढ़ा दी। यहां आवासीय आरक्षित दर पहले 33,315 रुपए थी, जो अब बढ़कर 41,095 रुपए हो गई है। इसी तरह इंदिरा गांधी नगर जगतपुरा में भी 23 फीसदी तक दरों में इजाफा कर दिया है। यहां दरों को 19,395 से बढ़ाकर 23,850 रुपए प्रति वर्गमीटर कर दिया है।

**जोधपुर, अजमेर, अलवर, उदयपुर में 9 फीसदी तक बढ़ाई दरें**

बोर्ड प्रशासन ने जोधपुर, अजमेर, अलवर, उदयपुर, कोटा समेत अन्य शहरों में भी आरक्षित दरों में बढ़ोतरी की है। ये बढ़ोतरी 9 फीसदी तक की गई है। जोधपुर की बड़ली आवासीय योजना में आरक्षित दरें 4900 रुपए प्रति वर्गमीटर से बढ़ाकर 5320 रुपए कर दी है। इसी तरह कुड़ी भगतासनी फेज-2, विवेक विहार में योजना की दरों को 26,255 रुपए से बढ़ाकर 28,490 रुपए कर दी। चौपासनी योजना में भी आरक्षित दरें 22,385 रुपए से बढ़कर 24,290 रुपए कर दी है।

**उदयपुर-भिवाडी में भी रेट बढी**

उदयपुर की गोवर्धन विलास स्कीम और गोवर्धन विलास एक्सटेंशन योजना की दरें 21,370 रुपए से बढ़कर 23,190 रुपए प्रति वर्गमीटर कर दी है। वहीं अलवर की आवासीय योजना बी-10 में दरें 8.52 फीसदी तक बढ़ाई है। यहां पहले आवासीय आरक्षित दर 6800 रुपए थी, जो अब बढ़कर 7380 रुपए हो गई है।

इसी तरह भिवाड़ी की अरावली विहार योजना में 9250 रुपए से बढ़ाकर 10,040 रुपए कर दी। अजमेर की किशनगढ़ योजना में भी 8.52 फीसदी की बढ़ोतरी करते हुए योजना की दर 11,025 से बढ़कर 11,965 रुपए प्रति वर्गमीटर कर दी है।

**रजिस्ट्री पर पड़ेगा असर**

आवासीय आरक्षित दरों की बढ़ोतरी का सबसे ज्यादा असर मकानों की रजिस्ट्री करवाने वाले लोगों पर पड़ेगा। अब कोई व्यक्ति इन कॉलोनियों में मकान या कोई कॉमर्शियल संपत्ति खरीद-ब्रिकी करता है तो उसकी रजिस्ट्री करवाना महंगा होगा। इसके अलावा वाटिका, महला समेत अन्य स्कीम जिनमें भविष्य में आवासीय योजनाएं लानी प्रस्तावित है। उनमें अब लोगों को मकान महंगे मिलेंगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार